






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 65

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 16 दिसंबर, 2023


# राजस्थान में अब भजन लाल सरकार

## वसुंधरा ने भजनलाल के सिर पर हाथ रखाः सचिवालय पहुंचकर चार्ज दिलवाया, सीएम भजन लाल बोले, भावुक हूं, गहलोत के साथ भाजपा नेताओं ने किया हंसी-मजाक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर

भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। उनके साथ दो डिप्टी सीएम दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने भी शपथ ली है। तीनों को राज्यपाल कलराज मिश्र ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भजनलाल ने प्रधानमंत्री का अभिवादन किया तो मोदी ने उनकी पीठ थपथपाई। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत देर तक हंसी-मजाक करते रहे। शपथ के बाद भजनलाल ने कहा कि मैं भावुक और नतमस्तक हूं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का संकल्प सर्वोपरि है। राजस्थान को सर्वश्रेष्ठ, समृद्ध, और आत्मनिर्भर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसके बाद उन्होंने सचिवालय पहुंचकर पूजा-पाठ के साथ मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण करवाने के लिए उनके साथ प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे समेत कई केंद्रीय मंत्री सचिवालय पहुंचे थे। पदभार ग्रहण करने के बाद भजनलाल ने वसुंधरा राजे को मिठाई खिलाई, वहीं वसुंधरा ने भजनलाल के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। बैरवा और दीया कुमारी ने भी चार्ज संभाल लिया है। इधर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के ऑफिस में तीन आईएएस अफसरों की नियुक्ति के आदेश जारी हो गए हैं। टी रविकांत को मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव, आनंदी को सचिव और सौम्या झा को संयुक्त सचिव बनाया गया है। तीनों की नियुक्तियां अस्थायी तौर पर की हैं, तीनों अपने मौजूदा पदों पर भी काम करते रहेंगे।

### गहलोत भी पहुंचे, शेखावत-वसुंधरा के साथ की हंसी-मजाक

शपथ समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी पहुंचे। वे शपथ ग्रहण शुरू होने के करीब आधे घंटे पहले ही अल्बर्ट हॉल पहुंच गए थे। वे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और वसुंधरा राजे के साथ बैठे थे। तीनों देर तक हंसी-मजाक करते रहे। दो दिन पहले ही गजेंद्र सिंह की याचिका पर गहलोत के खिलाफ मानहानि का केस चलने का फैसला हुआ है।




### शपथ से पहले मां-बाप के पैर धोए

आज भजनलाल शर्मा का जन्मदिन भी है। उनके परिवार ने अपने अस्थायी ठिकाने चंबल पावर हाउस के गेस्ट हाउस में बर्थ डे सेलिब्रेट भी किया। पहले उन्होंने गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन किए, इसके बाद उन्होंने अपने माता-पिता के चरण धोकर उनका आशीर्वाद भी लिया। वहीं, मनोनीत डिप्टी ष्टरू प्रेमचंद बैरवा ने आज शपथ लेने से पहले मोती डूंगरी गणेश मंदिर में दर्शन किए और डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने भी गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन किए। भजनलाल पहले सीएम हैं, जिन्होंने अपने जन्मदिन पर शपथ ली है।

### शपथ में कौन-कौन शामिल हुआ

- **केंद्रीय मंत्रीः** अमित शाह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, प्रहलाद जोशी, अश्विनी वैष्णव, गजेन्द्र सिंह शेखावत, भूपेन्द्र यादव, हरदीप सिंह पुरी, अनुराग ठाकुर, अर्जुनराम मेघवाल, नित्यानंद राय, एसपी सिंह बघेल, मनसुख मांडविया।
- **मुख्यमंत्रीः** गुजरात के भूपेन्द्रभाई पटेल, मध्यप्रदेश के मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय, महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, अरुणाचल प्रदेश के पेमा खांडू, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, असम के हिमंता बिस्वा सरमा, गोवा के प्रमोद सांवत, त्रिपुरा के माणिक साहा और मणिपुर के एन बीरेन सिंह।
- **डिप्टी सीएमः** उत्तर प्रदेश के केशव प्रसाद मौर्या, अरुणाचल प्रदेश के चौना मीन और नगालैंड के यानथुंगो।

### शपथ के बाद हो सकती है कैबिनेट बैठक

- शपथ लेने के बाद सीएम भजनलाल शर्मा और दोनों डिप्टी सीएम सचिवालय जाकर पदभार ग्रहण करेंगे। माना जा रहा है कि सचिवालय में आज कैबिनेट बैठक भी हो सकती है, जिसमें मप्र और छत्तीसगढ़ की तर्ज पर धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर बैन करने, खुले में मांस बिक्री पर रोक लगाने को लेकर फैसला हो सकता है। इसके साथ ही पेट्रोल-डीजल के रेट पर भी कोई फैसला हो सकता है।

### बैरवा बोले, गहलोत सरकार की योजनाएं केवल नाम बदलने की थीं

डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने कामकाज संभालने के बाद कहा कि गहलोत सरकार की योजनाएं केवल दिखावे की थीं और केवल नाम बदलने वाली योजनाएं थीं। जनता ने पीएम मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है। हम मोदी सरकार की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाएंगे। मुख्यमंत्री भंवर लाल शर्मा परास्नातक हैं। उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी से 1993 में राजनीति में एमए किया है। वहीं, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लंदन के पार्सन्स आर्ट एंड डिजाइन स्कूल से फाइन आर्ट्स डेकोरेटिव पेंटिंग में डिप्लोमा किया है। इसी तरह दूसरे उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने 2010 में राजस्थान विश्वविद्यालय से पीएचडी की है।

### मुख्यमंत्री से ज्यादा अमीर हैं दोनों उप मुख्यमंत्री

जयपुर जिले की सांगानेर सीट से जीते मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पहली बार विधायक बने हैं। चुनावी हलफनामे में उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 1.46 करोड़ रुपये बताई है। भजन लाल शर्मा के ऊपर 35 लाख रुपये का कर्ज भी है। 52 साल की दिया कुमारी मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों में सबसे कम उम्र की हैं। वहीं, दूसरे उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा की उम्र 54 साल है। जयपुर जिले की विद्याधर नगर सीट से जीतीं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने चुनावी हलफनामे में 19.19 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति बताई है। दिया कुमारी के ऊपर कोई कर्ज नहीं है। इसी तरह दूसरे उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने अपने चुनावी हलफनामे में कुल 4.83 करोड़ रुपये की संपत्ति बताई है। बैरवा के ऊपर 98.05 लाख रुपये का कर्ज भी है।

### भजन लाल के पास दो, बैरवा के पास चार वाहन, दिया कुमारी बे 'कार'

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने चुनावी हलफनामे में बताया है कि उनके पास दो वाहन हैं। इनमें एक 2016 मॉडल की सफारी कार है। इसकी कीमत उन्होंने पांच लाख रुपये बताई है। मुख्यमंत्री के पास 2005 मॉडल की एक टीवीएस विक्टर मोटरसाइकिल भी है। इसकी कीमत उन्होंने 35 हजार रुपये बताई है। वहीं, उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने अपने पास चार वाहनों का जिक्र किया है। इनमें से दो वाहन प्रेम चंद बैरवा के नाम पर हैं। वहीं, दो वाहन उनकी पत्नी के नाम पर हैं।



# बीजेपी विधायक रामदुलार गोंड को 25 साल की जेल

जन एक्सप्रेस | सोनभद्र

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में दुद्धी सीट से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को किशोरी से दुष्कर्म मामले में सजा का एलान हो गया है। भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को कोर्ट ने 25 साल की कैद तथा 10 लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को मिलेगी।किशोरी से दुष्कर्म के मामले में सोनभद्र की एमपी-एमएलए कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है। नवंबर 2014 में म्योरपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था और आठ सालों की लंबी सुनवाई के बाद फैसला आया है। एमपी-एमएलए कोर्ट ने भाजपा विधायक रामदुलार गोंड के 25 वर्ष कैद और दस लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विधायक को किशोरी के साथ दुष्कर्म का दोषी पाया गया है। आठ साल तक चली लंबी कानूनी लड़ाई के बाद बृहस्पतिवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश एहसानुल्लह खां ने अर्थदंड की समूची राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा और विधायक समर्थकों को तगड़ा झटका लगा है। आदेश के बाद रामदुलार गोंड की विधायकी जानी तय मानी जा रही है। विधायक के अधिवक्ता ने फैसले को उच्च अदालत में चुनौती देने की बात कही है।

### दोषी ठहराए जाने के बाद बेटे ने दी पीड़ित परिवार को धमकी

12 दिसंबर को एमपी/एमएलए कोर्ट के विधायक को दोषी ठहराए जाने के बाद विधायक के बेटे ने पीड़ित परिवार को धमकी दी। पीड़ित के भाई ने बताया कि इसकी हमने सीएम पोर्टल में शिकायत दर्ज करवाई है। रामदुलार गोंड का घर हमारे गांव में ही है। 13 दिसंबर को उसका बेटा हमारे गांव आया और हत्या की धमकी देने लगा। वो कह रहा था कि घर उजाड़ देगा, आग लगा देगा। पूरा परिवार दहशत में हैं।

### पीड़िता के भाई ने जाहिर की खुशी, कहा न्याय मिला

एमपी-एमएलए कोर्ट से विधायक रामदुलार गोंड को सजा होने पर पीड़िता के भाई ने खुशी जाहिर की। सुनवाई के दौरान मंगलवार को आए पीड़िता के भाई जब इस संबंध में वार्ता की गई तो उनका कहना था कि अदालत के फैसले वे वह बेहद खुश है। नौ साल के संघर्ष के बाद आज उसे न्याय मिला है। बता दें कि पीड़िता के भाई की शिकायत पर ही नौ साल पहले रामदुलार गोंड के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था।

### 9 साल में 300 से ज्यादा बार तारीखें-सुनवाई

9 साल पहले जब विधायक ने रेप किया था, तब उसकी पत्नी गांव की प्रधान थी। उस दौरान रामदुलार की गिरफ्तारी हुई थी, लेकिन वह जमानत पर बाहर आ गया। मामला पहले पॉक्सो कोर्ट में था। 2022 में विधायक बनने के बाद यह मामला एमपी/एमएलए कोर्ट में शिफ्ट हो गया था।

# कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवादः मुस्लिम पक्षकारों को सुप्रीम कोर्ट से झटका, हाईकोर्ट के आदेश पर रोक से इनकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर विवाद में मुस्लिम पक्षकारों को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 14 दिसंबर को दिए फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। बता दें कि हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर का तीन अधिवक्ता आयुक्तों की टीम द्वारा सर्वे करने का आदेश दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को शाही ईदगाह विवाद से जुड़े 18 मामलों में से 17 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित शाही ईदगाह परिसर का सर्वे करने का निर्देश दिया। यह सर्वे अधिवक्ता आयुक्तों की टीम करेगी। हालांकि सर्वे कब शुरू होगा, इसकी तारीख आनी अभी बाकी है। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्षकारों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था और हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट 9 जनवरी को इस मामले पर सुनवाई करेगा। हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही ईदगाह मस्जिद में मंदिर होने के प्रमाण मौजूद हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और वादी अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह का दावा है कि शाही ईदगाह मस्जिद की दीवारों पर कमल पुष्प, ओम और शेषनाग की आकृति मौजूद है और ये आकृतियां सनातन धर्म की प्रतीक हैं।

### 18 दिसंबर को फिर सुनवाई करेगा हाईकोर्ट

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर की 13.37 एकड़ जमीन को लेकर विवाद है। इस जमीन का कमिश्नर सर्वे वाराणसी की ज्ञानवापी परिसर की तरह होगा। अधिवक्ता आयुक्तों की टीम विवादित परिसर में जाकर सबूत जुटाएगी और कोर्ट को अपनी रिपोर्ट देगी। हाईकोर्ट 18 दिसंबर को इस मामले पर फिर सुनवाई करेगा, जिसमें सर्वे के तरीके, सर्वे करने वाली टीम के सदस्यों के नाम, सर्वे कब होगा और सर्वे की फोटो और वीडियोग्राफी कैसे होगी? इस पर निर्देश दिए जाएंगे।

# रुंगटा को धमकी देने के मामले में मुख्तार दोषी करार, पांच साल छह माह की सजा

✻ फैसला अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम/एमपी एमएलए अदालत के प्रभारी उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत ने सुनाया

जन एक्सप्रेस | वाराणसी



कोयला व्यवसायी नंद किशोर रुंगटा के भाई महावीर प्रसाद रुंगटा को धमकाने के मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। कोर्ट ने मुख्तार को पांच साल छह माह की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न देने पर दो माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होंगी। फैसला अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम/एमपी एमएलए अदालत के प्रभारी उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत ने सुनाया। सुनवाई के दौरान संयुक्त निदेशक अभियोजन हरकिशोर सिंह और वादी के अधिवक्ता विधानचंद यादव और ओपी सिंह ने अभियोजन का पक्ष रखा। बांदा जेल में बंद मुख्तार के हस्ताक्षर के बाद फैसला बाहर आएगा। बता दें कि रुंगटा को धमकी देने के मामले में गुरुवार को आरोपी मुख्तार अंसारी का बयान अदालत में दर्ज किया गया। बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश हुआ। विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत में विचाराधीन इस मामले में अदालत द्वारा जो सवाल पूछा गया, मुख्तार अंसारी ने उसका जवाब दिया। अदालत ने अगली सुनवाई और आरोपी का लिखित कथन दाखिल करने के लिए 17 अगस्त की तिथि नियत की है।

### यह है मामला

रवींद्रपुरी कॉलोनी निवासी कोयला व्यवसायी नंद किशोर रुंगटा का 22 जनवरी 1997 को अपहरण किया गया था। इस मुकदमे की विवेचना के बीच पांच नवंबर 1997 की शाम नंद किशोर रुंगटा के भाई महावीर प्रसाद रुंगटा को फोन कर धमकी दी गई कि अपहरण कांड की पैरवी न करें, नहीं तो बम से उड़ा दिया जाएगा। इस मामले में एक दिसंबर 1997 को भेलूपुर थाने में मुख्तार अंसारी के खिलाफ धमकाने का मुकदमा दर्ज किया गया था।

### मुख्तार ने सफाई में आरोप बताए षड़यंत्र

वाराणसी एमपी-एमएलए कोर्ट में पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी ने पिछली तारीख पर अपनी सफाई गवाही दी थी। इसमें बताया कि यह आरोप सरासर गलत है, मैने कोई धमकी नहीं दी। मेरे ऊपर लगाए गए सभी आरोपों से इनकार करता हूं। इसके बाद इस मामले गवाहों और विवेचक के बयानों का जिक्र करते हुए कुल दस सवाल किए गए। इनके जवाब में मुख्तार ने अपने ऊपर लगाए सभी आरोपों से इनकार किया।

### ड्राइवर की गवाही बनी मजबूत आधार

मुकदमे में सातवें गवाह केरल निवासी ड्राइवर एमवी साजन को बहुत प्रयास के बाद भी अभियोजन पक्ष पेश नहीं कर सका। इस पर कोर्ट ने अभियोजन का अवसर समाप्त कर अग्रिम कार्रवाई का आदेश दिया। इस आदेश के खिलाफ अभियोजन पक्ष ने विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत में निगरानी याचिका दायर की।


## कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** विधायक रविदास मेहरोत्रा ने सदन में उठाया था मामला, इसके बाद जारी हुए विधानसभा अध्यक्ष के निर्देशों का नहीं हो रहा पालन

# विधानसभा अध्यक्ष और सदन की भी नहीं सुन रहे मंडी परिषद के अफसर!

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

✻ इससे आजिज आकर विधायक रविदास मेहरोत्रा ने शासन को पत्र भेजकर नियुक्ति और पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है

✻ इससे पहले भी विधायक ने मण्डी परिषद् में व्याप्त भ्रष्टाचार व नियम विरूद्ध किये जा रही पदोन्नति के सम्बन्ध में 20 से अधिक पत्र लिखे हैं

✻ कोई सुनवाई न होने पर विधायक को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठाना पड़ा था मामला

**लखनऊ।** मंडी परिषद में नियुक्ति और पदोन्नति में नियम कानून सस्ताह पर रख दिए गए हैं। शीर्ष अफसर इस कदर मनमानी पर आमादा हैं कि वह विधानसभा अध्यक्ष और विधानसभा सदन के निर्देशों का भी पालन नहीं कर रहे। इससे आजिज आकर विधायक रविदास मेहरोत्रा ने शासन को पत्र भेजकर नियुक्ति और पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है। विधायक मेहरोत्रा के अनुसार राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद् में व्याप्त भ्रष्टाचार व नियम विरूद्ध किये जा रही पदोन्नति के सम्बन्ध में 20 से अधिक पत्र लिखे हैं इसके बावजूद कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई। तब उन्होंने उ0प्र0 विधानसभा वर्ष 2023 के शीतकालीन सत्र में दिनांक 29.11.2023 को नियम 51 व 1.12.2023 को नियम-301 के अन्तर्गत सदन उ0प्र0 विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2023 को सूचना दी जिसे अध्यक्ष विधानसभा ने स्वीकृत करते हुए पीठ द्वारा शासन का ध्यान आकृष्ट कराने व 30 दिनों में समुचित कार्यवाही के लिये निर्देश जारी किया।



### तत्काल प्रभाव से रोक दी जाएं नियुक्ति



रविदास मेहरोत्रा पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक

विधायक मेहरोत्रा ने मांग की है कि विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश के क्रम में जब तक उपरोक्त नियम 61 व नियम-301 की नोटिसों का जवाब विधानसभा को प्राप्त नहीं हो जाता है तब तक राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0 के उक्त किसी भी श्रेणी की पदोन्नति को तत्काल प्रभाव से रोक दें।




### मनाही के बाद भी विशेष सचिव ने मंडी परिषद के निदेशक को लिखा पत्र

विधायक रविदास मेहरोत्रा के अनुसार अध्यक्ष चयन समिति / विशेष सचिव कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार, अनुभाग-01, उ0प्र0 शासन, लखनऊ दिनांक 15.12.2023 और दिनांक 22.12.2023 को श्रेणी-3 ग्रेड एक से सचिव श्रेणी दो के पदों एवं समूह क एवं ख के पदों की पदोन्नति करने हेतु निदेशक मण्डी परिषद् को पत्र लिखा है जो विधानसभा अध्यक्ष के निर्देशों के साथ ही सदन की भी अवहेलना है।

# जिलाधिकारी ने की 50 लाख से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में शुक्रवार को 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों एवं रुर्वन मिशन के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने अन्तर्राज्यीय, अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर दो लेन एवं चार लेन मार्ग पर गेट एवं प्रकाश व्यवस्था, सेतुओं के निर्माण, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरगढ़ का निर्माण, सर्किट हाउस का निर्माण, नवीन थाना सरधुआ, विकास भवन का निर्माण, ट्रांसिट हॉस्टल का निर्माण, राजकीय पॉलिटेक्निक मानिकपुर, ड्रग वेयर हाउस, नगर पंचायत भवन मऊ का निर्माण, नवीन संकेत जूनियर हाई स्कूल का निर्माण, पर्यटन विकास कार्य, राजकीय आईटीआई, परिक्रमा मार्ग का पर्यटन विकास, पथ प्रकाश व्यवस्था, वाल्मीकि आश्रम में सांस्कृतिक केन्द्र भवन निर्माण, जिला चिकित्सालय में अग्निशमन व्यवस्था, चौपड़ा तालाब का सौन्दर्यीकरण, भरतकूप मंदिर पर फसाद लाइट, श्री राम वाटिका इको पार्क गणेश बाग, तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर के पर्यटन विकास कार्य, ऋशियन आश्रम दशरथ घाट का पर्यटन विकास, राजकीय इण्टर कॉलिज अशोह का निर्माण, मारकुंडी, रैपुरा, पहाड़ी, बहिलपुरवा, कोतवाली कर्वी, बरगढ़, मानिकपुर, पुलिस लाइन आदि स्थानों में बैरक एवं हॉस्टल निर्माण, रेस्क्यू सेंटर का निर्माण, तुलसी वॉटरफॉल का पर्यटन विकास, नवीन थाना भरतकूप के आवासीय अनवासीय निर्माण कार्य, गोवंश बिहार ऐलहा बढ़ैया, बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल आदि विभिन्न निर्माण कार्यों की सम्बन्धित कार्यदाई संस्थाओं के साथ बिन्दुवार समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में जो भी निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, उसमें शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए।

उन्होंने कहा कि जिन कार्यदाई संस्थाओं के कार्यों की अभी तक सीएमआईएस पर फीडिंग नहीं हुई है। एक सप्ताह के अंदर कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने रुर्वन मिशन के निर्माण कार्यों पर कहा कि जो कार्य शेष रह गए हैं, उसको तत्काल पूर्ण कराकर सम्बन्धित विभागों को हैंड ओवर कराया जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, पुलिस क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजकमल, जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुधीर कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, निर्माण खंड कृष्ण कुमार, आवास विकास विकास कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी डी विश्वकर्मा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग लड़की के साथ दुराचार के आरोपी को 10 साल का कारावास

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

नाबालिक लड़की को घर से बरगला कर ले जाने एवं दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 40 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 4 जनवरी 2019 को एक महिला ने मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार मऊ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बरिया गांव का निवासी राज पाण्डेय पुत्र रज्जन उसकी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर घर से भगा ले गया और उसके साथ दुराचार किया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया। साथ ही 10 जनवरी 2019 को आरोपी को गिरफ्तार किया था और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी राज पाण्डेय को 10 वर्ष कठोर कारावास के साथ 40 हजार रूपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

# एमपी के डिप्टी सीएम ने सियाराम कुटीर पहुंचकर नानाजी को दी श्रद्धांजलि



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

नानाजी अक्सर कहा करते थे जिस दिन गांव जाग जाएंगे, उस दिन दुनिया जाग जाएगी। वह ऐसा अपने राजनीतिक अनुभव, सामाजिक दृष्टिकोण से कहा करते थे। उन्होंने कहा ही नहीं करके भी दिखाया। श्रद्धेय नानाजी अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन विचार के रूप में वह आज भी हमारे बीच मौजूद हैं। यह अवसर था भारत रत्न नानाजी देशमुख के चित्रकूट स्थित आवास सियाराम कुटीर का, जहां मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला शपथ के बाद अपने प्रथम चित्रकूट आगमन पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे और उनके साथ बिताए पलों को याद करके भाव विभोर हो उठे। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन की अनुपस्थिति में दीनदयाल शोध संस्थान के उप महाप्रबंधक डॉ अनिल जायसवाल ने डिप्टी सीएम का शाल, श्रीफल एवं वैजयंती माला से अभिनन्दन किया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला नानाजी के कक्ष में पहुंचकर उनको श्रद्धा पुष्प अर्पित किए और कुछ देर नानाजी के कक्ष में ही बैठकर नानाजी के साथ बिताए पलों को याद करते हुए अपनी चिर-स्मृतियां साझा किए। उन्होंने बताया कि नानाजी के जीवन से उन्हें लगातार राष्ट्र सेवा की प्रेरणा मिलती रही है।

# हिन्दू वादी संगठनों ने पूरे उत्साह के साथ निकाली भव्य शोभा यात्रा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट





श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति, विश्व हिन्दू परिषद, गायत्री शक्तिपीठ महिला मण्डल, दुर्गा वाहिनी समेत विभिन्न हिन्दू वादी संगठनों ने शुक्रवार को नगर में विशाल शोभा यात्रा निकालकर भ्रमण किया। शोभा यात्रा के संघ कार्यालय पहुंचने पर अक्षत कलश की स्थापना मंत्रों के साथ करने के बाद श्रीरामचरित मानस पाठ शुरू किया गया। शनिवार को पाठ समापन के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति व विश्व हिन्दू परिषद ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय से शोभा यात्रा निकाली। बैण्ड बाजों और भगवान श्रीराम की झांकियों से सजी शोभा यात्रा चित्रकूट इण्टर कॉजेल से निकलने के बाद संघ के जिला कार्यालय केशवकुंज तक पहुंची। यहां अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ, भजन संकीर्तन एवं अखण्ड दण्ड प्रहार का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक पुनीत ने बताया कि धर्म व समाज की रक्षा के लिए संघ स्वयं सेवक अनवरत काम कर रहे हैं। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मन्दिर भूतल के गर्भ गृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। राष्ट्रभक्ति व प्रभु श्रीराम के काज में हिन्दू समाज को सम्बल देते हुए इस राष्ट्र के परम वैभवी स्वरूप की सिद्धता में सभी लोग सहयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में आज श्रीराम मन्दिर पूजित अक्षत कलश विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी है।

विहिप के जिला संगठन मंत्री ऋषभ ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मन्दिर में पूजा अर्चना शुरू होने के साथ ही क्षेत्र के प्रत्येक खण्ड प्रखण्ड, ग्राम स्तर पर बने मन्दिरों में विहिप कार्यकर्ता पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन का कार्य करेंगे। गायत्री शक्ति पीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि पूरे समाज के लिए उत्सव का अवसर है। बच्चे, बूढे, जवान और महिलाओं में उत्साह नजर आ रहा है।

इस मौके पर संत मदन गोपाल दास, महंत दिव्य जीवन दास, विहिप जिलाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिवेदी, विहिप के विभाग समरसता प्रमुख रामचरण तिवारी, रामाधार शुक्ला, संघ के नगर कार्यवाह विजय किशोर, विहिप के सह जिला संयोजक अव्यय गौतम, शिवेन्द्र सिंह, अंजनी शुक्ला, रवि करवरिया आदि मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक सिमौनी धाम मेला का आयुक्त और जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । बांदा



आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने शुक्रवार को सिमौनी धाम मेला में आयोजित बृहद किसान मेला/गोष्ठी/प्रदर्शनी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार प्रदर्शनी और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से सम्बन्धित प्रदर्शनी एवं ई-डिजिटल गर्वनेन्स प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने वृहद किसान मेला/प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बडी संख्या में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषि विभाग द्वारा ग्रामीण अंचल में लगायी गई यह प्रदर्शनी सीधे ग्रामीणों को कृषि से सम्बन्धित जानकारी देने के लिए अति उपयोगी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय बढाने हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके अन्तर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि योजना के अन्तर्गत 15वीं किश्त की धनराशि किसानों दिये जाने के साथ उन्नतशील बीज वितरण एवं उत्पादकता बढाने हेतु समय-समय पर सिंचाई एवं उर्वरकों की उपलब्धता करा रही है। उन्होंने किसानों से कहा कि वह आर्गेनिक खेती की ओर आगे बढे। उन्होंने मोटे अनाज की खेती को अधिक से अधिक किसानों को करने के लिए प्रेरित किया, इसके साथ ही उन्होंने किसानों से कहा कि वह अपनी जमीन की मृदा परीक्षण अवश्य करायें। उन्होंने फसलों की सिंचाई के लिए स्प्रिंक्लर विधि से सिंचाई करने के लिए कहा, जिसमें कम पानी में अधिक फसलों की सिंचाई की जा सकती है। उन्होंने किसानों से कहा कि कृषि विश्व विद्यालय से आये हुए कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा दी जा रही जानकारी को प्राप्त उनका लाभ लेते हुए फसलों की उत्पादकता बढायें, जिससे किसानों की आय बढेगी। आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने साइंस विजन के अन्तर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार प्रदर्शनी का गहनता से निरीक्षण किया, इस प्रदर्शनी के द्वारा खाद्य पदार्थों मे मिलावट की जांच, एग्रोफार्मिंग, गणित से सरल उपयोग, जल परीक्षण एवं गुणवत्ता जागरूकता, हाइड्रोपोनिक्स तथा साइंस मॉडल एक्स्पो का अवलोकन करते हुए लोगों को विज्ञान एवं तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ई-डिस्ट्रिक गवर्नेश प्रदर्शनी के माध्यम से ऑनलाइन संचालित योजनाओं के बारे में तथा डिजीलाकर बनवाये जाने, मतदाता जागरूकता के द्वारा मतदाता बनने हेतु पंजीकरण की सुविधा प्राप्त करने की सुविधा प्रदर्शनी में दी जा रही है, जिसका लाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी वेदप्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, उप जिलाधिकारी बबेरू नमन मेहता, संयुक्त निदेशक कृषि एवं उप निदेशक कृषि, कृषि वैज्ञानिक डॉ0 देव कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर घर में घुसा, चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** ट्राली में भरे बोल्डर उतारने के बाद गुरुवार की रात को वापस घर आते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाडर से टकरा गया। अनियंत्रित ट्रैक्टर नजदीक बने घर में घुस गया। इसमें चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे सीएचसी नरैनी ले जाया गया, वहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव निवासी बबलू (22) पुत्र देवीदीन ट्राली में लदे बोल्डर खाली करने के लिए गुढ़ाकलां गांव गया था। वहां से बोल्डर उतारने के बाद गुरुवार की रात को वह ट्रैक्टर-ट्राली लेकर वापस घर लौट रहा था, तभी बरछा बैरियर के पास सामने से आ रहे मवेशी को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर डिवाइडर से टकराने के बाद नजदीक बने घर में जा घुसा। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक बबलू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी में भर्ती कराया गया, वहां पर उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# अनियमित जमा योजना पाबंदी कानून के तहत जमाकर्ता का जल्द हो भुगतान


जन एक्सप्रेस । बांदा



अनियमित जमा योजना पाबंदी कानून बड्स एक्ट-2019 के तहत कम्पनियों में जमा आवेदकों की धन वापसी भुगतान को लेकर सैकडों लोगों ने आयुक्त को ज्ञापन देकर भेजे गये आवेदकों पर कार्यवाही करके भुगतान करने की मांग की है। ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार के राष्ट्रीय संयोजक एवं संस्थापक मदनलाल आजाद के नेतृत्व में बांदा महोबा, चित्रकूट व हमीरपुर से आये तमाम आवेदकों ने आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल को दिये ज्ञापन में मांग की है कि 2019 में सांसद द्वारा ठगी पीडितों का भुगतान करने के लिये बनाये गये कानून अनियमित जमा योजना पाबंदी कानून बड्स एक्ट-2019 के तहत राज्य सरकार द्वारा अधिकारिकता क्षेत्र में सहायक सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया है जिसके तहत आपके कार्यालय में कुछ दिन पीडितों के आवेदन लिये गये लेकिन अब आवेदन लेना बन्द कर दिया गया है। जमा आवेदन पत्रों का भुगतान हेतु उचित कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी कार्यालय को भेज दिये गये थे जिन पर अभी तक जिलाधिकारी कार्यालय से आवेदकों का कोई बयान नहीं लिया गया है और न ही शपथ पत्र और नोटिस दिया गया है। जमाकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा है कि यह कानून का उल्लंघन है मांग की है कि सरकार द्वारा बनाये गये भुगतान कानून का पालन नहीं किया जा रहा है और भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। दिये गये ज्ञापन में आयुक्त से मांग करते हुये ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार ने कहा कि उ0प्र0 शासन ने वित्त विभाग भारत सरकार को पत्र भेजकर सूचित किया है कि जमाकर्ताओं के भुगतान के अधिकार की गारंटी के कानून बड्स एक्ट-2019 को प्रदेश में लागू करते हुये इसके लिये विशेष अदालतों सक्षम एवं सहायक अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है और राज्य ने नियमावली तय कर दी है लेकिन अभी तक जमाकर्ताओं के भुगतान की कार्यवाही नहीं की गयी है। ज्ञापन देने में श्यामचन्द्र गुप्ता, राष्ट्रीय महासचिव दिलीप कुमार एडवोकेट, कमलेश कुमार, संदीप कुमार, बच्चीलाल प्रजापति, दुर्गाप्रसाद साहू, बृजलाल, सूरजदीन विश्वकर्मा, विनय कुमार, शिवराम, सभाजीत, श्रीराम प्रजापति, राजकिशोर गुप्ता सहित सैकडों लोग मौजूद रहे।

# मोरम वाहनों से जिला पंचायत के नाम पर हो रही अवैध वसूली, प्रशासन मौन

जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर




किशनपुर थाना क्षेत्र में मझगवां खदान का संचालन शुरू होते ही माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे में कथित जिला पंचायत का बैरियर लगाकर वाहनों से अवैध वसूली कर रहे हैं। वसूली का विरोध करने वाले वाहन चालकों से अभद्रता किया जाता है। सब कुछ जानने के बावजूद पुलिस एवं प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा हैं।

थाना क्षेत्र स्थित संचालित हो रहे मझगवां खदान से रात के अंधेरे में ओवरलोड वाहन निकलते हैं। वहां से निकलने वाले वाहनों को जिला पंचायत की एक्सपायरी डेट की पर्ची देकर अवैध वसूली का खेल शुरू हो गया है। इस गोरखधंधे में शामिल लोग लाखों रुपए के वारे-न्यारे कर रहे हैं। प्रशासनिक अमला इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। अवैध वसूली के खेल पर वाहन चालकों ने नाराजगी का इजहार भी किया है। यदि इसी तरह अवैध वसूली चलती रही तो किसी दिन अनहोनी से भी इंकार नहीं किया जा सकता। उधर इस विषय में खनन अधिकारी रंजन राज ने बताया कि इस मामले की जानकारी नही है। फिलहाल ऐसे वसूली होना उचित नहीं है। यदि वसूली हो रही है तो इसकी जांच कराकर वसूली करने वालों के खिलाफ कार्यवायी किया जाएगा।

# शिक्षिका का स्कूल जाते वक्त हुआ अपहरण, जबरन शादी करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

सदर कोतवाली क्षेत्र मे स्कूल जा रही शिक्षिका का अपहरण कर लिया गया। परिजनो ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। परिजनो ने आरोपी युवक पर परिवार के साथ योजनाबद्ध तरीके से अपहरण कर जबरन शादी करने का आरोप लगा रहे है। अनहोनी की आशंका पर पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के निवासी पीड़िता के पिता के अनुसार जिला न्यायालय में अर्दली के पद पर कार्यरत है। बेटी शहर के एक इंटर कॉलेज में टीचर है। बेटी 11 दिसंबर की सुबह करीब 8:30 बजे घर से कॉलेज के लिए निकली थी। जब बेटी शाम तक घर वापस घर नहीं लौटी तो परिजनों ने शिक्षिका के मोबाइल पर फोन किया तो स्विच ऑफ मिला।

इस पर परिजन बेटी की तलाश में निकले लेकिन कुछ पता नही चला। पिता घर लौटे तो पत्नी ने बताया कि कृष्ण बिहारी नगर निवासी संदीप सोनी का कुछ दिन पहले शिक्षिका की मां के पास धमकी भरा फोन आया था। कॉल के दौरान संदीप ने कहा था कि तुम्हारी बेटी को अगवा कर जबरन उसके साथ शादी कर लूंगा। इतना ही नहीं आरोपी संदीप ने कहा कि मेरे पिता दयाशंकर सोनी, मां चुन्नी देवी, बहन संजना, रंजना और पूनम देवी तुम्हारी बेटी से शादी करने में धन और बल सभी तरह से मदद के लिए तैयार है। बेटी को दे दो वरना हम सब लोग मिलकर तुम्हारी बेटी को उठा ले जाएंगे। तब शिक्षिका की मां ने पति से यह बातें नहीं बताई। 11 दिसंबर को शाम तक कॉलेज से बेटी के वापस न आने पर महिला ने पति को इसकी जानकारी दिया।

पिता ने शिक्षिका बेटी के जान का खतरा बताते हुए शाम को कोतवाली पहुंच कर उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दिया है। सदर कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि सभी छह आरोपियों पर अपहरण के साथ 120बी की धारा में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच किया जा रहा है।

# सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम में 127 जोड़ों ने लिये सात फेरे



जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर

ऐरायां विकास खण्ड परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे इसमें 127 जोड़ों का सामूहिक वैवाहिक संस्कार कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन विगत कई दिनो से किया जा रहा था। सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम मे क्षेत्रीय विधायक सहित अनेक गणमान्य लो उपस्थित रहे और नव दम्पत्तियो को उपहार देकर अशिर्वाद दिया। सुबह से ही विकास खण्ड कार्यालय को सजाया गया था और वैवाहिक कार्यक्रम समलित होने के लिए युवक-यवतियॉ अपने परिजनो के साथ आना शुरु हो गया था। जिसमे ब्लॉक ऐरायां के 45 जोड़ो, ब्लॉक हथगाम के 55 जोड़ो, नगर पंचायत खागा से 22 जोड़े और नगर पंचायत हथगाम से 5 जोड़ो ने एक दूजे को वरमाला पहनाई और अग्नि साक्षी मानकर सात फेरे लिये। वही सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम मे वर-वधू के साथ ही उनके परिजनों रिस्तेदारो ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम मे प्रशासन द्वारा समारोह को भव्यता पूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पहले से ही आवश्यक तैयारियां पूरी किया गया था।

विवाह के बाद नव दंपतियों को शासन द्वारा निर्धारित उपहार देकर विदा किया गया। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख अनुज प्रताप सिंह, खागा नगर पंचायत अध्यक्षा गीता सिंह सहित बडी सख्या मे गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गरीब जनता व महिलाओं को रोजगार का लालच देकर रुपये वसूलने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में थाना मारकुण्डी एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा गरीब जनता व महिलाओं को रोजगार का लालच देकर कूटरचित दस्तावेज दिखाकर जालसाजी कर लाखों रुपए वसुलने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है बीते गुरूवार को थाना मारकुण्डी में प्रहलाद विश्वकर्मा पुत्र शिव प्रसाद निवासी डोडामाफी ने आरोपियों द्वारा गरीब जनता व महिलाओं को रोजगार का लालच देकर कूटरचित दस्तावेज दिखाकर जालसाजी कर लाखों रुपए वसूलने वालों के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर थाना मारकुण्डी में श्याम महतो पुत्र महेन्द्र महतो निवासी रीगापिपरा थाना रीगा जनपद सीतामणि, बिहार, अरविन्द्र रजक पुत्र शंकर रजक निवासी विशुनपुर थाना टढवा, अनिल रजक पुत्र अगनू निवासी खुजरी टीका व कमल पासवान पुत्र त्रिवेणी पासवान निवासी बेगाही थाना टढवा जनपद औरंगाबाद, बिहार के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष मारकुण्डी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में सम्बन्धित चारो आरोपियों को मजरा दीपू कोलान ग्राम किहुनिया से मारकुण्डी पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चार आधार कार्ड, एक एटीएम कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेन्स, 80 बिजटिंग कार्ड, चार मोबाइल फोन व कुल 59,100 रुपये नगद बरामद हुआ। पूंछतांछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग कई दिनों से मारकुण्डी क्षेत्र के कई गाँव में घूम कर मोगरा अगरबत्ती में रोजगार देने के नाम पर प्रति व्यक्ति का 600 रुपये में रजिस्ट्रेशन कर उन्हे एक प्लास्टिक की चटाई यह कहकर देते थे कि इसी पर माल रखकर मोगरा अगरबत्ती की पैकेजिंग करनी है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं, किन्तु बर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 24.2 (-0.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 8.0 (-1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 92 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 48 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# के.डी.एः राकेश रावत के खिलाफ विजिलेंस जांच, अधिकारियों के लिए साबित हो रही छछूंदर

* विजिलेंस जांच अधिकारियों की चहल कदमी से प्राधिकरण में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। शहर की दशा और दिशा बदलकर विकास करने का दावा करने वाले विभाग कानपुर विकास प्राधिकरण के कुछ अधिकारी पूर्व में तैनात रहे एक बड़का साहब के कारण एक भंवर जाल में फंस चुके हैं, पहले वाले बड़े अधिकारी जो बीज बोकर गए थे अब वह बीज कहीं ना कहीं वर्तमान में तैनात कुछ अधिकारियों के लिए छछूंदर साबित हो रहा है जो ना तो निगलते बन रहा और ना उगलते बन रहा है, और यह सब तब हो रहा है जब एक मामले की जॉच को लेकर प्राधिकरण के अंदर विजिलेंस के जांच अधिकारियों की चलकदमी शुरू हुई है। आपको बताते चलें कि पूर्व में कानपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर तैनात रहे आईएएस अरविंद कुमार सिंह ने एक कर्मचारी के विरुद्ध बड़े गंभीर आरोप लगाते हुए शासन स्तर पर विजिलेंस से जांच कराने के लिए पत्र लिखा था, पत्र एक आईएएस अधिकारी और विभाग के मुखिया के द्वारा लिखा गया था इसलिए शासन ने उसे पत्र पर संज्ञान लिया और जांच विजिलेंस को मिल गई, चूंकि विजिलेंस अपने स्तर पर पहले मामले को खूब देख परख लेती है उसके बाद ही अपनी रिपोर्ट शासन को देती है क्योंकि उसे मुकदमा दर्ज कराने के बाद साक्ष्य भी पेश करने होते हैं, सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार विजिलेंस जॉच अधिकारी कुछ अधिकारियों से साक्ष्य और बयान मांग रहे हैं लेकिन जो अधिकारी हैं वह विजिलेंस को ना ही तो बयान दे रहे हैं और ना ही कोई साक्ष्य उपलब्ध करा रहे हैं, प्राधिकरण में तैनात कुछ ऐसे अधिकारी और कर्मचारी भी हैं जो किसी पचड़े में नहीं पढ़ते हैं, उनके द्वारा नाम न छापने की शर्त पर दबी जुबान में बताया गया कि बड़का साहब के रहते सभी सीना चौड़ा करके ईमानदार कर्मचारी के पीछे पड़ गए थे, उस कर्मचारी को अपनी नौकरी से हाथ भी धोना पड़ा लेकिन अब जब वह बड़का साहब नहीं है और जो आरोप लगाकर शासन को पत्र लिखा गया था उस संबंध में विजिलेंस अधिकारियों द्वारा नोटिस भेज कर जवाब के साथ एविडेंस मांगे जा रहे हैं तो यह सभी जांच अधिकारियों को टरका रहे हैं, गले की फांस यह भी बनी है की जांच अधिकारी उन्हें विजिलेंस के ऑफिस में आकर बयान देने के लिए कह रहे हैं तो सब अपने को राजपत्रित अधिकारी का हवाला देकर खुद को मामले से हटाने में लगे हैं।




### विजिलेंस मांग रही सबूत, जिम्मेदार अधिकारी काट रहे किनारा

शासन स्तर पर आदेश होने के बाद मामला जब विजिलेंस टीम के पास आया तो उसके जांच अधिकारियों ने कानपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से साक्ष्य और उनके बयान मांगने आरंभ कर दिए, लेकिन विजिलेंस के जांच अधिकारियों को प्राधिकरण के अधिकारी ना ही तो अपना बयान दर्ज कर रहे हैं और ना ही तो साक्ष्य दे रहे हैं, प्राधिकरण के ही विश्वसनीय सूत्रों की माने तो विजिलेंस के जांच अधिकारी बड़ा हताश हैं क्योंकि जो आरोप राकेश रावत पर लगे हैं जिनमें रावत के द्वारा अर्जित की गई आय से अधिक संपत्ति का ब्योरा , बैंकों की चेकों को कैश कराने, फर्जी रजिस्ट्री गिरोह को संरक्षण प्रदान करने, दि लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के प्रकरण, घाटमपुर में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता का प्रचार करने, समेत कई मामलों में कुछ भी विजिलेंस को उपलब्ध नहीं कर पा रहे हैं। *शेष जारी..*

### फर्जी रजिस्ट्री गैंग के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले राकेश रावत के खिलाफ है विजिलेंस जॉच



विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर विकास प्राधिकरण में सर्वेयर के पद पर तैनात रहे राकेश रावत नाम के व्यक्ति के द्वारा केडीए में फर्जीवाड़ा करके रजिस्ट्री करने वाले गैंग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उच्च अधिकारियों के साथ-साथ शासन स्तर पर शिकायतें की गई थी इस मामले में अगर बड़े स्तर पर जांच होती तो कई लोग बेनकाब हो जाते, सूत्रों का दावा है कि पूर्व में उपाध्यक्ष के पद पर तैनात रहे अरविंद कुमार सिंह ने फर्जी रजिस्ट्री करने वाले गैंग और अन्य किसी मामले में जांच ना करते हुए फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले राकेश रावत नाम के सर्वेयर को ही निलंबित कर दिया था, पूर्व उपाध्यक्ष का राकेश रावत को निलंबित करने से भी जब मन नहीं भरा तो उनके द्वारा शासन स्तर पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए विजिलेंस जांच की मांग की गई थी और इस मांग पर शासन ने संज्ञान लिया और राकेश रावत के खिलाफ विजिलेंस की जांच शुरू हो गई।

## विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में हुआ नि :शुल्क डायबिटीक रेटिनोपैथी शिविर का आयोजन



जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

कानपुर नगर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में शुक्रवार को निःशुल्क डायबिटीक रेटिनोपैथी शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस एवं आर. के. देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। शिविर में सिंगापुर के टैन टॉक सेंग हॉस्पिटल के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.रूपेश अग्रवाल और डॉ.अवध दुबे की टीम द्वारा लगभग 100 रोगियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। इस अवसर पर डॉ.रूपेश अग्रवाल ने बताया कि आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस से युक्त यह फंडस कैमरा मुधमेह रोगियों में नेत्र संबंधी खराबियों का आंकलन सहजता से कर सकता है इसमें रोगी को चिकित्सक के पास जाने की आवश्यकता नहीं है और परीक्षण में मात्र 10 से 15 मिनट लगते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक कहा कि इस विधा में रोगी और चिकित्सक दोनों का समय बचता है ऐसे रोगी जिन्हें भविष्य में आँख से संबंधित समस्यायें हो सकती हैं वह चिकित्सकों के संपर्क में आकर अपने-आप को सुरक्षित रख सकते हैं। प्रति-कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि विश्वविद्यालय में यदि लाइफ साइंस और हेल्थ साइंस विभाग संयुक्त रूप से अनुसंधान करें तो इस दिशा में कई सकारात्मक परिणाम आ सकते हैं। शिविर में नगर के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ.अवध दुबे ने इसमें विद्यार्थियों की अहम भूमिका बताई। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक डॉ.वर्षा प्रसाद, डॉ.नेहा शुक्ला, डॉ.चन्द्रशेखर कुमार, डॉ.हिना वैश, डॉ.आदर्श कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर चढ़ी, बैठे युवक घायल



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अनियंत्रित तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर चढ़ गई, कार में बैठे युवकों को गंभीर चोटें आई हैं घटना देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी तो जानकारी मिलने पर कल्याणपुर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच जांच करने के साथ घायलों नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार कार में बैठ कर युवक किसी काम से इंद्रानगर से होते हुए जा रहे थे तेज रफ्तार होने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पर चढ़ गई इस दौरान कार में बैठे सभी लोग घायल हो गए राहगीरों ने घटना देख 112 नंबर डायल कर पुलिस को दी सूचना जानकारी मिलने पर ने मौके पर पहुंच कर घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कार तेज रफ्तार से आ रही अचानक से डिवाइडर पर चढ़ते हुए पेड़ से टकराई इस दौरान पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया।

## स्कॉलर्स प्लेवेज इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



स्कॉलर्स प्लेवेज इंटर कॉलेज गोविंद नगर कानपुर के वार्षिकोत्सव 2023 के अंतर्गत शुक्रवार को स्वर्गीय रतनलाल शर्मा स्पोर्ट्स स्टेडियम किदवई नगर में छात्र-छात्राओं द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता स्फूर्ति तथा वयोवृद्धोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी और पार्षद नवीन पंडित ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट का प्रदर्शन करते हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा छात्र-छात्राओं के दादा-दादी को शॉल पहनाकर उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पी.जी.और 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने पी.टी. शो, पिरामिड, योग, म्यूजिकल पिरामिड, मार्च पास्ट, फोग रेस, म्यूजिकल चेयर, स्पून रेस, अरेंज द कार्ड में 100 से 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं संचालक सुशील कुमार, अध्यक्षा शकुंतला देवी, सचिव गिरीश मल्होत्रा, सोमिल मल्होत्रा, प्रधानाचार्या प्रेमलता श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यकम करते रहने से छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन होता रहता है। कार्यक्रम में सोनिया उप्पल, शारका अरशद, तनु ग्रोवर, अनुराधा कालरा, सुरेंद्र कौर, अंजू पुरी, अजय भारती, विक्रांत लारेंजो, चंद्रपाल अरोड़ा आदि अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

## कर्नलगंज पुलिस टीम ने गांजे के साथ शातिर को दबोचा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर की कर्नलगंज पुलिस टीम द्वारा न नाजायज रूप से गांजा बेचने वाले एक शातिर को गिरफ्तार किया गया है, कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उ.नि.देवेन्द्र कुमार सिंह अपने सहकर्मी कांस्टेबल अमित कुमार, कांस्टेबल आनन्द शुक्ला व कांस्टेबल राहुल वर्मा के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते हुए संदिग्ध वाहनों और अपराधियों पर कार्रवाई करने के लिए निकले थे इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभि0 मो0दानिस पुत्र रियाज अहमद निवासी मगरावां रायपुर थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़(उ0प्र) हाल पता चूडी वाली गली(फूलवाली गली के अन्दर) फुटपात लाटूस रोड़ थाना अनवरगंज जनपद को समय 09.05 बजे जी0आई0सी0 स्कूल ग्राउन्ड में गये रास्ते पर बन्द पड़े मीटिंग हाल के बगल से गिरफ्तार किया गया अभि0 द्वारा नाजायज गाँजा बेचे जाने का कार्य कारित किया जा रहा था।

### अखिलेश अवस्थी एवं राजेंद्र सिंह गौतम बने रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

निराला नगर मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी एवं मंडल महामंत्री राजेंद्र सिंह गौतम को एनसीआर रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। इन्हें गोविंदपुरी स्टेशन की सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस अवसर पर निराला नगर मंडल के पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई दी गई।

### नाजायज चरस के साथ शानू पटाखा को चमनगंज पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना चमनगंज पुलिस द्वारा हुमाऊबाग पार्क से अभियुक्त शानू उर्फ पटाका पुत्र मो0लियाकत निवासी 105/55 घोसियाना को 250 ग्राम नाजायज चरस के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मुक़दमा दर्ज कर कार्यवाही की गई है। कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अभियुक्त के कब्जे से 250 ग्राम नाजायज चरस बरामद हुई है, यह भी जानकारी देते हुए बताया गया है कि इससे पहले भी शानू उर्फ पटाका कई बार पहले भी एनडीपीएस के मुकदमों में जेल जा चुका है, गिरफ्तार करने वाली टीम में मो0 हमीद प्रभारी निरीक्षक थाना चमनगंज के साथ साथ 3.नि. कृपाशंकर मिश्र चौकी प्रभारी आनंदबाग, 3.नि. तेजवीर सिंह, हे.का. रामपाल सिंह, निर्देश गौतम की भूमिका प्रमुख रही।

## विजयी खिलाड़ियों का कॉलेज प्रशासन ने किया स्वागत



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीती 11 और 12 दिसम्बर को सी. एस. जे. एम यूनिवर्सिटी में अंतरमहाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया था, जिसमे क्राइस्ट चर्च डिग्री कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया था प्रतियोगिता मे शॉट पुट एवं जेवेलीन थ्रो(पुरुष) वर्ग में आयुष बर्धन ने स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किया, 100 मीटर महिला स्पर्धा मे क्राइस्ट चर्च कॉलेज की शैली ने रजत पदक, एवं ज़ोया ने कांस्य पदक प्राप्त किया, 200 मीटर स्पर्धा में ज़ोया ने रजत पदक एवं अलीशा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 100म4 रिले रेस मे क्राइस्ट चर्च डिग्री कॉलेज ने कांस्य पदक प्राप्त किया। क्राइस्ट चर्च डिग्री कॉलेज के प्राचार्य एवं मुख्य संरक्षक प्रो.जोज़ेफ डेनियल ने सभी विजेताओं को कॉलेज में बुलाकर विजेताओं का स्वागत किया। उक्त अवसर पर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा शिक्षक डॉ आशीष कुमार दुबे, प्रो.सत्य प्रकाश सिंह, डॉ हिमांशु, एवं एथलेटिक्स कोच डोंडियाल जी उपस्थित रहे। सभी ने विजेताओं को बधाई देकर उनका स्वागत किया।

## मसाला फसलों में खरपतवार प्रबंधन के विषय मे दी जानकारी




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा सब्जी उत्कृष्टता केंद्र योजना के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम बिल्टी, विकासखंड सरवनखेड़ा में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वैज्ञानिकों द्वारा सब्जी उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर जानकारियां दी गई। परियोजना के मुख्य समन्वयक डॉ.डी.पी.सिंह ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य कृषकों के मध्य सब्जी बीजों की प्रजातियों की उपलब्धता एवं महत्व को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ.हरिश्चंद्र सिंह द्वारा सिंचाई प्रबंधन पर जानकारी दी गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.मनोज कटियार द्वारा सब्जी फसलों में कीट प्रबंधन पर चर्चा के साथ पत्तियों से रस चूसने वाले कीटों के प्रभावी नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई।वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.संजीव सचान द्वारा मसाला फसलों में खरपतवार प्रबंधन के विषय मे जानकारी दी गई।मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी का पीएच मान बढ़ रहा है इसलिए मिट्टी में सल्फर तत्व का प्रयोग किया जाना आवश्यक है। जिसके लिए जिप्सम या फास्फोजिप्सम या दानेदार सल्फर का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान अजय कुमार सिंह परिहार, कृष्णपाल सिंह परिहार सहित एक सैकड़ा से अधिक किसान मौजूद रहे।

## सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुये दर्जनों नेता

जनएक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

कानपुर नगर। शुक्रवार को कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय कार्यालय में समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर सचिव, पूर्व कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता एवं महिला सभा की पूर्व नगर सचिव रीता पाण्डेय अपने दर्जनों समर्थकों संग भाजपा में शामिल हो गये। कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सभी को सदस्यता दिलाई। भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय ने कहा कि अभी अन्य पार्टी के कई नेता भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के लिये कतार में हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने भाजपा में शामिल लोगों से कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व कि तीसरी अर्थव्यवस्था बनने कि ओर बढ़ रहा है, जिसमें आप सब भी अब सहभागी बनेंगे। मोदी की गारंटी जन-जन तक पहुंचानी है। आप सभी लोग मोदी जी के ध्वजवाहक बन कर सरकार की चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। जिनको सरकार की योजनाओं का लाभ न मिल रहा हो उनकी सूची बनाकर सम्बंधित विभाग को दें।

## कानपुर यूनिवर्सिटी के छात्रों ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में बी ए एम एस पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने चुनौती मूल्यांकन की व्यवस्था पुनः लागू किए जाने के संबंध में विश्वविद्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी की और धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं, मामला बढ़ता देख स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए कल्यानपुर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची। मामले को संज्ञान में लेते हुए आनन-फानन में इस संबंध में यूनिवर्सिटी से एक सूचना जारी की गई है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि मेडिकल/पैरामेडिकल/नर्सिंग पाठ्यक्रम के मुख्य पूरक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से संतुष्ट परीक्षार्थी के पुनः मूल्यांकन/चुनौती मूल्यांकन की व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी, पर बी ए एम एस पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा चुनौती मूल्यांकन की व्यवस्था पुनः लागू किए जाने का अनुरोध किया गया है, इस संबंध में छात्र-छात्राओं से प्राप्त प्रत्यावेदन पर आगामी 3 कार्य दिवस में उचित निर्णय लिया जाएगा।

## कांग्रेसियों ने मनाई बल्लभ भाई पटेल की 73वीं पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर द्वारा देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री भारतरत्न बल्लभ भाई पटेल की 73वीं पुण्यतिथि पर मूलगंज चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात आयोजित पुष्पांजलि संगोष्ठी मे शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने सरदार पटेल को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का महानायक एवं विलक्षण प्रतिभा का युगपुरुष बताते हुए कहा कि एक साधारण किसान परिवार मे जन्मे अपने कष्टमय् पारिवारिक परिवेश के रहते हुए भी कठिन परिश्रम से एक सफल विधिवेत्ता होने के बावजूद वकालत छोड़कर गुजरात के किसानो की दयनीय दशा के जिम्मेदार क्रूर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जुझारु लडाई लडकर अंग्रेजो की चूलें ही नही हिला दी थी बल्कि किसानो के हक की लड़ाई की सफलता के कारण बारदौली का बहादुर सरदार की उपाधि से ख्यातिमान होकर किसानो के सिरमौर नेता बनकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मे शामिल हुए और महात्मा गांधी के किसान व असहयोग आन्दोलन मे अपनी जुझारु और कुशाग्र व्यक्तित्व से कठिन जेल यातनाओ से तपकर न केवल एक करिश्माई योद्धा बनकर अंग्रेजी हुकूमत की किरकिरी भी बन गए थे। देश को मिली आजादी के बाद अंग्रेज भक्त 565 देशी घरानो को देश के नवसृजित गणराज्य की मुख्य धारा मे समाहित कराने का कठिन व गुरुतरु कार्य के लिए सरदार पटेल की श्रेष्ठतम सूझ-बूझ व राजनैतिक पटुता से देश की एकता व अखण्डता के लिए बेमिशाल उपलब्धि के लिए देश सदैव उन्हे याद रखेगा। कार्यक्रम का संयोजन रकी बाबू सोनकर व सभा संचालन दिलीप शुक्ला ने किया। कार्यक्रम मे सर्वश्री शंकर दत्त मिश्र, मदन मोहन शुक्ला, सैमुअल सिंह लकी, पदम मोहन मिश्रा, साजिदसर, आशुतोष शुक्ला, हिमांशु मिश्रा, जावेद जमील उस्मानी, अवधेश तिवारी, शकील मंसूरी,राम शंकर राय, सुरेश अग्रहरि, जितेंद्र ब्रह्म सर्वेश कुरील, राजेंद्र सिंह टिल्लू व मोहम्मद वकील आदि ने पटेल जी को नमन करते हुए अपने श्रद्धासुमन समर्पित किये।

## आधा किलो चरस के साथ बेकनगंज पुलिस ने शातिर को दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर की थाना बेकनगंज पुलिस द्वारा एक शातिर को नाजायज चरस के साथ दबोचा गया है, कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मो0 अलताफ पुत्र स्वर्गीय अहमद अली नि0-98/179 नाजिरबाग मस्जिद के पास थाना बेकनगंज को आधा किलो नाजायज चरस के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मुक़दमा दर्ज कर जेल भेजा गया है, गिरफ्तार करने में उ.नि.आरिफ रजा, उ.नि. मतीन खाँ, हे.का. इबरान हुसैन की भूमिका प्रमुख रही।

### कोहना पुलिस ने नाजायज गांजे संग एक शातिर को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कोहना पुलिस ने एक शातिर को एक किलो से अधिक नाजायज गांजे के साथ गिरफ्तार किया है, कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार थाना कोहना की पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में दौराने रात्रि गस्त, देखभाल क्षेत्र रोकथाम जुर्म चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति तथा मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम, तलाश वारंटी, तलाश वांछित अभियुक्तगण लूट एवं नकबजनी के अभियुक्तगण का सत्यापन एवम निरोधात्मक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कार्यरत थी इसी दौरान मो0अजीज उर्फ भईया पुत्र मो0 हनीफ नि0 14/67 बिजली घर लाल इमली थाना कर्नलगंज उम्र करीब 35 वर्ष को मय नाजायज 1 किलो 100 ग्राम गांजा व एक अदद स्कूटी नं0-यू0पी078 एफ0के0 0490 टीवीएस जूपीटर रंग काला अन्तर्गत धारा 207 एम0वी0 एक्ट के चौकी क्षेत्र आर्यनगर थाना कोहना से गिरफ्तार किया है।

# बार-बार समीक्षा बैठक के बावजूद नहीं सुधर रहे अधिकारी

* विकास कार्यक्रमों, राजस्व, निर्माण एवं कानून व्यवस्था को लेकर प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**




राज्यमंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विकास कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों, निर्माण कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक किया। बैठक में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कर-करेत्तर की समीक्षा किया।जिसमें आबकारी, विद्युत, परिवहन, खनन, स्टाम्प, नगरीय निकाय विभाग द्वारा की गई वसूली की जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता विद्युत को अनावश्यक विद्युत भार बढ़ाने व बिल ज्यादा आने, खराब ट्रांसफार्मर को बदलने, जर्जर तारों को बदलने तथा विजिलेंस की टीम द्वारा गांव में जाकर फर्जी तरीके से जनता को परेशान करने की शिकायतों एवं अन्य कार्यों पर कार्यवाही करने को कहा। प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण, गड्ढा मुक्ति, सिंचाई पंप की आपूर्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति, सहभागिता योजना स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, टीकाकरण की स्थिति, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति, हैंडपंप रिबोर, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों आंगनवाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, शादी अनुदान योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा किया। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया। राज्यमंत्री ने बैठक में बिना बताए अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गौरीगंज अवनीश कुमार शुक्ल का एक दिन का वेतन रोकने, स्पष्टीकरण प्राप्त करने एवं कार्यवाही हेतु शासन को पत्र भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने जनपद में चल रहे पचास लाख से ऊपर की लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा किया एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि बजट के अभाव में जो निर्माण कार्य रुके हुए हैं, उनमें धन आवंटन के लिए शासन को जिलाधिकारी की ओर से पत्र भिजवाए जाए। अधिकारियों के फोन ना उठाए जाने की बात को लेकर प्रभारी मंत्री ने कहा कि फोन किए जाने पर तत्काल उठाएं और उचित रिस्पांस दें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के नियमों का करें पालन : डीएम




**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**

तेजी से बढ़ रहे सड़क हादसों की रोकथाम के लिए परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ आज किया गया। यह सुरक्षा पखवाड़ा 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा। जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने इस सुरक्षा पखवाड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लोगो को जागरूक करने लिए आरटीओ विभाग के अधिकारियों ने खुद वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का अनुरोध किया साथ दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाने की अपील की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने गांधीगिरी करते हुए वाहन चालकों को हाथों में फूल दिया और सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की आरटीओ प्रशासन नंद कुमार ने कहा कि इस सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत लोगो को वाहन चलाते समय कौन कौन सी सावधानियां बरतनी है इसके लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज ज्यादा दुर्घटना दो पहिया वाहन की होती है इसलिए दो पहिया वाहन चालकों से अपील है कि वह हेलमेट लगा कर वाहन चलाए। शराब पीने के बाद गाड़ी मत चलाए साथ की सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। साथ उन्होंने कहा कि जो वाहन चालक नियमों की अनदेखी करेगा विभाग उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करेगा। जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने कहा कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत लोगो को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की जाएगी साथ ही जागरूकता वाहन जिले के हर तहसीलों में भी जायेंगे और वहां भी वाहन चालकों को जागरूक करेगे कि सभी वाहन चालक सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करे।

## हत्याकांड में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** जिले के चर्चित संविदा चिकित्सक हत्याकांड के मामले में जेल में बंद आरोपी जगदीश नारायण सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जनपद न्यायाधीश जेपी पांडेय ने आरोपों को गंभीर मानते हुए खारिज कर दी। वादिनी निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया कोतवाली नगर के शास्त्री नगर में 23 सितंबर की शाम संविदा चिकित्सक डॉ.घनश्याम तिवारी शास्त्री नगर स्थित किराए के मकान में घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में आरोपियों ने उन्हें पीटकर मराणासन्न कर ई-रिक्शे पर लादकर घर भेज दिया था। गंभीर रूप से घायल चिकित्सक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# शासन ने मोनू की प्रमुखी व बीडीसी सदस्यता की निरस्त

**जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर**



पूर्व विधायक इंद्रभद्र सिंह के पुत्र एवं पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू के अनुज धनपतगंज ब्लॉक प्रमुख यशभद्र सिंह के डेढ़ दशक से अधिक के राजनैतिक कैरियर की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। शासन ने उनको दो वर्ष की सजा होने का हवाला देते हुए उनकी क्षेत्र पंचायत सदस्यता और ब्लॉक प्रमुखी निरस्त कर दी है। हालांकि उन्होंने कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील कर रखा है। देर शाम डीएम के पास पंचायत राज विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार की ओर से आदेश पहुंचा। जिसमें कहा गया है कि यशभद्र सिंह मोनू को गिरोहबंदी करके एससी-एसटी समाज के व्यक्ति को गंभीर चोट पहुंचाने का दोष सिद्ध हुआ है। इसलिए जिला पंचायत अधिनियम के तहत नैतिक अधमता का दोषी पाए जाने पर क्षेत्र पंचायत सदस्य व ब्लॉक प्रमुख के पद से हटाने के लिए राज्यपाल ने स्वीकृति दे दी है। आदेश में कहा गया है कि धनपतगंज ब्लॉक प्रमुख का पद अब रिक्त हो गया है। इस पद के संचालन के लिए अब नए सिरे से आदेश जारी किया जाएगा। दरअस्ल 5 फरवरी 2016 में धनपतगंज ब्लॉक पर ब्लॉक प्रमुख का पर्चा दाखिल करने के दौरान दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इस मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, उनके छोटे भाई यशभद्र सिंह मोनू और दो समर्थकों के खिलाफ कूरेभार थाने में केस दर्ज कराया था। इन लोगों पर बलवा, मारपीट, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। इसी मामले में यशभद्र सिंह ने कोर्ट से जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, वर्तमान में बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमला यादव समेत सात के विरुद्ध मारपीट, बलवा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, एससी-एसटी के तहत केस दर्ज कराया था। दोनों ही मामलों में 2 दिसंबर 2022 को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट की न्यायाधीश एकता वर्मा ने दोष सिद्ध होने पर इन सभी को दो-दो वर्ष की सजा सुनाई थी। ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में दाखिल अपील अभी विचाराधीन है। आपको बता दें कि 9 जुलाई 2021 को यशभद्र सिंह उर्फ मोनू निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा था। उनके सामनें बीजेपी ने अमित मिश्रा को प्रत्याशी के तौर पर उतारा था लेकिन अमित मिश्रा ने पर्चा नहीं खरीद कर बीजेपी के अरमानों और दिग्गज भाजपाईयों के हौसलों पर पानी फेर दिया था। ऐसे में यशभद्र सिंह मोनू निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे और उन्होंने अपनी खानदानी परंपरा का निर्वाहन भी कर डाला था। मोनू को 81 में से 80 मत मिले हैं। देश की आजादी के बाद से ही धनपतगंज ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर यशभद्र सिंह मोनू के परिवार का ही कब्जा रहा। चाहे इनके बाबा रहे हों, इनके पिता से लेकर चाचा और भाई तक धनपतगंज ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी को सुशोभित कर चुके हैं। यशभद्र सिंह मोनू पहली बार 2005 में धनपतगंज के ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित हुए थे। 2015 से 2020 तक वे जिला पंचायत सदस्य रहे। 2012 में उन्होंने इसौली विधानसभा क्षेत्र से पीस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। चुनाव में उन्हें शिकस्त मिली लेकिन वे दूसरे नंबर पर रहे। 2017 का विधानसभा चुनाव उन्होंने इसौली से राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर लड़ा। चुनाव में करीब 43,000 वोट मिलने के बाद भी वे तीसरे नंबर पर चले गए।

2022 में एक बार फिर उन्होंने किस्मत आजमाया लेकिन वे फिर तीसरी पोजीशन ही ला सके।

## रायबरेली के प्रथम सांसद स्व0 बैजनाथ कुरील बाबू जी की मनाई गई जयंती

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

शुक्रवार को रायबरेली के प्रथम सांसद स्व0 बैजनाथ कुरील बाबू जी के 103वें जन्म दिवस पर उनके अनुयाइयों द्वारा उनको याद किया गया। शहर सुपर मार्केट स्थित रायबरेली के प्रथम सांसद स्व0 बैजनाथ कुरील बाबू जी के स्मारक/प्रतिमा स्थल पर विश्व दलित परिषद उ0प्र0 के तत्वाधान में उनके अनुयाइयों एवं समाजसेवी जनों नें पुष्प अर्पित करके नगर क्षेत्र में धार्मिक शैक्षिक सामाजिक क्षेत्र में समाज सेवा कर रहे एक दर्जन समाज सेवियों को अंग वस्त्र पहना कर सम्मान किया गया एवं सैकडों गरीब असहायों को कम्बल दान कर एवं मिष्ठान वितरण कर वैचारिक संगोष्ठी करके उनको याद किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता गुप्तान वर्मा एवं संचालन राजेश कुरील नें किया।मुख्य अतिथि रायबरेली नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर नें माल्यापर्ण करके गोष्ठी में आये हुये लोगों को आपसी सौहार्द बनाये रखने का संकल्प बद्ध कर बाबू जी के पथ चिन्हों पर चलकर नगर के आम जनमानस का निस्वार्थ भाव से सेवा करने का संकल्प लिया।

मुख्य रूप से वरिष्ठ सभासद धर्मेन्द्र द्विवेदी, सभासद सरदार परमजीत सिंह गांधी, शिवशंकर वाल्मीकि, देशराज पासी, सतेश गौतम, मो0 नईम, विमल किशोर सबरा, प्रीतम कुमार, कुवंर सत्येन्द्र पटेल पूर्व सभासद धर्मेन्द्र वर्मा, प्रीतम कुमार नें अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज रायबरेली और प्रदेश का समूचा गरीब शोषित, भूमिहीन एवं दलित समाज स्व0 बैजनाथ कुरील बाबू जी के प्रति कृतज्ञय है उन्होंनें अपने 35 वर्षों के संसदीय कार्य में समता मूलक समाज के निर्माण में अपना उत्तम योगदान दिया उनके कठिन परिश्रम और संघर्ष का परिणाम है कि आज रायबरेली व उत्तर प्रदेश के गरीब वंचित भूमिहीनों को भूमि का पट्टा दिलाकर भूमि मालिक बनवाया था भूमिहीन एवं उपेक्षित वर्ग में अपना मसीहा और मुक्तिदाता के रूप में स्थान देता है।

इस अवसर पर दिनेश वाल्मीकि, अभय सोनकर, रमेश गौतम, शैलेन्द्र तिवारी, सावित्री बहेलिया, मेवा लाल सारथी, छोटे लाल गौतम, राम सजीवन कोरी, शिव मोहन पटेल, राम किशुन पटेल, सिराज उर्फ साजन, ललित अम्बेडकर, सीमा, नगीना उर्फ ज्योति, रानी गौतम, शिव कुमार, आर0एस0 यादव, एड0 योगेन्द्र सिंह आदि दर्जनों महिला पुरूष नें पुष्प अर्पित कर स्मारक और उसके आस-पास को पुलिस द्वारा अतिक्रमण कर लिये जाने का रोष व्यक्त किया।

## बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा क्षय पीड़ितों हेतु पोषण किट का वितरण कार्यक्रम



**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में शुक्रवार को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड के यूनिट हेड बिप्लव बोस के द्वारा जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को सांकेतिक रूप में किट देकर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव (आई ए एस) ने एक और बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड ने 75 क्षय रोगियों को एवं अधिशाषी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी प्रदीप कुमार सिंह ने भी गोद लिया। इस संबंध में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अनुपम सिंह ने बताया कि क्षय रोगियों को गोद लिए जाने का कार्यक्रम साल 2019 में राज्यपाल के आह्वान पर शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषणात्मक और भावनात्मक सहयोग दिया जा सके।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि गोद लिए क्षय रोगियों को इलाज के दौरान पोषण पोटली दी जाती है जिसमें प्रोटीनयुक्त युक्त आहार जैसे दालें, सत्तू, मूंगफली और गुड़ आदि दिया जाता है। टीबी के इलाज में नियमित दवाओं के सेवन के साथ प्रोटीनयुक्त आहार का अहम भूमिका होती है।

उन्होंने बताया कि जनपद में टीबी 3174 क्षय रोगियों को अधिकारी, स्वयं सेवी संस्थाएं, शैक्षणिक, औद्योगिक संस्थाओं, संभ्रांत व्यतियों द्वारा गोद लिया गया है। इस दौरान जिला छह रोग अधिकारी डॉ अनुपम सिंह, डीपीसी अभय मिश्रा लैब पर्यवेक्षक दिलीप सिंह वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्रा बिरला कॉरपोरेशन के मानव संसाधन प्रमुख हेमंत किशोर,शिव गोविंद उपस्थित रहे।

## द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस। सलोन, रायबरेली**




शुक्रवार को द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का सुभारंभ पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निमिशा कान्वेंट स्कूल मटका सलोन रायबरेली में कराया गया, जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायक सलोन अशोक कुमार द्वारा प्रचार वाहन व यातायात जागरुकता रैली को हरी झंड़ी देकर रवाना किया गया। उक्त अवसर पर श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय नवीन कुमार क्षेत्राधिकारी सलोन वंदना सिंह, ए.आर.टी.ओ मनोज कुमार सिंह व अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण, विद्यालय के शिक्षक गण स्कूली बच्चे तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय द्वारा उपस्थित लोगों से यातायात नियमों का पालन करने हेतु आग्रह किया गया। तत्पश्चात द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के प्रथम दिवस पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक किया गया तथा जनपद रायबरेली के थानों एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट, हैंडबिल व स्टिकर वितरित किए गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए, स्पीड राडार के माध्यम से निर्धारित गति से तेज चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई तथा काली फिल्म लगाकर चलने वाले वाहनों की सघन चेकिंग करते हुए काली फिल्म लगे वाहनों की काली फिल्म उतरवायी गई व कार्रवाई की गई, वाहनों में जाति सूचक संप्रदाय सूचक आदि शब्द लिखवाकर चलने वाले वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को माला पहनाकर तथा गुलाब का फूल देकर गांधीगीरी के माध्यम से उनको यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया, राजमार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारो से हटवाया गया, साथ ही उनको ऐसा न करने की चेतावनी भी दी गई।

## अतिक्रमित क्षेत्र पर प्रशासन मेहरबान, खुली सड़कों पर चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** शहर के अतिक्रमित इलाकों को छोड़कर प्रशासन ने लखनऊ बलिया और प्रयाग अयोध्या राजमार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान पयागीपुर से गोलाघाट और अमहट से बस स्टेशन के बीच चलने का फैसला लिया गया है। वाहनों से अनाउंस कराए जा रहे हैं। पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर दी गई है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज सिंह इसका नेतृत्व करेंगे।

16 दिसंबर यानी शनिवार से इस अभियान के शुरुआत की तैयारी की गई है। हालांकि चैक घंटाघर क्षेत्र, गंदा नाला रोड, बाधमंडी से पंच रास्ता, बस स्टेशन से गोलाघाट और जिलाधिकारी आवास से दीवानी चैराहे तक दिन भर जाम लगा रहता है। लेकिन अतिक्रमण हटाओ अभियान में यह अति व्यस्त इलाके चयनित ही नहीं किए गए हैं। ऐसे में अतिक्रमण हटाओ अभियान की सार्थकता पर ही सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज सिंह कहते हैं कि अभियान पयागीपुर से गोलाघाट और अमहट से बस स्टेशन के बीच चलाने के लिए नगर पालिका, पुलिस विभाग, पीडब्ल्यूडी और प्रशासन की संयुक्त टीम तैयार की गई है। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों को अवैध अतिक्रमण पर नोटिस देने और निशान लगाने की हिदायत दी गई है।

## भरी पंचायत में दबंगों ने पिता-पुत्र पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

जमीन के विवाद में दबंगों ने पिता-पुत्र को लाठी-डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया। भरी पंचायत के सामने दबंगों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पिता-पुत्र का राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को शांतिभंग में चालान कर उन्हें छोड़ दिया है। घटना कूरेभार थानाक्षेत्र के बारौला गांव की है। गांव निवासी रोहित तिवारी का आरोप है कि पट्टीदार फते बहादुर तिवारी पुत्र जगेसर प्रसाद तिवारी के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। बीते कल विवाद को निपटाने के लिए पंचायत इकट्ठा की गई थी। जो जमीन का बंटवारा कर रही थी। आरोप है कि शैलेंद्र तिवारी पुत्र फते बहादुर तिवारी, फते बहादुर तिवारी, सविता तिवारी, शंकुतला तिवारी व इनकी रिश्तेदार मालती दुबे आदि ने गालियां देते हुए मुझे जमीन पर गिराकर मारने पीटने लगे। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी से भी हमला बोला। रोहित ने बताया कि हमें बचाने पिता शेर बहादुर व भाई रोशन आया तो उन पर भी कुल्हाड़ी से हमला बोला।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
अल्प कालीन खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 27.12.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 15802023 दिनांक 13.12.2023 |
| 2 | निविदा संख्या | 42/Sr.DEN-V/LKO/2023-24, 43/Sr.DEN-V/LKO/2023-24 44/Sr.DEN-V/LKO/2023-24 |
| 3 | कार्य का नाम : 1. सहायक मण्डल इंजीनियर/अयोध्या कैंट के तहत जनवरी 2024 में यात्रियों की अतिरिक्त भीड के संबंध में अयोध्या (AY), अयोध्या कैंट (AYC), सलारपुर (SLPR) और दर्शननगर (DRG) में जल आपूर्ति प्रणाली की भारी मरम्मत। 2. सहायक मण्डल इंजीनियर/अयोध्या कैंट के तहत जनवरी 2024 में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के संबंध में अयोध्या (AY), अयोध्या कैंट (AYC), सलारपुर (SLPR) और दर्शननगर (DRG) में रेलवे कर्मचारियों के लिए पूर्वनिर्मित शौचालय और बाथरूम का प्रावधान, एमएस पोर्टेबल प्रीफैब्रिकेटेड बंक और शौचालय आदि की आपूर्ति और स्थापना। 3. जनवरी 2024 में अयोध्या में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के संबंध में 15 जनवरी – 2024 से 14 फरवरी – 2024 तक अयोध्या (AY) में कर्मचारियों और अन्य लोगों के लिए अस्थायी आवास का प्रावधान। | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 55,08,463.73, 2. Rs. 1,99,41,757.54, 3. Rs. 49,66,500.00 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 1,10,200.00, 2. Rs. 2,49,700.00, 3. Rs. 99,300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं0 1 एवं 2 के लिये : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बीस दिन। क्रम सं0 3 के लिये : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 13.12.2023 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 27.12.2023, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3938/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चला बैंक चेकिंग अभियान

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं,एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षाव्यवस्था जांची परखी गई।बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई । बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा,सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी। बैंक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिया गया।

## अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही में 72 लीटर कच्ची शराब बरामद



**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

शुक्रवार को जनपद के क्षेत्र अमेठी के थाना संग्रामपुर के अंतर्गत ग्राम तुला का पुरवा व चिरईतारा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 72 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। और करीब 200 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया।इस कार्यवाही में चार अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया।साथ ही गांववासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। तथा विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण,बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई।

कार्यवाही में सतीश चंद्र दीक्षित आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 अमेठी व आबकारी स्टॉफ सम्मलित रहें।साथ ही आबकारी दुकानों का निरीक्षण भी किया गया।

# सीओ व एसओ के संरक्षण में दबंगों ने पीड़ित की ढहायी बाउंड्रीवाल

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**



पुलिस ने पीड़ित को थाने में बैठाकर आरोपियों को शह दिया और देखते-देखते दबंगों ने दीवार ढ़हा दिया। सीओ कादीपुर पर प्रकरण में. आरोपियों को खुला संरक्षण देने का आरोप लगा है। घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पीड़ित ने इस मामले में आज डीएम सुल्तानपुर से शिकायत किया है। मामला कादीपुर सर्किल क्षेत्र के करौंदीकला थाना अंतर्गत अमरेमऊ गांव से जुड़ा है। गांव निवासी फूलचंद तिवारी पुत्र ईश्वरदेव तिवारी ने बताया कि उसने अपनी पुश्तैनी आबादी की जमीन पर बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रखा था। आरोप है कि क्षेत्राधिकारी शिवम मिश्रा और थानाध्यक्ष अकरम खान ने उसे बाउंड्रीवाल गिराने की धमकी दिया। बीते 13 दिसंबर को हमें थाने पर बैठा लिया। इसी दिन सीओ की शह पर दबंग राज पति उपाध्याय, सुरेंद्र उपाध्याय उर्फ देवी, विवेक उपाध्याय, गौरव उर्फ गोलू आदि ने रात में दो घंटे के अंदर हमारी बाउंड्रीवाल ढहा दिया। परिवार द्वारा मना करने पर दर्जनों की संख्या में पहुंचे दबंगों ने गाली-गलौज किया। आरोप ये भी है कि गोलू उर्फ गौरव ने फूलचंद के भाई के ऊपर फायर झोका। गोली की आवाज सुनकर गांव वाले दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मेरे घर वालों को मारपीट में काफी चोटें आई हैं। पीड़ित का कहना है कि दबंग हत्या तक की वारदात को अंजाम दे सकते हैं। हमने थाने पर तहरीर दिया लेकिन दबंगों से हाथ मिलाई पुलिस ने मुकदमा तक दर्ज नहीं किया। इस मामले में डीएम ने पीड़ित परिवार को न्याय संगत कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 22°C | 08°C |
| कानपुर | 23°C | 10°C |
| देहरादून | 18°C | 06°C |
| नई दिल्ली | 23°C | 08°C |

# ईपीएफ और चिकित्सा व्यय का भुगतान करने हेतु एलआरसी पर 10 प्रतिशत घूस मांगने का आरोप

**✻ बीमारी हालत में सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक ने लगाए गंभीर आरोप**



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ उत्तर प्रदेश में घूसखोरी का आलम देखना हो तो राजधानी लखनऊ की तरफ रुख किया जा सकता है। जी हां जहां आए दिन एंटी करप्शन टीम लगातार राजस्व अधिकारियों को विभिन्न तहसीलों से हाल ही में गिरफ्तार किया है वहीं जिलाधिकारी कार्यालय में तैनात एलआरसी पर गणपति विहार, मुन्नू खेड़ा निवासी राधे श्याम पटेल राजस्व निरक्षक(सेवानिवृत्त) ने जी0पी0एफ0 बीमा तथा चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति की अवशेष धनराशि प्रदान न करने तथा रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने एलआरसी पर आरोप लगाते हुए पत्र में लिखा है कि जनपद लखनऊ में जिलाधिकारी के अधीनस्थ राधेश्याम पटेल राजस्व निरीक्षक पद पर कार्यरत था जोकि वर्ष दिसम्बर 2022 में सेवानिवृत्त हो चुका है। पीड़ित ने आगे बताया कि अपना जी0पी0एफ0 बीमा और चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के अवशेष देयों के भुगतान हेतु पिछले एक वर्ष से लगातार भूलेख कार्यालय / एल0आर0सी0 के चक्कर लगा रहा है। उक्त भुगतान हेतु राम शंकर द्विवेदी एल0आर0सी0 द्वारा पीड़ित को कहा गया कि उक्त भुगतान हेतु उच्चाधिकारियों को पैसा देना पड़ता है तथा कुछ सरकारी खर्चा भी होता है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से उक्त अवशेष भुगतान दिलाने का आग्रह करते हुए राम शंकर द्विवेदी द्वारा जो रूपया 29000/- झूठ बोलकर लेने के बाद भी भुगतान नही कराया गया और उसे वापस मांगने पर वापस भी नहीं किया गया तथा विभिन्न प्रकार से उत्पीड़ित, परेशान करके धमकाया जा रहा है। अतः दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है।पीड़ित अपनी बीमारियों के इलाज हेतु धन की बहुत आवश्यकता है मेरे साथ मेरे परिवार के लोग भी अत्यन्त पीड़ित परेशान है तथा संघर्षो से जूझ रहे है।

### दो किस्तों में रू. 29000 दिया, कुल रकम का 10 प्रतिशत की गई मांग


एलआरसी राम शंकर द्विवेदी के कहने पर पीड़ित एक बार 15000/- रूपये तथा एक बार 14000/- रूपये कुल 29000/- रूपये द्विवेदी एल0आर0सी0 को दिया। ताकि उसका भुगतान समय से हो सकें, परन्तु विगत वर्ष से पीड़ित एल0आर0सी0 के पास दौड़ रहा है। पीड़ित ने पत्र में आगे लिखा कि एल0आर0सी0 कहते रहे हैं कि तुम्हारा 17,00,000/- रूपये के लगभग जी0पी0एफ0 हुआ 3,20,000/- रूपये चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति और बीमा का लगभग 1,00,000/- रूपया बाकी है। तुम मुझे 10 प्रतिशत दे दो तो तुम्हारा भुगतान हो जायेगा नही तो तुम्हारी फाइल में तमाम अड़ंगे लटकाये जायेगे और फाइल शासन को भेज दी जायेगी।

### शुगर, हृदयरोग और गुर्दे की बीमारी से परेशान है पीड़ित

जिलाधिकारी से आग्रह करते हुए लिखा कि उसकी बाईपास सर्जरी हो चुकी है साथ ही किडनी खराब है तथा शुगर आदि की गम्भीर बीमारी से पीड़ित व परेशान है। पीड़ित का दावा है कि उसने द्विवेदी से अपनी बीमारी का हवाला भी दिया और आगे की घूस की रकम देने में असमर्थता जताई जिसके बाद भी एलआरसी द्विवेदी का दिल नहीं पसीजा।

# पुराने सिनेमाघरों को तोड़कर कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए राज्यकर की एनओसी अनिवार्य

**✻ राज्य सरकार ने बंद पड़े सिनेमाघरों को बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स में तब्दील करने की अनुमति दे दी थी**




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्य कर विभाग ने पुराने सिनेमाघरों की जगह मॉल बनाए जाने की अनुमति के साथ एक नियम जोड़ दिया है। ऐसे प्रत्येक सिनेमाघर मालिक को राज्य कर विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। साथ ही शहर की महायोजना के अनुसार निर्माण की अनुमति संबंधित विभाग देगा। नवंबर में राज्य सरकार ने बंद पड़े सिनेमाघरों को बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स में तब्दील करने की अनुमति दे दी थी। प्रदेश में करीब 800 सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर बंद हो चुके हैं और लगभग 150 बंद होने के कगार पर हैं। सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर अधिकांशत~ शहर के पुराने सघन इलाकों में स्थित है। अब ऐसे सिनेमा हॉल की जमीन पर मास्टर प्लान में निर्धारित भू उपयोग के आधार पर बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स बनाया जा सकेगा। नक्शा पास करने से पहले राज्य कर वभभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। ये फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि सिनेमाघरों के बंद होने के बावजूद जमीन का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा था। खरबों की जमीन बेकार पड़ी थी। जिससे कारोबारी के साथ-साथ सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा था। गुरुवार देर शाम अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने राज्य कर आयुक्त और सभी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों को पत्र लिखकर बंद सिनेमाघरों को तोड़ने की अनुमति देने के निर्देश जारी कर दिए। सिनेमाघर तोड़ने से पहले राज्य कर अधिकारी 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' और एनओसी देंगे। एनओसी मिलने के बाद ही पुराने सिनेमाघरों को तोड़कर नए भवन में तब्दील किया जा सकेगा।

## यूपी का मौसम: सामान्य से नीचे लुढ़का पारा, इन जिलों में बढ़ी गलन, मौसम विभाग ने जारी किया सर्दी का पूर्वानुमान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश में सर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। दिन में भले ही धूप खिल रही हो लेकिन धूप का असर खत्म होते ही सर्दी शुरू हो जा रही है। कुछ जिलों के तापमान में रिकॉर्ड गिरावट देखने को मिल रही है। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गया है। गलन बढ़ रही है। बरेली में न्यूनतम तापमान लगातार 5 से नीचे बना हुआ है। शुक्रवार को बरेली में रात का पारा 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कई अन्य इलाकों में तापमान 10 से नीचे रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, रविवार से पारे में और गिरावट आने के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ में अयोध्या में न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री, मेरठ में 5.6 डिग्री, मुजफ्फरनगर व गाजीपुर में 6.5, शाहजहांपुर और नजीबाबाद में 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट की रफ्तार धीमी है। तापमान 22 डिग्री से 27 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

## वैश्य समाज सड़कों पर करेगा संघर्ष: सुधीर हलवासिया

**✻ 17 दिसम्बर की रैली के लिए निकाला बाईक जूलूस, सड़क से संसद तक होगी आवाज बुलन्द**



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

आज अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यालय हलवासिया कोर्ट से सैकड़ों मोटरसाईकिल सवारों के साथ प्रदेश अध्यक्ष सुधीर एस. हलवासिया के नेतृत्व में दो पहिया वाहन रैली निकाली गयी जो हजरतगकंज, जीपी.ओ. विधान सभा मार्ग, हुसैनगंज, चारबाग, नाका बासमण्डी, लाटूश रोड, गणेशगंज, कैसरबाग, लालबाग होते हुए हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट पर समाप्त हुई। समापन के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुधीर एस. हलवासिया ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की वैश्य समाज के सभी उपवर्ग जब एक होकर वटवृक्ष का निर्माण करते हैं तो सभी शाखाओं की शक्ति से निकला हुआ बल किसी को भी चुनौती देने के लिए तैयार रहता है, वैश्य समाज अब सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने को तैयार है। हमारे अधिकारों का ख्याल सरकारों को रखना होगा। उत्तर प्रदेश में हम छह करोड़ की आबादी में निवास करते हैं हमारी आबादी के अनुरूप हमें सभी क्षेत्रों में अवसर मिलना चाहिए। उत्तर प्रदेश के सभी मण्डलों में एक सांसद, प्रत्येक जनपदों में एक विधायक हमारे समाज से होना चाहिए।

17 दिसम्बर 2023 रविवार को चारबाग रेलवे स्टेडियम में वैश्य समाज के चौरसिया, महाजन, भारद्वाज वैश्य, चैसेनी, चतुश्रेणी, पालीवाल, माहेश्वरी, जायसवाल, ऊमर, माथुर, दोसर, विजयवर्गीय, मोदनवाल, माहौर अयोध्यावासी, महावर, कानू, पटवा, सन्मानी, गहोई, शिवहरे, बरनवाल, बाथम, कायस्थ, जैन, केसरवानी, अग्रवाल, ओमर, खण्डेलवाल, कसौधन कान्यकुब्ज भुर्जी, बारहसेनी, कांस्यकार, खत्री, रौनियार, अंगयार, पुरवार, स्वर्णकार, रस्तोगी, राजवंशी, पोरवाल, वार्ष्णेय, साहू, मधेशिया, ओनाय, गुलहरे, अग्रहरि, यज्ञसैनी उपवर्गो का संयुक्त व केन्द्रीय संगठन अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन सभी उपवर्गों की मांग व समस्याओं के प्रति सजग है और उनके लिए संघर्ष करने को तैयार है। धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष दीपू जायसवाल ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती रीता मित्तल, प्रदेश महामंत्री द्व शैलेन्द्र अग्रहरि, आनन्द कुमार गुप्ता, रश्मि जायसवाल, संगीता जायसवाल, अनीता जायसवाल, मीना वार्ष्णेय, करण गुप्ता, दीपक अग्रहरि, सुधा गुप्ता, रेनू जायसवाल, जयश्री प्रिया, रीतिका जायसवाल, संजय पोद्दार, रमेश गुप्ता, सनोज गुप्ता, महेश राठौर, हेमल गुप्ता, पी.के. गुप्ता, आनन्द स्वरूप मोदनवाल आदि शामिल रहे।

## ट्रेजरी अफसर बन जालसाज ने सेवानिवृत्त आईएफएस को लगाई 30 लाख की चपत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ में जानकीपुरम इलाके में रहने वाले सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी से ट्रेजरी अफसर बन जालसाज ने 30 लाख की चपत लगा दी। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। इसके अलावा साइबर जालसाजों ने तीन अन्य लोगों के खाते से 3.33 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ितों ने जानकीपुरम, पीजीआई, कृष्णानगर और पारा थाने में केस दर्ज कराया है। जानकीपुरम सेक्टर -आई में सेवानिवृत्त आईएफएस राकेश चंद्र परिवार के साथ रहते हैं। उनका बचत खाता भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जवाहर भवन शाखा में है। सेवानिवृत्त होने के बाद जीपीएफ की राशि खाते में जमा हुई थी। करीब एक हफ्ते पहले एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने अपना परिचय ट्रेजरी ऑफिसर कुलदीप के रूप में दिया। अपनी बातों में फंसाकर जालसाज ने पेंशन और इंटरनेट बैंकिंग संबंधी सूचनाएं हासिल कर ली। शक होने पर राकेश बैंक गए और लिखित शिकायत कर खाता फ्रीज कराया।

## सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने राजस्व निरीक्षक और सहायक को किसान से रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा



**✻ बताया जा रहा है कि पैसे के लेन-देन की डील राजस्व निरीक्षक अपने सहायक मोनू के माध्यम से कर रहा था**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ में मोहनलालगंज तहसील में काम के बदले किसान से रिश्वत लेने के मामले में बहरौली इलाके के राजस्व निरीक्षक शशिकांत उपाध्याय व इसके सहयक मोनू को सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ उत्तर प्रदेश की टीम ने पैसे लेते दबोच लिया। दोनों लोगों को लेकर टीम मुख्यालय पर चली गई। पकड़ा गया राजस्व निरीक्षक संग्रह अमीन से राजस्व निरीक्षक बना था।

### टीम सुबह से ही जाल बिछाकर कर रही थी इंतजार

जानकारी के मुताबिक सतर्कता अधिष्ठान की टीम सुबह से ही जाल बिछाकर उसका तहसील आने का इंतजार कर रही थी। एक चाय की दुकान पर बैठी टीम को कानूनगो के कमरे में आने की सूचना मिली। इसके बाद किसान के साथ पहुंची टीम ने कानूनगो को पैसे लेते पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि पैसे के लेन-देन की डील राजस्व निरीक्षक अपने सहायक मोनू के माध्यम से कर रहा था। इसलिए टीम सहायक को भी पकड़कर अपने साथ ले गई।

## फास्ट फॉरवर्ड

### इटौंजा विद्युत उपखंड में बिजली अधिकारियों ने लगाया ओटीएस कैंप

**जन एक्सप्रेस/पीयूष द्विवेदी/इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ जिले के इटौंजा विद्युत उपखंड परिसर में ओटीएस कैंप लगाया गया। बता दें कि इस ओटीएस कैंप में लगभग 150 से 200 बिजली उपभोक्ताओं का ओटीएस किया गया। जिसमें इटौंजा, अमानीगंज, महोना, कुम्हरावां, अन्य जगहों के बिजली उपभोक्ता शामिल हुए। वहीं इस कैंप में विद्युत चोरी करते पाए गए उपभोक्ताओं का भी ओटीएस में रजिस्ट्रेशन करवा कर धनराशि जमा करवाई गई। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के गांवों अन्य बिजली उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलती नजर आ रही है। इस मौके पर अधिशासी अभियंता डीपी सिंह, एसडीओ राजकुमार यादव, ओवर अभियंता योगेश यादव एवं अन्य विद्युत कर्मचारी एवं ग्रामीण जनता मौजूद रहीं।



### लकड़ी ठेकेदार ने प्रतिबंधित हरे नीम के 9 पेड़ काटे, पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज

**जन एक्सप्रेस/इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ जिले के इटौंजा थाना क्षेत्र के उदवतपुर गांव निवासी स्व मोहनलाल पाल की बहू सुनिता पाल की जगह में लगें नीम के हरे पेड़ों को गुरुवार रात करीब 2 बजे राकेश कुमार पासी पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम बहरौरा थाना माल ने कटवा दिए। बता दें कि नीम के हरे पेड़ों की कटाई की सुचना अज्ञात ग्रामीण ने इटौंजा पुलिस को दें दी। इस सूचना पर उपनिरीक्षक जय प्रकाश सिंह, कांस्टेबल जाहिद ने शुक्रवार सुबह 5 बजे उदवतपुर गांव में हरे नीम लकड़ी के बोटें जप्त कर ट्रैक्टर ट्राली की मदद से इटौंजा थाना पर लाकर ठेकेदार के विरुद्ध वृक्ष संरक्षण अधिनियम मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रतिबंधित हरे नीम के 9 पेड़ों को कटने पर वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज किया गया हैं।



### 'स्वरोजगार करने वालों का दमन कर रही मध्य प्रदेश सरकार'

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को कहा कि मध्य प्रदेश की नई भाजपा सरकार द्वारा बेरोजगारों व अन्य गरीब मेहनतकशों को रोटी-रोजी उपलब्ध कराने का जरूरी फैसला करने के बजाय, रोजगार के अभाव में मछली, अण्डा, मीट आदि का खुले में स्वरोजगार करने वालों पर दमन शुरू कर देना कितना उचित है? इस विवादित फैसले पर पुनर्विचार जरूरी है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ही नहीं बल्कि सभी सरकारों से महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि को दूर करने पर ही पूरी तन्मयता से काम करने की जरूरत। फिर भी इन वस्तुओं के खुले में व्यापार करने पर इतनी ज्यादा आपत्ति है तो उन्हें उजाड़ने से पहले दुकान एलाट करने की व्यवस्था सरकार क्यों नहीं करती?




### यूपी विधानसभा की सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम: सतीश महाना

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। जल्द ही इस बाबत समीक्षा की जाएगी। वहीं, विधानसभा के एक अधिकारी ने बताया कि संसद की सुरक्षा में सेंध के बाद विधानसभा सचिवालय भी सुरक्षा को लेकर सक्रिय हुआ है। विधायकों के साथ अब अधिकारियों को अब चिप वाले वाहन पास दिए जाएंगे। चिप लगे वाहन देखकर विधानसभा सचिवालय के प्रवेश द्वार स्वतः खुल जाएंगे। सभी प्रवेश द्वार पर सुरक्षा बढ़ाई जा रही है।

## 'लौह पुरुष' को युगों-युगों तक याद करेगी आने वाली पीढ़ी: आशीष पटेल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अपना दल एस के लखनऊ स्थित 1ए, मॉल एवेन्यू कैम्प कार्यालय में आधुनिक भारत के शिल्पकार, एकता व अखंडता के प्रतीक, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि सादगी पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर लौह पुरुष की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि बगैर किसी खूनी क्रांति के लौह पुरुष सरदार पटेल ने अपनी कूटनीति से देश की 565 रियासतों का विलय कर मजबूत भारत का निर्माण किया। देश के निर्माण में एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो ढ़ाचा उन्होंने तैयार किया था। उसके लिए आने वाली पीढ़ियां उन्हें युगों-युगों तक याद रखेगी। इस अवसर पर अपना दल एस की महिला मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रेखा पटेल ने कहा कि वास्तव में आधुनिक भारत के निर्माता सरदार पटेल ही थे। सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रेरणास्रोत हैं।पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कटियार ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल के नाम पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्मारक का निर्माण होना चाहिए, ताकि देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्रीयता का बोध हो। उन्होंने कहा कि किसानों के सच्चे हितैषी सरदार पटेल ने एक संत की भांति जीवन व्यतित करते हुए भारत को विकसित राष्ट्र के तौर पर स्थापित करने की नींव रखी थी। उन्होंने कहा कि हमारी नेता भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री बहन अनुप्रिया पटेल सरदार पटेल की समाधि नई दिल्ली में स्थापित करने की निरंतर मांग कर रही हैं। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अवध नरेश वर्मा व आरबी सिंह, राष्ट्रीय सचिव तेजबली सिंह, केके पटेल, मुन्नर प्रजापति, महिला मंच की प्रदेश सचिव शिल्पी द्विवेदी व शिखा सिंह, विधि मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल, प्रदेशउपाध्यक्ष नंद किशोर पटेल सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संबोधित किया। पुण्यतिथि पर विधि मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र मौर्या, एडवोकेट ज्योति राजपूत, लालता सिंह चौहान, अमन वत्स, अमर सिंह राठौड़ सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने लौह पुरुष की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## सोनभद्र के डोंगिया जलाशय पर घाट के लिए 4.14 करोड़ स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सोनभद्र के पीपरी में स्थित डोंगिया जलाशय को ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए लगभग 4.14 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। जिसके सापेक्ष 01 करोड़ रूपये की धनराशि विभिन्न कार्यों के लिए जारी की गयी है। इस धनराशि से डोंगिया जलाशय पर घाट और अन्य पर्यटक सुविधायें विकसित की जायेंगी। पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध जनपद सोनभद्र को पर्यटन के मानचित्र पर लाने के लिए विभिन्न पर्यटन विकास कार्य कराये जा रहे हैं। इसी कड़ी में डोंगिया जलाशय के सौन्दर्यीकरण एवं अन्य सुविधायें विकसित करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जनपद सोनभद्र अपने मनोरम दृश्यों, हरियाली एवं प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर है। जनपद की सीमायें 04 राज्यों को छूती हैं। इनमें छत्तीसगढ़, बिहार, झारखण्ड और मध्य प्रदेश शामिल हैं। सोनांचल और ऊर्जांचल के नाम से विख्यात इस जिले की तुलना स्वीटजरलैंड से की गयी है। राज्य सरकार इस जनपद को पर्यटन का हब बनाने के लिए प्रयासरत है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में वाराणसी घरेलू पर्यटकों की पहली पसंद है। 2022 में सात करोड़ 12 लाख 31 हजार पर्यटक आए थे। इसमें 83 हजार 741 विदेश से आने वाले पर्यटक थे। काशी विश्वनाथ कारिडोर बनने के बाद बहुत तेजी से पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। वाराणसी के आसपास बहुत से ऐसे धार्मिक, ऐतिहासिक और ईको पर्यटन स्थल हैं, जिसकी लोगों को या तो जानकारी नहीं है या तो बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इसलिए पर्यटन विभाग प्राथमिकता के तौर पर पड़ोसी जिलों के पर्यटन स्थलों का विकास कर रहा है। सोनभद्र वाराणसी से करीब 80 किलोमीटर दूर स्थित हैं। यहां पहाड़, जंगल, नदियां, झरने है। प्रकृति के अनोखे उपहार की वजह से लोग इसे मिनी गोवा के नाम से भी पुकारते हैं। जिला मुख्यालय से करीब 72 किलोमीटर दूर पिपरी नगर पंचायत में डोंगिया जलाशय है।

## लखनऊ के 1090 चौराहे से दीप प्रज्वलित कर मंत्री सुरेश खन्ना ने किया सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ

**✻ कार्यक्रम में यातायात के विभिन्न अधिकारी व कर्मी रहे मौजूद**

**✻ मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा को लेकर बहुत गम्भीर: सुरेश कुमार खन्ना**




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज 1090 चौराहे पर आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर के कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना से देर भली नारे को हमें आत्मसात करने की जरूरत है। इस मुहावरे को हमें अपने मन-मस्तिष्क में बिठा लेना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों एवं घायलों की बढ़ती संख्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुए खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा को लेकर बहुत गम्भीर हैं। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को कम करने के प्रयास करने के निर्देश सड़क सुरक्षा की विभिन्न बैठकों के माध्यम से दिये हैं। इस अवसर पर परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह, विशेष सचिव परिवहन के.पी. सिंह, अपर परिवहन आयुक्त पुष्पसेन सत्यार्थी,उप परिवहन आयुक्त सुरेंद्र कुमार, आरटीओ प्रशासन आर.पी. द्विवेदी, आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज, एआरटीओ प्रशासन लखनऊ अखिलेश द्विवेदी ए आर टी ओ अमित रंजन राय व हिमांशु जैन सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### मंत्री खन्ना ने डाली सड़क दुर्घटना के आंकड़ों पर जताई चिंता

मंत्री खन्ना ने कहा कि वर्ष 2022 में कुल 41,746 एक्सीडेंट हुए जिसमें से 595 की मृत्यु तथा 28,541 घायल हुए। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु के आंकड़ों में वृद्धि चिन्ता का कारण है। विगत तीन वर्षों में औसत मृत्यु में कानपुर नगर सबसे ऊपर है। उसके पश्चात प्रयागराज एवं आगरा का स्थान है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों को आत्मसात करें। हेलमेट एवं सीटबेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। खन्ना ने कहा कि हम सभी दुर्घटनाओं के कारकों को भलीभांति जानते हैं। यदि हम लापरवाही करेंगे तो दुर्घटना के कारण एवं शिकार होंगे। उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने की सलाह देते हुए कहा कि यदि हम वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं तो इसका अर्थ है कि हम एक्सीडेंट को दावत दे रहे हैं।

### सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जोड़े: प्रमुख सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू

प्रमुख सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू ने कहा कि हम ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। टीम भावना से काम करें एवं कार्ययोजना बनाकर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जोड़े। उन्होंने कहा कि कल्चरल टीम के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके अलावा बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रचार माध्यमों से लोगों को परिवहन विभाग जागरूक करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन कर रहा है। इसमें परिवहन विभाग नोडल विभाग है। इसके अलावा पी.डब्ल्यू.डी., शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलायेगा और अपने-अपने विभाग के दायित्वों का भी पालन करेगा।

### अपर पुलिस महानिदेशक यातायात ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की अपील

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक यातायात बी.डी. पालसन ने कहा कि जीवन अमूल्य है। वाहन चलाते समय कभी भी शार्टकट न अपनाएं। उन्होंने कहा कि जब तक कम्युनिटी में से कोई लीडर सामने नहीं आयेगा तब तक सड़क सुरक्षा अभियान मजबूत नहीं होगा। उन्होंने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की अपील की एवं कहा कि यातायात पुलिस आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## नये चेहरों पर भरोसा जता कर भाजपा ने राजनीति में बड़ा उलटफेर कर दिया

**राजस्थान में इसके कहीं कोई आसार नहीं दिख रहे थे कि पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बन सकते हैं। वैसे तो भाजपा इस तरह के चकित करने वाले फैसले पहले भी करती रही है, लेकिन इस बार उसने कुछ ज्यादा ही चौंकाने एवं चमत्कृत करने वाले फैसले लिए। भाजपा ने इन तीनों राज्यों की कमान केवल नए चेहरों को ही नहीं थमाई, बल्कि उन नेताओं को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बनाया, जो अपेक्षाकृत युवा हैं और पार्टी की विचारधारा से गहरे से जुड़े रहने के साथ जमीनी स्तर पर काम करते रहे हैं। महिला नेतृत्व को भी आगे लाया गया है।**

*भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान में ऐतिहासिक जीत के बाद जिस प्रकार मुख्यमन्त्री पद पर चौंकाने वाले नामों के फैसले लेकर सबको चकित किया हैं, उनसे स्पष्ट है कि यह पार्टी राजनीति की नयी परिभाषा गढ़ने के साथ जमीनी कार्यकर्ताओं को भविष्य के नेता बनाने के लिये तत्पर है। पार्टी एवं विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम जनता को सन्देश दे रहे हैं कि साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी पार्टी में एक दिन ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुंच सकता है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश में मोहन यादव और आज राजस्थान में भजनलाल शर्मा को जिस तरह मुख्यमन्त्री का पद सौंपा गया है उससे यह भी साफ करने की कोशिश की गई है कि कोई भी अपनी लोकप्रियता का ढिंढोरा पीटकर और विधायकों को अपनी जेब में रखने का भ्रम दिखा कर मुख्यमन्त्री बन सकता है तो भाजपा आलाकमान उसकी यह दादागिरी बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा में गढ़ी जा रही नयी राजनीतिक परिभाषाएं ही उसके प्रचंड जीत का आधार बन रही है। भाजपा नेतृत्व में सिर्फ औरो पर हुकूमत नहीं की जाती, बल्कि सबका साथ, सबका विकास के आधार राजनीति धरातल को मजबूती दी जाती है। सबके अस्तित्व को नकार कर सिर्फ स्वयं के होने की प्रस्तुति कभी नेतृत्व एवं कर्तृत्व के कद को ऊंचाई दे सकती। भाजपा ने न केवल नए चेहरों पर भरोसा किया है बल्कि राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों को भी उनकी जमीन दिखाने की कोशिश की है, इस तरह की राजनीति के दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं, वहीं राजनीति में नये चेहरों के आने से ताजगी का अहसास किया जा सकता है। राजनीति किन्हीं नेताओं की बपौती नहीं है, यह बात मोदी जैसे नेता ही सिद्ध कर पाये हैं। वरना भारतीय राजनीति में परिवारवाद, धन एवं ताकत का बोलबाला रहा है, जमीन से जुड़े लोग तो राजनीति से घबराने लगे थे। लेकिन भाजपा की राजनीति ने सिद्ध कर दिया कि यहां कुछ भी असंभव नहीं। अनेक विधायकों की उम्र बीत जाती है मुख्यमंत्री पद का इंतजार करते, पर राजस्थान में भाजपा ने पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर एक ऐसा संदेश दिया है, जिसका असर पार्टी में निचले स्तर के कार्यकर्ताओं तक एक खुशखबरी की तरह पहुंचा है। ऐसे फैसले कम होते हैं, पर जब होते हैं, तब लोकतंत्र और उसकी जमीनी राजनीति के प्रति आम लोगों का भरोसा बढ़ता है। इससे लोकतंत्र भी मजबूत होता है और अपने वास्तविक एवं आदर्श स्वरूप को आकार देने का पात्र बनता है। मोदी ने अपने नाम पर प्रादेशिक चुनाव लड़कर एवं जीतकर एक नयी प्रकार की राजनीति को विकसित करने का धरातल तैयार कर दिया है। इसी का परिणाम है कि राजस्थान की राजनीति में अब पीढ़ी परिवर्तन का बिगुल बज गया है। राजस्थान में अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे बारी-बारी सत्ता संभालते आ रहे थे और सत्ता छोड़ने को तैयार नहीं थे, ऐसे में उनको निराशा हाथ लगी है। अब व्यक्तिवादी राजनीति का युग समाप्ति की ओर अग्रसर है, यह भारत में राजनीति को अधिक स्वच्छ, आदर्श एवं दमदार बनायेगा। इस बार के चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि जिस व्यक्ति को भी मोदी का आशीर्वाद प्राप्त होगा और जिसे नवनिर्वाचित विधायक पसन्द करेंगे वही मुख्यमन्त्री होगा। भाजपा ने ये चुनाव प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा आगे रख कर लड़े थे और स्वयं मोदी ने अपनी गारंटी देकर लोगों से वोट मांगे थे। तीनों मे से किसी एक राज्य में भी संभावित मुख्यमन्त्री का चेहरा रखकर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश नहीं की गई थी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**अब मोदी सरकार की सुरक्षित मातृत्व आश्वासन 'सुमन योजना' की बात कर लें। सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना की शुरुआत 10 अक्टूबर 2019 को ही की गई थी। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की जीवन सुरक्षा के लिए निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। इस योजना के जरिए सभी गर्भवती महिलाओं के प्रसव से पहले चार बार मुफ्त जांच का अधिकार है। इसके अलावा प्रसव के समय होने वाला सारा खर्च सरकार द्वारा उठाया जाएगा और प्रसव के बाद 6 महीने तक मां और बच्चे को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएगी। जाहिर है, इन तमाम युगांतकारी योजनाओं का लाभ मुसलमान औरतों को भी तो हो रहा है।**

## क्यों बेवजह पीटा गया निर्दोष मुस्लिम महिला को



आर.के. सिन्हा

**एक बात समझ ली जाए कि अब मुस्लिम औरतें भी पढ़-लिख गई हैं और जाग उठी हैं। अब इन्हें नामंजूर है कि इनके शौहर या परिवार के बाकी सदस्य इन्हें अपना गुलाम बानकर रखें। मध्य प्रदेश की उस बहादुर महिला के जज्बे को सलाम जिसने अपने विवेक से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और उन सबकी शिकायत की जिन्होंने उसके साथ मारपीट की।**

अभी कुछ दिन पहले की एक खबर ने हरेक लोकतांत्रिक मूल्यों में यकीन रखने वाले इंसान को उदास कर दिया होगा। खबर संभवत आपने भी पढ़ ली होगी। अगर किसी कारणवश नहीं पढ़ी तो बताना जरूरी है कि मध्य प्रदेश के जिला सीहोर में एक मुस्लिम महिला को उसके ससुराल वालों ने इसलिए बुरी तरह पीटा, क्योंकि; उसने भाजपा को हालिया विधानसभा चुनावों में वोट दिया था। उस महिला को पीटने वालों में उसका अपना देवर भी शामिल था। उसे जब पता चला कि उसके भाई की पत्नी ने भाजपा के हक में वोट किया है तो उसने अपनी भाभी को बुरी तरह से डंडों से मारा। उसका कुछ संबंधियों और पड़ोसियों ने भी साथ दिया। इसके बाद पीड़ित महिला न्याय के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची और वहां आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। अब जरा बताइये कि भाजपा के खिलाफ इतनी नफरत कुछ लोगों के मन में क्यों है। देश का कोई भी नागरिक किसी भी दल के उम्मीदवार को वोट देने के लिए स्वतंत्र है। ये अधिकार देश का संविधान सभी को देता है। तब किसी को भी इस बात के लिए तकलीफ क्यों हो रही है कि उसके परिवार में किसने फलां-फला दल के पक्ष में मतदान क्यों किया। दरअसल भाजपा सरकार से कुछ कठमुल्लों को इसलिए नाराजगी है क्योंकि उसने (भाजपा) ने मुसलमानों में ट्रिपल तलाक और हलाला जैसे अमानवीय परम्परा को खत्म करने के लिए बड़े कदम उठाए। इन कठमुल्लों की घोर महिला विरोधी सोच को जहां से भी ललकारा जाता है, तो ये पागलपन पर उतरने लगते हैं, बेवजह हिंसक हो उठते हैं। मुझे याद आ रहा है जब कुछ समय पहले मुंबई में उन मुस्लिम महिलाओं के साथ भी इसी तरह मारपीट और धक्कामुक्की की गई जो ट्रिपल तलाक के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चला रही थीं। उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं कुछ सड़क छाप मुस्लिम नेताओं और उनके चेलों द्वारा। इन लफंगों ने हस्ताक्षर अभियान चलाने वाली महिलाओं पर इस्लाम विरोधी होने तक का आरोप भी लगा दिया था। अब मध्य प्रदेश की ताजा घटना को देखिए। हैरानी की बात ये है कि कोई भी मुस्लिम संगठन या अपने को मुसलमानों का नेता कहने वाला उस महिला के साथ खड़ा नहीं हो रहा है जिसके साथ मारपीट की गई है। अपने को मुसलमानों का शुभचिंतक बताने वाली तीस्ता सीतलवाड़ ने उस दीन-हीन महिला के हक में कोई बयान तक नहीं दिया है। वे तमाम लेखक और कैंडल मार्च निकालने वाले बुद्धिजीवी भी नदाराद हैं जो बात-बात पर दीन-हीन मुसलमान औरतें का साथ देने के लिए तैयार रहते हैं। भाजपा को हर वक्त बुरा-भला कहने वाले यह तो अब जान लें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने अभी तक के शासनकाल में औरतों के हक में तमाम बड़ी योजनाएं लागू की हैं और करते ही चले जा रहे हैं। उनका लाभ मुसलमान औरतों को भी हो रहा है। क्योकिं, मोदी जी के शासन में जाति धर्म के आधार पर कोई भेदभाव तो है ही नहीं। इसलिए मुसलमान औरतें की मोदी सरकार और भाजपा को लेकर राय बदली है। प्रधानमंत्री मोदी अपने अधिकांश संबोधनों में महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर देते हैं। मोदी सरकार युवाओं के साथ-साथ महिलाओं के विकास पर भी जोर दे रही है। उसकी तीन योजनाओं के फलस्वरूप महिलाओं को आर्थिक तौर पर मजबूती मिली है। पहले बात की शुरुआत उज्जवला योजना 2023 से ही करते है। प्रदूषण को कम करने व महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं को संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में केंद्र सरकार द्वारा उज्जवला योजना लॉन्च की गई। इस योजना के माध्यम से देश की महिलाओं को निशुल्क गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाते हैं। इस योजना के अंतर्गत देश के 8.3 करोड़ परिवारों को लाभ पहुंचा है। जाहिर है, इस योजना से जिन औरतों को लाभ हो रहा है उनमें मुसलमान और ईसाई महिलाएं भी हैं। क्या जिन्हें उज्जवला योजना से लाभ होने लगा है वह मोदी सरकार का बिना वजह विरोध करेंगी? अब बात करें फ्री सिलाई मशीन योजना की। इस योजना के अंतर्गत देश की तमाम महिलाओं को फ्री सिलाई मशीन प्रदान की जाएगी, जिसके जरिए महिलाएं आसानी से घर बैठे रोजगार प्राप्त कर सकती हैं और जीवन का गुजर-बसर कर सकती हैं। अब मोदी सरकार की सुरक्षित मातृत्व आश्वासन 'सुमन योजना' की बात कर लें। सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना की शुरुआत 10 अक्टूबर 2019 को ही की गई थी। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की जीवन सुरक्षा के लिए निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। इस योजना के जरिए सभी गर्भवती महिलाओं के प्रसव से पहले चार बार मुफ्त जांच का अधिकार है। इसके अलावा प्रसव के समय होने वाला सारा खर्च सरकार द्वारा उठाया जाएगा और प्रसव के बाद 6 महीने तक मां और बच्चे को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएगी। जाहिर है, इन तमाम युगांतकारी योजनाओं का लाभ मुसलमान औरतों को भी तो हो रहा है। इसके साथ ही मोदी सरकार की पहल पर मुसलमान औरतों को तीन तलाक से मुक्ति मिली। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला भी आया। इसने मुसलमान औरतों को तीन तलाक की बर्बर कुप्रथा से मुक्ति दिलवा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान तीन तलाक पर रोक लगा दी। कहते हैं कि हैं कि न्याय अंधा होता है। वरना न्याय की देवी की दोनों आंख पर पट्टी नहीं बंधी होती। इसका पता चला गया। हालांकि , कई कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन ट्रिपल तलाक को जारी रखने की पुरज़ोर वकालत भी कर रहे थे, पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में मुसलमान औरतों को जीवनदान दे ही दिया।



**हैरानी की बात ये है कि कोई भी मुस्लिम संगठन या अपने को मुसलमानों का नेता कहने वाला उस महिला के साथ खड़ा नहीं हो रहा है जिसके साथ मारपीट की गई है। अपने को मुसलमानों का शुभचिंतक बताने वाली तीस्ता सीतलवाड़ ने उस दीन-हीन महिला के हक में कोई बयान तक नहीं दिया है।**

### एक्सप्रेस कविता

*लौट कर नहीं आती परछाइयां वापस। उगते सूरज और धूप में बनती कभी उभरती परछाई लौटती नहीं, सांझ होते ही लुप्त हो जाती, काली स्याह परछाइयों की कोई छवि नहीं होती, सदैव निर्विकार होती हैं परछाइयां, परछाइयों के कोई विचार, शब्दावली नहीं होती, केवल ओझल होने वाली सीमाएं होती हैं। केवल उजालों की स्मृतियां शेष रह जाती हैं, हवा को दोनों हाथों से नहीं समेट सका है कोई, यादों की तरह परछाइयां भी उड़ जाती हैं हवाओं में, सूखी नदियां कभी समंदर में नहीं मिलती, छलकता पानी ही मिल पाता है, छूट जाती है रेत बहुत पीछे, इसी तरह आकाश की कोई परछाई नहीं होती, शायद बिंब भी नहीं, लबालब नदी में पैरों के निशान नहीं बनते, बहते पानी में नहीं लिख सकते नाविक का नाम।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*रुकावट आती है सफलता की राह में यह कौन नहीं जानता फिर भी वह मंजिल पा लेता है जो कभी हार नहीं मानता..!*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 20:00 तक |
| नक्षत्रः | श्रवण 28:37 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | व्याघात, 27:47 |
| सूर्योदयः | 07:07 |
| सूर्यास्तः | 17:25 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 09:41-10:59 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:55-12:37 |

## जन एक्सप्रेस

### फार्मूला तय !

*बन गई है बात ।*
*फार्मूला तय ।।*
*लड़ना इतनी सीटों पर ।*
*मिल रही है लय ।।*
*नई नई है बात चली ।*
*चर्चा इस प्रकार ।।*
*साथ आगे रहने का ।*
*बन रहा आधार ।।*
*मंच से इसे सार्वजनिक ।*
*है झटपट कर डाला ।।*
*कोशिश में हैं आगे भी ।*
*लौटे ये उजाला ।।*
*और इशारों में ही ।*
*है किए प्रहार ।।*
*शायद दिखे और भी ।*
*नया चमत्कार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## छींक रोकने की वजह से फटी व्यक्ति की सांस की नली



**छींक** आना एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन कुछ लोग इसे लोगों के सामने आने पर शर्म भी महसूस करते हैं। जबकि यह कोई बीमारी या फिर किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या नहीं है। छींक को रोकना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसा ही एक मामले ब्रिटेन से सामने आया है, जहां छींक को रोकने की वजह से एक शख्स की सांस की नली फट गई।

**क्या था पूरा मामला?:** दरअसल, हाल ही जर्नल बीएमजे द्वारा हुई एक केस स्टडी के मुताबिक ब्रिटेन के एक व्यक्ति ने छींक को रोकने की कोशिश की, जिसकी वजह से उसकी सांस की नली में छेद हो गया। 34 वर्षीय इस व्यक्ति को कार चलाने के दौरान छींक आई, जिसके बाद उसने उंगली के जरिए नाक को दबा लिया। नाक को दबाने के बाद मुंह के अंदर प्रेशर बना, जिससे विंड पाइप में दो मिलीमीटर का छेद हो गया।

#### छींक रोकने के नुकसान

- छींक रोकना सेहत के लिए कई तरीकों से नुकसानदायक हो सकता है।
- छींक रोकने से मुंह का प्रेशर कान के पर्दों तक पहुंच सकता है, जिससे कई बार कान के पर्दे भी फट सकते हैं।
- इससे मुंह के अंदर दबाव बनने लगता है, जिससे सांस लेने की नली में छेद हो सकता है।
- ऐसी स्थिति में कई बार प्रेशर होने की वजह से रक्त वाहिकाएं फटने की भी आशंका रहती है।

डॉक्टरों के मुताबिक यह दुनिया का ऐसा पहला मामला है।

**डॉक्टर भी रह गए हैरान:** बीएमजे में प्रकाशित इस केस स्टडी के मुताबिक सांस की नली फटने के बाद व्यक्ति दर्द के मारा छटपटाने लगा था, जिसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत देख डॉक्टर्स भी हैरान रह गए थे। दरअसल, डॉक्टर इस बात से भी हैरान थे कि सांस की नली फटने के बाद भी व्यक्ति को खाना निगलने या फिर बातचीत करने में कठिनाई नहीं हो रही थी। हालांकि, इस दौरान उसकी गर्दन बुरी तरह से सूज गई थी और आवाज में भी थोड़ा बदलाव महसूस किया गया था। पीड़ित 5 हफ्तों में पूरी तरह से ठीक हो गया था।

### एक्सप्रेस विशेष

## संसद में छोड़े गये 'पीले रंग' में छिपे 'काले उद्देश्य' का पता लगाना बेहद जरूरी



डॉ. रमेश ठाकुर

**आरोपी मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा की सिफारिश पर कार्यवाही देखने पहुंचे। वो झूठ बोल रहा है या सच? ये जानने के लिए उसका नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर कोई गहरी साजिश है भी, जैसा कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी दावा कर रहे हैं।**

**शीतकालीन** सत्र के 10वें दिन भारतीय संसद के अंदर शायद कुछ बहुत बड़ा होना मुकर्रर था क्योंकि 22 बरस पहले आतंकवादियों द्वारा दिया एक नासूर जख्म जो प्रत्येक 13 दिसबंर की तारीख के दिन याद करके हरा हो जाता है। खैर, गनीमत ये समझें कि संभावित घटना 'पीले रंग' तक ही सीमित रही, वरना कुछ 'काला' भी हो सकता था। 13 तारीख वैसे भी संसदीय परंपरा के लिए 'काली तारीख' ही है। केंद्र सरकार इस अधूरी घटना को हल्के में कतई न ले। नहीं, तो पीले रंग में छिपी ये संदेशवाहक घटना कभी भी पूर्ण घटना में तब्दील हो सकती है। इतना सतर्क हो जाना चाहिए कि दुश्मन घात लगाए बैठा है इसलिए अभी से इस तस्वीर को गंभीरता से लेने की आवश्कता है। आरोपियों की बुनी साजिश की जड़ तक घुसना होगा? उनका मकसद दहशत फैलाना मात्र था या कुछ और? फिलहाल ऐसे तमाम सवाल खड़े हो चुके हैं। पर, अव्वल तो इस घटना को घोर लापरवाही और सुरक्षातंत्र की नाकामी ही कहेंगे। चाकचौबंद सुरक्षा-व्यवस्था से कहां चूक हुई, इसकी भी समीक्षा किए जाने की जरूरत है।

**दर्शक दीर्घा में करीब चार-पांच घंटे बिताते हैं और लंच से पहले अचानक छलांग लगाकर सांसदों की कुर्सियों तक जाते हैं। पीले रंग का 'स्मोक बम' फोड़ देते हैं। 'तानाशाही से आजादी' जैसे नारे लगाते हैं। ये पूरा वाकया तकरीबन चालीस से पैंतालीस मिनट तला। सुरक्षाकर्मियों के पहुंचने से पहले दो सांसद हनुमान बेनीवाल और मलूक नागर हिम्मत दिखाकर उन्हें दबोचते हैं और उन्हें सुरक्षा कर्मियों के हवाले करते हैं।**

बहरहाल, संसद तो नई-नवेली है, जिसे अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बताया जाता है। लेकिन घटना जिस अंदाज में घटी उससे साफ पता चलता है कि साजिश की तासीर कुछ और थी। आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा। पर, लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी ये उसकी पुनरावृत्ति तो नहीं? या फिर उसका पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किए सुनिश्चित हो। एक थ्योरी ये समझ में नहीं आती कि आखिर शीतकालीन सत्र को चले कई दिन हो चुके हैं। पर, हरकत संसद हमले की बरसी के दिन ही क्यों होती है? अचंभित कर देने वाली बात एक ये भी है कि आरोपियों ने भगत सिंह के स्टाइल को क्यों कॉपी किया? पीला धुंआ फैलाकर, नारे लगाना, तानाशाही से मुक्ति मिले? आखिर ये सब किस ओर इशारा करता है। कौन है घटना के पीछे, उसे सामने लाना ही होगा और आरोपी ने जो तानाशाही से आजादी के नारे लगाए हैं उसके निहितार्थ भी सार्वजनिक होने चाहिए। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बेचैन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी? उन्हें खींचकर बाहर निकालना होगा। प्रतीत ऐसा होता है कि आरोपी सिर्फ मोहरा मात्र हैं। मास्टर माइंड कोई और ही है? जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं। संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चित और बेखबर हैं। क्योंकि संसद की सुरक्षा सेफ्टी मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती है। संसद की एक-एक ईंट और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा पहरा बिछा हुआ है। खुदा न खास्ता इंसानी सुरक्षा तंत्र से अगर कोई चूक भी हो जाए, तो पूरी बिल्डिंग तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों से लैस है। कोई संदिग्ध क्या, परिंदा भी पर नहीं मार सकता। पर, अब इन मौखिक और कागजी सुरक्षा व्यवस्था पर संसद सदस्यों को एतबार नहीं रहा। क्योंकि उन सभी को धता बताते हुए आरोपी विजिटर बनकर आसानी से भीतर घुस गए और अपने मंसूबों को अंजाम दे दिया। गनीमत ये समझें कि घटना के दौरान आरोपियों के हाथ में सिर्फ 'स्मोक बम' ही थे, अगर असलहा-वगैरह होता तो वो इस्तेमाल भी कर सकते थे। क्योंकि जब वो सुरक्षा तंत्र की आंखों में धूल झोंककर आपत्तिजनक वस्तुएं अंदर ले जा सकते हैं तो बंदूक-बारूद क्यों नहीं? इसलिए घटना को सबसे पहले सुरक्षा चूक ही कहेंगे। जबरदस्त सुरक्षा पहरे को बेवकूफ बनाकर 'स्मोक बम' फेंककर संसद के भीतर आरोपी अफरा-तफरी मचा देते हैं। बकायदा विजिटर बनकर संसद की कार्यवाही देखने पहुंचते हैं।

# गन्ना की सहफसली फसल बनी आलू और मसूर, आय बढ़ा रहे किसान : डीएसओ

जन एक्सप्रेस । बहराइच



**मिहीपुरवा ।** जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को सलाह दी है कि वह गन्ने की खेती के साथ सह फसली के रूप में आलू और मसूर की खेती करें। इससे उनकी आय में दोगुना वृद्धि होगी। मिहीपुरवा विकास खण्ड के ग्राम कठौतिया में भारत विकसित संकल्प यात्रा में बतौर नोडल अधिकारी के रूप में पंहुचे जिला गन्ना अधिकारी बहराइच आनन्द शुक्ला ने कार्यक्रम के उपरान्त क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसानों के खेतों में जाकर आवश्यक जानकारी प्रदान की और गन्ना विभाग के द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के संबंध में चलाये जा रहे सह फसली अभियान के अन्तर्गत फसलों की जांच की। जिला गन्ना अधिकारी ने ग्राम पंचायत सेमरी घटही के किसान राधेश्याम पुत्र तुलसी के खेत में पंहुचकर गन्ने के साथ सह फसली आलू की फसल को देखा। जिसके बाद ग्राम पंचायत कठौतिया में कुलदीप सिंह पुत्र शेर सिंह के द्वारा शरद कालीन गन्ने के साथ सह फसली के रूप में बोई गई मसूर की फसल का खेत में जाकर निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी साझा की तथा सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के संबंध में मौजूद किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि गन्ना अधिकारी ने बताया कि सह फसली फसल का उत्पादन कर किसान अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। एक फसल के बराबर ही सह फसली फसल में खर्चा आता है। जिससे किसानों को अधिक मुनाफा होता है। इस विधि को सभी किसान अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन करते हुए बेहतर आय अर्जित कर सकते हैं। जिला गन्ना अधिकारी के साथ ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पंकज श्रीवास्तव, गन्ना प्रबंधक श्याम किशोर त्रिपाठी, गन्ना विकास अधिकारी के साथ राधेश्याम, चुन्नू लाल, कुलदीप सिंह आदि काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## नगर पंचायत रुपईडीहा में मैरिज लॉन और रेस्टोरेंट का शुभारंभ

* बहराइच एमएलए प्रतिनिधि, जिप सदस्य, प्रमुख व चेयरमैन ने संयुक्त रूप से काटा फीता



जन एक्सप्रेस । बहराइच

**रुपईडीहा।** नगर पंचायत रूपईडीहा के वासिंदो को सबसे बड़ी दिक्कत शादी विवाह में मैरिज लान की होती थी। जिसका सपना साकार होता दिख रहा है। जायसवाल परिवार ने मैरिज लान और रेस्टोरेंट का शुभारंभ कर नगर वासियों को नई सौगात दी है। शुक्रवार की दोपहर रुपईडीहा में गुरु किचन और रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन हुआ। नेशनल हाईवे 927 पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के पास गुरु किचन एंड रेस्टोरेंट का उद्घाटन बहराइच विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख जेपी सिंह, नगर पंचायत रुपईडीहा अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य व जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर कस्बे के पूर्व प्राचार्य संस्कृत महाविद्यालय मनीराम शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए स्मृति शेष प्रकाश जायसवाल की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण करवाया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु इंटीरियर प्रा.लि.लखनऊ, गुरु इंडस्ट्रीज रुपईडीहा, गुरु इंटीरियर एंड डेकोरेशन नेपालगंज व गुरु किचन एंड लाज प्रकाश जायसवाल का ही स्वप्न था। अब इसे जगमोहन जायसवाल के आत्मज दीपक जायसवाल अपनी लगन व परिश्रम से साकार कर रहे हैं। सभासद रजा इमाम रिजवी ने कहा कि इस नई नगर पंचायत की शोभा इस लाज ने और बढ़ा दी है। रुपईडीहा में शादी विवाह आदि समारोहों के लिए लोग नानपारा, बहराइच व लखनऊ तक जाते थे। इस लाज के सफलता के लिए कामना करता हूं। इस अवसर पर रतन अग्रवाल, संजय वर्मा, राजेश सिंह, निर्मल अग्रवाल, पूर्व प्रधान मो जुबेर फारूकी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों को मालाएं पहनाकर दोशाला ओढ़ाया गया।

## खुरपका–मुंहपका निशुल्क टीकाकरण अभियान का हुआ श्रीगणेश

जन एक्सप्रेस । बहराइच

* सदर विधायक ने डीएम के साथ टीकाकरण अभियान का किया शुभारम्भ

भारत सरकार के सहयोग से खुरपका मुँहपका रोग नियन्त्रण (एफएमडीसीपी) कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद बहराइच में 15 दिसम्बर से 31 जनवरी 2024 तक संचालित होने वाले खुरपका-मुँहपका निःशुल्क टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ हुआ। सदर विधायक अनुपमा जायसवाल व जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट परिसर से बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर निःशुल्क टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ ओम प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ इस्लामुद्दीन, डॉ हरीश चन्द्र, डॉ शाही, पशु चिकित्साधिकारी डॉ विश्वनाथ प्रताप, डॉ अनुरुद्ध सिंह, डॉ अतुल मौर्य, डॉ एस.पी. सिंह, डॉ साहित्य भूषण यादव सहित विभागीय चिकित्सक व कर्मचारी वरिष्ठ सहायक फिरोज ईशा सिद्दीकी मौजूद रहे। यह जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि सम्पूर्ण जनपद के लगभग 6,88,265 पशुओं के निःशुल्क टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए 24 टीमों का गठन किया गया है। डा. प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक छः माह के अन्तराल पर टीकाकरण अभियान संचालित किया जाता है। खुरपका-मुहँपका बीमारी पशुओं में होने वाली एक घातक जानलेवा बीमारी है, जो कि एक विषाणु जनित रोग है। यह बीमारी मुख्यतः गाय, बैल, भैंस, भेड़, बकरी तथा सूकरों में होती है, जो रोगग्रसित पशुओं के सम्पर्क में आने और साथ में खाने पीने से फैलती है। इस बीमारी में पशु को 104 से 106 डिग्री फॉरेनाहइट तक तेज बुखार आना, मुँह से झाग नुमा लार का गिरना, चप-चपाहट की आवाज, मुँह, जीभ तथा थनों एवं खुरों के बीच में छाले पड़ जाते हैं। पशु का अत्यधिक दुर्बल होना, उत्पादकता में कमी तथा गर्भित पशुओं का गर्भपात हो जाना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं।

## लौह पुरुष तथा भारत के बिस्मार्क कहे जाते थे सरदार पटेल

जन एक्सप्रेस । बहराइच

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित स्थानीय सेनानी भवन के सभागार में शनिवार को सेनानी उत्तराधिकारियों ने लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संरक्षक अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि उन्हें भारत का लौहपुरूष तथा भारत का बिस्मार्क कहा जाता है, वह एक साधारण परिवार पैदा होने के बावजूद एक मजबूत,अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे, वो तत्कालीन कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में एक थे, उन्हें स्वतंत्रता आन्दोलन में वर्षों जेल में रहना पड़ा।संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि सरदार पटेल एक भारतीय अधिवक्ता एवं राजनेता थे, उन्होंने स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत रहकर अग्रणी भूमिका निभाई और एकीकृत स्वतंत्र राष्ट्र में एकीकरण का मार्ग प्रशस्त किया। संगठन के वरिष्ठ सदस्य शिव कुमार कौशल ने कहा कि महात्मा गांधी ने द बारडोली सत्याग्रह में अपने महान संगठनात्मक कौशल के लिए वल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि दी। ब्लाक अध्यक्ष बदलूराम गौतम ने कहा कि बिना किसी जंग के उन्होंने 562 रियासतों को भारत में विलय किया, उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण हैदराबाद निजाम और जूनागढ़ की रियासत को न चाहते हुए भी भारत संघ में सम्मिलित होना पड़ा, आज ही के दिन गुजरात में उनकी विश्वविख्यात प्रतिमा लगी हुई है जिसे स्टेच्यू ऑफ यूनिटी कहते हैं। अन्त में देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सेनानी उत्तराधिकारियों ने उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## विश्व हिंदू महासंघ द्वारा संगीतमय सुंदर काण्ड संपन्न

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** कस्बे के मोहल्ला कटरा में विश्व हिंदू महासंघ की मासिक बैठक में संगीतमय सुंदर काण्ड का आयोजन किया गया। बैठक संगठन को मजबूत करने की रूपरेखा पर चर्चा हुई। कस्बे के मोहल्ला कटरा में विश्व हिंदू महासंघ के नगर अध्यक्ष आयुष अग्निहोत्री के आवास पर संगठन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे संगठन को मजबूत करने के लिए रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।संगठन के जिला प्रभारी संजीव अग्निहोत्री ने कहा आज हिंदू समाज को एकजुट होने का समय आ गया है। संगठन पूरे जनपद में गौसेवा के लिए कार्य कर रहा है। हर मासिक बैठक में जनपद में अलग अलग तहसीलों में संगीतमय सुंदर काण्ड का पाठ आयोजित किया जाता है।

## मार्ग दुर्घटना में दो की मौत, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया

* एक आसाम रोड तथा दूसरा भिन्गा रोड पर हुआ हादसे का शिकार

जन एक्सप्रेस । बहराइच

**बहराइच।** एक तरफ परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ कर रहा है वहीं दूसरी तरफ शहर से सेट दो स्थानों पर सड़क हादसों में दो की मौत हो गई। आसाम चौराहे से घर जा रहे एक साइकिल सवार अधेड़ को ट्रक ने रौंद दिया, जबकि एक युवक की डिवाइडर से टकराने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना दरगाह शरीफ अन्तर्गत ग्राम सलारपुर निवासी चुन्ना(50) पुत्र दोस्त मोहम्मद गुरुवार को आसाम चौराहा, बहराइच से साइकिल से अपने घर जा रहा था। जब यह रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा तो एक ट्रक ने इसे रौंद दिया, जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा इलाज के लिए इसे मेडिकल कालेज बहराइच ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने इसे मृत घोषित कर दिया। एक अन्य मार्ग दुर्घटना में थाना दरगाह शरीफ अन्तर्गत ग्राम टेंडवा तुरहनी निवासी बाइक सवार युवक दिलीप(28) पुत्र मनोरथ की बहराइच-भिनगा मार्ग पर आसाम चौराहे से लगभग पांच सौ मीटर दूर डिवाइडर से टकराकर घायल होने से मौत हो गई। पुलिस द्वारा दोनों का पोस्टमार्टम कराया गया।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जीनियस पब्लिक स्कूल का रहा दबदबा





जन एक्सप्रेस । हरदोई

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वाधान में शुक्रवार को स्थानीय प्राइवेट बस स्टाप प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे जीनियस पब्लिक स्कूल के बच्चों का दबदबा रहा।जूनियर बालिका वर्ग व बालक वर्ग विनर रहे। शुक्रवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का खंड विकास अधिकारी राजीव गुप्ता ने कस्बे के प्राइवेट बस स्टाप प्रांगण में उद्घाटन किया।इस प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तरीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।वाली बाल में जहां एक तरफ जीनियस पब्लिक स्कूल के बालक वर्ग विनर रहा।वहीं बालिका वर्ग ने भी कबड्डी में विनर रहकर जीनियस पब्लिक स्कूल का दबदबा कायम रखा। 100 मीटर व 800 मीटर की स्प्रिंट दौड़ में जूनियर बालिका वर्ग की कोमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि साक्षी ने द्वितीय व राधा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में जीनियस पब्लिक स्कूल के आशुतोष कुशवाहा प्रथम व गोलू सिंह द्वितीय स्थान पर रहे।किया।वालीबाल में जहां जीनियस पब्लिक स्कूल की टीम के कप्तान अखंड प्रताप बालक वर्ग विनर रहे।वहीं कबड्डी की टीम की कैप्टन कोमल यादव बालिका वर्ग की विनर रही ।जीनियस पब्लिक स्कूल के क्रीड़ा शिक्षक पंकज अस्थाना द्वारा छात्र छात्राओं को खेल के लिए गाइड किया गया। ब्लॉक प्रमुख अनोखेलाल कश्यप ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए प्रतियोगिता का समापन किया।

## अब खाड़ी देशों में दिखेगा बहराइच की खेती का जलवा

जन एक्सप्रेस । अजय त्रिपाठी

* खाड़ी देश से आए 18 सदस्य प्रतिनिधिमंडल का जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान ने किया स्वागत

**बहराइच।** जिले की खेती का जलवा अब खाड़ी देशों में दिखाई देगा। इसके लिए यहां 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल खाड़ी देशों से आया। इस प्रतिनिधिमंडल का जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान बहराइच ने थारू नृत्य के साथ स्वागत किया गया। टाटा समूह के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बहराइच आए प्रतिनिधियों ने बहराइच में खेती पर प्रशिक्षण किया। संस्थान के अध्यक्ष जसवीर सिंह ने बताया कि खाड़ी देशों से समूह ने टाटा समूह के साथ करार किया है कि भारत में खेती कैसे की जाती है एवं किन किन तरह के सब्जी एवं अनाज बोए जाते हैं और उसमे किस तरह की खाद का प्रयोग होता है यह सारी चीजों अध्यन काफी बारीकी के साथ किया गया। गल्फ प्रतिनिधियों में समूह के मुखिया मिस्टर मोहम्मद के साथ खास बातचीत में उन्होंने बताया कि भारत दुनिया एक मात्र एक ऐसा देश है जहां है दुनिया के सारे धर्म बड़ी ही सहजता के साथ रहते है और ये देख के काफी अच्छा लगता है भारत का उनका अनुभव काफी अच्छा रहा यहां के लोग काफी जुझारू एवं मेहनती है। हमारे समूह ने खेतो में कैसे अनाज एवं सब्जियां बोई जाती है इसको बड़े ही ध्यान से सीखा और खुद भी साथ में सब्जीयो के बीज लगाए जिसमे टमाटर, मिर्चा आदि पौधे थे। यह सब करना काफी शानदार रहा संस्थान के कार्यों में खास तौर पर लोकजनजाति थारू नृत्य उन्हे काफी पसंद आया एवं संस्थान के अन्य कार्यों की भी काफी सराहना की। इस कार्यक्रम में टाटा पावरग्रिड समूह के सीईओ, प्रदेश के हेड इन चार्ज सुबोध दीक्षित, जिला सयोजक पावरग्रिड देवाशीष, ताज होटल लखनऊ के मैनेजर, ध्येय आईएएस सेंटर के सीईओ, संस्थान के अध्यक्ष जसवीर सिंह, कोषाध्यक्ष बृजेंद्र पांडे, सचिव गौरव शर्मा, सदस्य सौरभ पाण्डेय, स्पर्श शुल्क, आदि लोग मौजूद रहे।

## चौपाल कार्यक्रम में सुनी गईं समस्याएं, समाधान का मिला आश्वासन

जन एक्सप्रेस । हरदोई

ग्राम पंचायत खेरिया विकास खंड हरियावाँ में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गयाद्व जिसमें जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार एवं खंड विकास अधिकारी निधि राठौर ने ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना एवं समाधान करने का आश्वासन दिया। ग्राम वासियों ने प्रमुख रूप से बारात घर, अंत्येष्टि स्थल बनने, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने एवं आयुष्मान कार्ड पेंशन किसान सम्मान निधि की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया द्य जिला विकास अधिकारी ने जल्द ही ग्राम पंचायत में आयुष्मान कार्ड बनने एवं किसान सम्मान निधि बनाए जाने के लिए कैंप लगाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान खेरिया दिनेश कुमार, आशुतोष आजाद एडवोकेट प्रधान प्रतिनिधि, पवन सहित सैकड़ो ग्राम वासी मौजूद रहे।

## द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जागरूकता वाहन रवाना

जन एक्सप्रेस । बहराइच

''सुरक्षित यात्रा-सुरक्षित जीवन'' के संकल्प तथा शीत ऋतु में सड़क दुर्घटनाओं व उनसे होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाये जाने के उद्देश्य के साथ वर्ष 2023-24 में 15 से 31 दिसम्बर 2023 तक आयोजित होने वाले द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के शुभारम्भ अवसर पर सदर विधायक अनुपमा जायसवाल व जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता वाहनों को रवाना किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार, डिप्अी कलेक्टर अश्वनी पाण्डेय, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह सहित अन्य स्टेक होल्डर्स विभागों के अधिकारी व गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जागरूकता वाहनों द्वारा नगर के मुख्य चौराहों व प्रमुख स्थानों पर आमजन को यातायात नियमों का पालन करने यथा वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करने, सीट बेल्ट का सदैव प्रयोग करने, बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित सीमा से अधिक गति से वाहन न चलाने, बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने, पार्किंग के नियमों का पाचन करने, आवश्यकतानुसार इंडीकेटर्स का प्रयोग करने तथा अपनी लेन में ही वाहन चलाने इत्यादि के बारे में लोगों को जागरूक किया जायेगा।

## डीसीएम की टक्कर से अधेड़ की मौत, चालक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई

* पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है
* गिरफ्तार चालक लखनऊ के मलिहाबाद के माधौ पुर का निवासी है

हरदोई हाइवे पर ग्राम बिलहरी के निकट डीसीएम की टक्कर से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई।चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शुक्रवार को हरदोई हाइवे पर ग्राम बिलहरी के निकट हरदोई से कार्य निपटा कर वापस आते समय शाहजहांपुर के थाना कांठ के कुर्रिया कलां निवासी लालाराम 50 वर्ष पुत्र रामप्रसाद की मोटर साइकिल में पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम यूपी एम एन 1992 ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। डीसीएम चालक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। गिरफ्तार चालक प्रमोद यादव पुत्र श्रीपाल यादव लखनऊ के मलिहाबाद के माधौ पुर का निवासी है। चालक ने बताया वह मलिहाबाद से लोनी चीनी मिल चीनी लादने आ रहा था। साइकिल सवार को बचाने में टक्कर हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## साइबर ठगी से बचाव व सावधानियों के लिए छात्र–छात्राओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । हरदोई

आजकल हो रही साइबर ठगी से बचने के लिए स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के इंटर कालेजों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए जागरूक करने का काम किया।उन्होंने छात्र छात्राओं को आर्केस्ट्रा प्रोग्राम के जरिए साइबर ठगों से कैसे बचा जाए इसके लिए गुर सिखाए। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के महात्मा गांधी इंटर कालेज पलिया,विजय शंकर इंटर कालेज हरपालपुर व ज्ञान स्थली इंटर कालेज हरपालपुर में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस ने साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक किया।पुलिस ने कालेजों में आर्केस्ट्रा प्रोग्राम के जरिए छात्र छात्राओं को साइबर ठगी से बचाव के गुर सिखाए।

## बिना काम कराए ही ले लिया भुगतान, शिकायत होने पर कार्य हुआ शुरू, नाबालिग कर रहे काम

जन एक्सप्रेस । बस्ती

* द्वउच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर शिकायतकर्ता ने कार्रवाई की किया मांग
* द्वपूर्व प्रधान हरि राम ने बिना कार्य कराए ही लिया है भुगतान : शिकायतकर्ता
* शिकायत पर पूर्व प्रधान द्वारा आनन फानन में कराये जा रहे निर्माण कार्य में नाबालिक बच्चे कर रहे हैं काम : शिकायतकर्ता

**गौर।** बस्ती जिले के विकासखंड गौर अंतर्गत ग्राम पंचायत बैदोलिया अजायब मे बिना कार्य कराए ही पूर्व प्रधान द्वारा भुगतान को लेकर नंदलाल पुत्र तुलाराम के शिकायत के बाद आनन फानन में पूर्व प्रधान द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य मे नाबालिक बच्चे भी काम कर रहे हैं जिसकी शिकायत नंदलाल पुत्र तुलाराम ने श्रम अधिकारी बस्ती सहित जिले के उच्च अधिकारियों से की और कार्रवाई की मांग किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार - गौर विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत वैदोलिया अजायब मे पूर्व प्रधान हरिराम द्वारा वर्ष 2018 में राजकुमार के बाग से दक्षिण मानिकराम के घर तक मिट्टी और खड़न्जा निर्माण कार्य दिनांक 01.11.2018 को नहीं कराया गया एवं इस कार्य पर भुगतान पूर्व प्रधान हरि राम द्वारा निकाल लिया गया । शिकायतकर्ता नंदलाल पुत्र तुलाराम को जानकारी होने पर उन्होंने जन



सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जनसूचना मांगा तो मजबूर होकर पूर्व प्रधान हरिराम एवं रोजगार सेवक राजेश यादव द्वारा खड़न्जा निर्माण कार्य आनन- फानन में दिनांक 08.12.2023 को शुरू कर दिया गया । शिकायतकर्ता नंदलाल पुत्र तुलाराम का आरोप है कि खड़न्जा निर्माण कार्य मे रोजगार सेवक राजेश यादव द्वारा नाबालिक छोटे-छोटे बच्चों द्वारा काम कराया गया । शिकायतकर्ता नंदलाल पुत्र तुलाराम द्वारा मना करने पर पूर्व प्रधान हरिराम और रोजगार सेवक राजेश यादव व वर्तमान प्रधान पुत्र जितेंद्र चौधरी द्वारा खडन्जा निर्माण कर लिया गया। वर्तमान प्रधान पुत्र जितेंद्र चौधरी द्वारा वर्ष 2022 व 2023 में इस पर खड़न्जा लगने से पूर्व मिट्टी का कार्य राजकुमार यादव के बाग से मानिकराम के घर से होते हुए आगे तक कराया गया इस पर पूर्व में खड़ंजा होता तो मिट्टी का काम ना होता । नंदलाल पुत्र तुलाराम ने शिकायती पत्र में कहा है कि इसी प्रकार ग्राम पंचायत वैदोलिया अजायब में सरकारी धन का बंदर बांट किया जा रहा है। अब यह सवाल उठता है कि ग्राम पंचायत बैदौलिया अजायब मे तैनात सचिव ने अपना ईमान बेचकर रिपोर्ट लगाकर भुगतान किया था ग्राम पंचायत में कार्य को बिना जांच के ही अपने ऑफिस में बैठे-बैठे रिपोर्ट कर देते हैं। क्या सचिवो को सही को गलत और गलत को सही करने का किताब मिल गया है। या फिर उच्च अधिकारियों द्वारा सचिव को मन माने ढंग से कुछ भी करने का पावर दे दिया है क्या भ्रष्टाचार में लिप्त सचिवो के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं होगी आम जनमानस के लिए यह एक प्रश्न बना हुआ है। फिलहाल ब्लाक गौर के ग्राम पंचायत वैदोलिया अजायब मे हुए सरकारी धन के बंदरबांट की जांच एवं उचित कार्रवाई करने हेतु शिकायतकर्ता नंदलाल पुत्र तुलाराम ने जिले के उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र देखकर उचित कार्रवाई की मांग किया है।

# सड़क सुरक्षा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

जन एक्सप्रेस । उरई



शासन के निर्देश पर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा आमजनमानस में जागरूकता लाए जाने के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी ईरज राजा ने संयुक्त रूप से द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के प्रचार वाहन, एनसीसी, स्काउट गाइड एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का उद्देश्य आमजनमानस को यातायात के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जाए। रैली में विभिन्न विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजनमानस को स्लोगन के माध्यम से यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया। डीएम ने आमजनमानस से अपील की है कि यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें। छोटी-छोटी सावधानियां बरतने से हम स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

किसी भी प्रकार के स्टंट करने से बचें तथा यातायात संकेतांकों का स्वयं पालन करें। इसके साथ ही दूसरे लोगो को भी यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें। वाहन चलाते समय नशीले पदार्थो का सेवन न करें। अपनी व दूसरों के जीवन को सुरक्षित कर सकते हैं। सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली के आयोजन में माध्यमिक विद्यालय, स्वास्थ्य विभाग, महिला कल्याण विभाग, होमगार्ड स्वयं सेवक, एनसीसी, स्काउट गाइड एवं विभिन्न विक्रेता ऐजेन्सी के दोपहिया वाहन चालक ने स्लोगन के साथ आमजनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति उत्साह के साथ जगारूक किया गया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार, सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सौरभ कुमार, सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रर्वतन राजेश कुमार वर्मा, सुरेश कुमार, विनय पांडेय आदि सहित संबंधित मौजूद रहे।

## मोटे अनाज को अपने आहार में करें शामिल: जयनाथ कुशवाहा

**जन एक्सप्रेस/बनकटा देवरिया।** बनकटा विकासखंड के ग्राम पंचायत किशोरी छापर एवं इंदरवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई गई एवं उन विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे जिन लोगों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से आमजन को अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्वला योजना के पांच लाभार्थियों को निशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को कम प्रीमियम पर अधिक लाभ देने का कार्य सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

# कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया स्व. केसर देवी बालिका कॉमन हाल का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । भाटपाररानी, देवरिया

उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि,कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि यूपी बिहार की सीमा पर स्थापित मदन मोहन मालवीय शिक्षण संस्थान को आने वाले समय में विश्वविद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। यह बातें शुक्रवार को कस्बा के मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज परिसर में प्रबंध तंत्र के निजी संसाधन से निर्मित स्व केशर देवी बालिका कामन हाल के लोकार्पण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री भाई नरेंद्र मोदी ने अमृत काल की चर्चा के दौरान देश के सामने कहा था कि जब मेरा देश आजादी का शतक मनाएगा। उस समय देश एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 40 वर्षों में नहीं बन पाई लेकिन पीएम के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति का गठन हुआ है, जिससे देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो रहा है। पहले की शिक्षा नीति में बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गई थी।

आज कौशल विकास के तहत युवाओं को रोजगार मिल रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत देश की आधी आबादी सशक्त हो रही है। जिसका ज्वलंत उदाहरण मालवीय कॉलेज की बेटी आंचल तिवारी ने अपनी संगीत की प्रस्तुति देकर सिद्ध करने का प्रयास किया है। खेल, विज्ञान ,साहित्य व इतिहास के क्षेत्र में देश आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के आयोजक मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज के प्रबंधक व वरिष्ठ भाजपा नेता राघवेन्द्र वीर विक्रम सिंह ने कहा कि आज यह संस्थान इस संस्था के शिल्पकार मेरे पिता पूर्व प्राचार्य कामेश्वर सिंह के निर्देशन में अपने लक्ष्य को हासिल कर रहा है। यह कामन हाल मेरी मां स्व केशर देवी की स्मृति में निर्मित हुआ है।

समारोह का कुशल संचालन संस्थान के उपाध्यक्ष व भाजपा नेता डॉ पवन कुमार राय ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंद्र गौड़ द्वारा लिखित पुस्तक **अनुवांशिकी का सार** एवं प्रोफेसर कमलेश नारायण मिश्र द्वारा लिखित पुस्तक नई शिक्षा नीति तथा कौशल विकास 20-20 का विमोचन किया। इस दौरान इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रामसजीवन त्रिपाठी, बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या कनक लता सिंह, अवधेश मिश्रा, श्रीनिवास मणि, डॉ कमलेश नारायण मिश्र, डॉ सुशील पांडेय, प्रवीण शाही, शिव प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## कालपी का संपूर्ण समाधान दिवस आज, तैयारियां पूर्ण

जन एक्सप्रेस । कालपी

महीने के तीसरे शनिवार 16 दिसम्बर को कालपी में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। तहसील परिसर में कई विभागों के द्वारा चलाई जारी योजनाओं के बारे में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

मालूम हो कि संपूर्ण समाधान दिवस में तहसील कालपी में जिलास्तर के अधिकारियों के अलावा तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद होकर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निराकरण करेंगे। इसके लिए आयुर्वेदिक चिकित्सा, विद्युत विभाग के अफसर तथा कर्मचारियों के द्वारा शिविर लगाकर पात्र लोगों को लाभकारी योजनाओं के बारे में बताकर जागरूक किया जाएगा। शुक्रवार को दिनभर परिसर में साफ सफाई करने में कर्मचारी जुटे रहे तथा लंबित मामलों को निस्तारण करने में विभागीय कर्मचारी जुटे रहे।

# जिला अस्पताल में कमीशन का खेल डॉक्टर लिख रहे बाहर की दवा

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह/ इरफान बाबा



**उरई।** जिला अस्पताल में निशुल्क इलाज के दावे हुए फैल। जिला अस्पताल में कमीशन खोरी के चलते इलाज कराने आ रहे मरीजों को बाहर की दवा लिखकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। यही नहीं खुलेआम एमआर दवा कंपनियों की मार्केटिंग और सेलिंग करने का काम जिला अस्पताल में करते देखे जा रहे हैं, तो वही आने वाले मरीजों को इंजेक्शन लगाने का प्राइवेट लोग कर रहे हैं। लेकिन वहीं पर डॉक्टरों द्वारा अस्पताल में दवा उपलब्ध होने के बाद भी दवा देने से मना करते हैं और समय से पहले उठकर चले जाते हैं, जो जिला अस्पताल की लापरवाही को दर्शाने के लिए काफी है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर जिम्मेदार अधिकारी भी जांच की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। प्रदेश सरकार की बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के निर्देश का असर जालौन में होता नहीं दिखाई दे रहा।

गौरतलब है कि हमेशा ही विवादों में रहने वाले उरई जिला अस्पताल में सीएम योगी के निर्देशों की खुलकर अनदेखी की जा रही है। निशुल्क इलाज की उम्मीद लगाए ग्रामीण अंचलों और दूरदराज इलाकों से आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों के साथ खुलेआम आर्थिक शोषण किया जा रहा है। अस्पताल में दवाएं मौजूद होने के बावजूद भी तैनात डॉक्टर बाहर मेडिकल की दवा लिख रहे हैं। जिसे लेने के लिए इन मरीजों और तीमारदारों को मजबूर होना पड़ रहा है। जिला अस्पताल के जिम्मेदारों की लापरवाही का ही नतीजा है कि अस्पताल में तैनात कई डॉक्टर खुलेआम बाहर की दवाएं लिखकर कमीशन खोरी करने में लगे हुए हैं। मौसम के बदलते मिजाज के साथ जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा है। जिसका फायदा तैनात डॉक्टर उठाने से बाज नहीं आ रहे। शहर के सुशील नगर इलाके में रहने वाला एक युवक बताता है कि वह अपनी पत्नी की आंख में परेशानी होने पर इलाज कराने के लिए जिला अस्पताल आया था। ठेला लगाने वाला यह मजदूर निशुल्क इलाज की उम्मीद लिए जिला अस्पताल तो पहुंच गया लेकिन डॉक्टर ने उसे अस्पताल के बाहर की दवा लिखी है। उसने दवा का पर्चा दिखाते हुए बताता है कि उसने बाहर मेडिकल से 400 रूपये की दवा खरीदी है। वह मजदूर है और जिला अस्पताल में निशुल्क इलाज की उम्मीद लेकर आया था। जितना उसने कमाया नहीं उससे ज्यादा कि उसने दवा ले ली। जिला अस्पताल में बाहर की दवा लिखकर खुलेआम हो रही कमीशन खोरी के खेल को हर उस मरीज की जुबानी सुनी जाती है, जो निशुल्क इलाज की उम्मीद लेकर जिला अस्पताल आता है और उसके साथ डॉक्टर आर्थिक शोषण करने से बाज नहीं आते। जिला अस्पताल में हो रही कमीशन खोरी को तब और बल मिल गया जब अस्पताल के अंदर फार्मेसी कंपनी के दवाओं की मार्केटिंग करने के लिए एक एमआर घूमता नजर आया। एमआर बताता है कि वह डॉक्टर साहब को अपनी कंपनी की दवा को दिखाने आया था। ताकि उसकी मार्केटिंग और सेलिंग हो सके। जब उससे पूछा गया कि तुम क्या यहां दबा देते हो तो उसने बताया कि दवा देने का काम दूसरा व्यक्ति आकर करता है। जिससे साफ जाहिर होता है कि जिला अस्पताल में तैनात सरकारी डॉक्टर बाहर की दबाव को लिखने और बेचने में कितनी दिलचस्पी दिखाते हैं। जो कहीं ना कहीं अस्पताल में हो रही कमीशन खोरी की कहानी को बयां करता है।

## हत्या के प्रयास मामले में पिता व दो पुत्रों को हुई दस-दस साल की सजा

जन एक्सप्रेस । उरई

- न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर 22-22 हजार का लगाया जुर्माना

न्यायालय में जिला जज की कोर्ट में बिचाराधीन हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी पिता व दो पुत्रों को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद 22-22 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

गोहन थाना के ग्राम कुरसेंडा निवासी जितेंद्र सिंह तीन अप्रैल 2016 को अपने घर के बाहर चारपाई पर लेटा हुआ था। तभी पड़ोस में रहने वाली राहुल सिंह उसके घर पहुंचा और गली गलौज करने लगा। जितेंद्र के मना करने पर वापस लौट गया। थोड़ी ही देर में राहुल अपने भाई राजकुमार और पिता रूप सिंह के साथ जितेंद्र सिंह के दरवाजे पर पहुंच गया। वहां फिर से गली गलौज होने लगी। तभी राहुल सिंह ने अपने हाथ में लिए बल्लम से जितेंद्र सिंह के शरीर पर कई बार कर दिए। जितेंद्र ने घायल हालत में घर के अंदर भाग कर अपनी जान बचाई।

ने घटना की शिकायत दूसरे दिन गोहन थाना पुलिस से की। पुलिस ने पिता व उसके दोनों पुत्रों के विरुद्ध हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन पुलिस ने विवेचना के समय पिता का नाम घटना से पृथक कर दिया था। पीड़ित के प्राथना पत्र पर जिला जज ने बाद में पिता के नाम को घटना में शामिल कर लिया था। यह मामला जिला जज कोर्ट में विचाराधीन था। शुक्रवार को अपर जिला जज लल्लू सिंह ने पिता व उसके दोनों पुत्रों को पांच गवाहों और साक्ष्य के आधार पर दोषी करार दिया है। वादी पक्ष की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता लखन लाल निरंजन ने की है। जिला जज ने दोषी करार देते हुए 10-10 साल की सजा सुनाई है।

जज ने तीनों पर 22-22 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा प्रचार प्रसार वाहन को सदर विधायक ने दिखाई हरी झण्डी

जन एक्सप्रेस । महोबा



मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र सं0 1, 440447, 30 मार्च 2023 दिनांक 5 दिसम्बर 2023 द्वारा वर्ष 2023-24 में सड़क सुरक्षा पखवाडा दिनांक 15 दिसम्बर से दिनांक 31 दिसम्बर 2023 तक मनाया जा रहा है। उक्त सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन समारोह परिवहन विभाग, महोबा द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे स्थान- ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल, महोबा में सदर विधायक राकेश कुमार गोस्वामी नें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की उपस्तिथि में दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया। जिसमें डा0 विजय कुमार, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) कानपुर सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, स्कूल के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य, सुनील दत्त, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन), राजेन्द्र कुमार सोनी बस यूनियन के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन ट्रक यूनियन के अध्यक्ष, व्यापार मण्डल अध्यक्ष, शिव कुमार गोस्वामी समाज सेवी पत्रकार बन्धु एवं नगर के गणमान्य नागरिक तथा विद्यालय के समस्त अध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने समारोह में प्रतिभाग किया। सदर विधायक, जिलाधिकारी, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) कानपुर द्वारा सडक सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त किये। विचारोपरान्त वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीटवेल्ट का प्रयोग करना, ओवर स्पीड से वाहन न चलाना एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने सम्बन्धी जानकारियाँ दी गयी। विभिन्न अधिकारियों, समाज सेविओं द्वारा सडक सुरक्षा के जागरूकता के सम्बन्ध में प्रकाश डालते हुये सडक सुरक्षा के नियमो का अनुपालन करने हेतु मार्ग दर्शन प्रस्तुत किये इसके अतिरिक्त स्कूल के छात्र, छात्राओं स्वागत गीत, नृत्य एवं लघु नाटको के माध्यम से सडक सुरक्षा से सम्बन्धित प्रस्तुतियां दी गयीं। कार्यक्रम की समाप्ति पर सदर विधायक, जिलाधिकारी, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) कानपुर तथा अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर प्रचार हेतु रवाना किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती शिल्पी पुरवार एवं श्रीमती अर्चना सिंह ने किया।

## निरूद्ध कैदियों की रिहाई हेतु अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के अध्यक्षता में निरूद्ध कैदियों की रिहाई हेतु जिला कारागार देवरिया में अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में ऐसे निरूद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) दं0प्र0सं0 से आच्छादित हैं तथा पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं उससे संबंधित बंदियों के मामलों तथा ऐसे बन्दी जिनकी जमानत मा0 न्यायालय के द्वारा हो गयी है परन्तु जमानतदार के अभाव मे कारागार में निरूद्ध है के सन्दर्भ में वार्ता की गयी। जनपद न्यायाधीश देवन्द्र सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी बंदी विधि के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके सम्बन्ध में नियमानुसार रिहाई की कार्यवाही की जायें।

# चिकित्सालय व बैंकों में परखी अग्निशमन की सुरक्षा

जन एक्सप्रेस । कालपी



चिकित्सालय व बैंकों में अग्निशमन सुरक्षा उपायों की हकीकत को परखने के लिए अग्निशमन केंद्र प्रभारी अधिकारी एमपी वाजपेई के नेतृत्व में फायरमैनो के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।

जिला प्रशासन के निर्देश पर अस्पतालों के अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों के मानकों को परखने के लिए अग्निशमन अधिकारी की टीम में सामुदायिक स्वास्थ्य कालपी, मां जानकी अस्पताल, कालपी हॉस्पिटल, किलकारी मेडिकल स्टोर तथा प्रीति हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। अग्निशमन विभाग की टीम ने फायर विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र देखे तथा परिसर में घूम-घूमकर अस्पतालों में स्थापित सुरक्षा उपकरणों की वास्तविकता देखी तथा अग्निशमन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर त्रिलोक सिंह, विवेक सिंह, मानवेंद्र सिंह आदि फायर मैनों के साथ अग्निशमन अधिकारी ने अस्पताल के संचालकों तथा कर्मचारियों के द्वारा आग से बचाव की जानकारी देकर जागरूक किया।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने पीएनजी गैस पाइप लाइन परियोजना का किया शिलान्यास

जन एक्सप्रेस । महोबा



भारत सरकार की प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा योजना के तहत महोबा शहर में पीएनजी गैस पाइप लाइन बिछाने का कार्य अब जल्द ही पूरा होगा। नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चैरसिया ने परियोजना के शिलान्यास का भूमि पूजन कर कार्य शुरू कर दिया है। अब बहुत जल्द बड़े बड़े महानगरों की भांति महोबा शहर में पाइप लाइन के जरिए लोगों के किचिन तक गैस पहुंचेगी। जिससे लोगो को गैस सिलैंडर लाने ले जाने के झंझट से छुटकारा मिल सकेगा।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत महोबा शहर में करीब 250 किलोमीटर एरिया तक गैस पाइप लाइन बिछाने की योजना पर कार्य किया जाना है। जिसका भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चैरसिया ने शहर के पठा तिराहे पर नारियल फोड़ने के बाद फावड़ा चलाकर किया। योजना के प्रोजेक्ट इंचार्ज मोहित अग्रवाल ने बताया कि महोबा शहर में लगभग 14 हज़ार घर है। जिसमे डेढ़ वर्ष के अंदर घरों तक गैस पाईप लाईन पहुचानी है। योजना के प्रथम चरण में शहर के बड़ी हाट और भटीपुरा वार्ड में गैस पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू होगा। जिसमें लगभग 5 हजार घरों को जोड़ा जायेगा। इसके साथ ही कबरई और बांदा जनपद में भी गैस पाईप लाईन बिछाई जायेगी। योजना का भूमि पूजन करते हुऐ नगर पालिका अध्यक्ष ने संतोष चैरसिया ने बताया कि एलपीजी गैस लोगो को दैनिक आवश्यकता है। घरेलू गैस सिलेंडर खत्म होने पर पहले गैस की बुकिंग फिर गैस सिलेंडर लाने ले जानें जैसी परेशानियों से लोगों को निजात मिल सकेंगी। अब हर घर नल की भांति, पीएनजी गैस घरों तक पहुंचेगी जिसका बिल भी लोग ऑनलाइन जमा कर सकते है। फिलहाल लाईन बिछाने का कार्य शहर के दो वार्डों में शूरू कर दिया गया है।

## सीनियर महिला हॉकी का ट्रायल आज

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** दीनदयाल उपाध्याय प्रांतीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता की मंडलीय टीम के लिए आज 16 दिसंबर को रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम गोरखपुर में 10 बजे से ट्रायल होगा। प्रभारी क्रीड़ाधिकारी ने सभी स्कूल कॉलेजों के प्रधानाचार्य से खिलाड़ियों को ट्रायल में भेजने का अनुरोध किया है। ट्रायल के समय आधार कार्ड रखना जरुरी है।

## कमरे आलम हुए कुक्कुट विकास समिति के जिलाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** कुक्कुट विकास समिति उत्तर प्रदेश के अंतर्गत बैजनाथपुर के मैरेज लॉन में एक बैठक का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष वी सिंह के निर्देशानुसार पूर्वांचल प्रभारी डी पी सिंह, गोरखपुर जिलाध्यक्ष संदीप मोदनवाल एवं कुशीनगर जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह के देख रेख में जिला इकाई देवरिया का निर्वाचन किया गया जिसमें कमरे आलम उर्फ भट्टू को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया है। इस दौरान जिला संयोजक रविप्रताप सिंह, जमीर सिद्दीकी (गुड्डू लारी), राजीव सिंह, अमन खान, साधुगुप्ता, बबलू सिंह सहित सैकड़ो अण्डा उत्पादक फार्मर उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं, बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । महोबा



पुलिस अधीक्षक श्रीमति अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शक्ति दीदी कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में नियुक्त महिला पुलिस अधिकारी, महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों, कस्बों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं, बालिकाओं की समस्याओं से अवगत होकर उनको सुरक्षित परिवेश इत्यादि उपबल्ध कराये जाने के प्रयास के तहत सभी से सार्थक वार्ता की जा रही है तथा उन्हे उच्चाधिकारियों के नम्बर प्रदान किये करते हुये उ.प्र. सरकारी द्वारा उनके हित में चलाई जा रही विभिन्न लाभप्रद योजनाओं, हेल्पलाइन नम्बर जैसे- वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, ऑन लाइन साइबर फ्राड हेल्प लाइन नं-1930 आदि नम्बरों के सम्बंध में जानकारी प्रदान प्रदान करते हुए बेझिझक इन हेल्प लाइन नम्बरों पर शिकायत करने हेतु भी प्रेरित किया जा रहा है साथ ही उनकी सहायतार्थ जनपद के सभी थानों में संचालित महिला हेल्पडेस्क के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। अभियान के दौरान निम्न बिंदुओं पर सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। गुड टच, बैड टच के बारे में बताना, साइबर अपराधों पर जागरूकता, घरेलू हिंसा के बारे में जागरूकता, शासन की जन कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी देना, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देना।

## किसान की ट्रेन से कटकर मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में रिनियां रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा निवासी मस्तराम 40 वर्ष किसान था और वह गुरुवार की दोपहर को अपने घर से निकल गया था। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तब परिजनों को उसकी चिन्ता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी। परिजनों की खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। इस दौरान ही किसान ने गुरुवार रात को झांसी कानपुर रेलवे लाइन के रिनिया फाटक के पास ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। शुक्रवार की सुबह रेलवे लाइन पर शव को देखकर वहां से निकल रहे लोगों में हड़कंप मच गया, और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान होने के बाद घटना की सूचना उसके घरवालों को दी। सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए।

# रोडवेज बस नहर में गिरी दो की मौत, दर्जनों घायल

* मौके पर पहुंचे डीएम व एसपी उचित इलाज का दिलाया भरोसा

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 730 बौद्ध परिपथ पर शुक्रवार को कोतवाली थाना महाराजगंज तराई क्षेत्र अंतर्गत प्रातः 6-00 बजे बलरामपुर - तुलसीपुर सड़क मार्ग के बीच लौकहवा में बलरामपुर से बढ़नी के लिए जा रही रोडवेज बस संख्या यूपी 47 टी 2648 अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए नहर में गिर गई। दुर्घटना में बस पूरी तरह छतिग्रस्त हो गई। ड्राइवर संतोष सैनी तथा परिचालक सूरज भारती सहित डेढ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । दो लोगों की घटना स्थल पर मौत हो गई। सरकारी बस दुर्घटना में जिला प्रशासन द्वारा क्विक रिस्पांस करते हुए राहत कार्य प्रारंभ किया गया एवं घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर की भर सुबह बलरामपुर डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी 47 टी 2648 बढ़ाने के लिए जा रही थी राष्ट्रीय राजमार्ग 730 बौद्ध परिपथ पर लव का हवा तथा शिव नगर के बीच अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए नहर में पलट गई दुर्घटना में बस पूरी तरह से छटग्रस्त हो गई मरने वालों में दिलीप कुमार पुत्र संतोष प्रजापति निवासी अरवा थाना पचपेड़वा शामिल है तथा दूसरे मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। घायलों में मोहम्मद खान बढई पुरवा, कृष्ण कुमार भोजपुरी संतरी थाना कोतवाली गैसड़ी, मिस्टी भोजपुर संतरी व रीता निवासी भोजपुर संतरी शामिल है। बस में सवार लोगों का कहना है कि बस रात में कैसरबाग डिपो से सवारी भर कर चली थी। ड्राइवर की हरकत से प्रतीत हो रहा था कि वह नशे में है। कई जगह उसने बस को अनियंत्रित किया और अंत में नहर के अंदर पलट ही दिया। लोगों ने ऐसे कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है ।

जिलाधिकारी अरविंद सिंह तथा पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा जिला मेमोरियल चिकित्सालय पहुंचकर घायलों का हाल-चाल लिया। जिलाधिकारी ने सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया ।उन्होंने सड़क दुर्घटना में 02 व्यक्तियों की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की। दुर्घटना स्थल पर डीएम एवं एसपी द्वारा पहुंचकर बस दुर्घटना के कारणों का पता किया गया। उन्होंने बताया कि बस दुर्घटना में घायल 09 लोगो के बेहतर इलाज के लिए जिला मेमोरियल चिकित्सालय में मजिस्ट्रेट लगाए गए है। सभी के पहचान करते हुए उनके परिवारजनों को सूचित किया जा रहा है। परिवहन विभाग से मृतकों के परिजनों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा, यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करा दिया गया है ।

## सफल ऑपरेशन से परिजनों में खुशी की लहर

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर अयोध्या।** राजर्षि दशरथ स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय दर्शन नगर के डॉक्टरों एवं स्टाफ की प्रशंसा मरीजों द्वारा करने के चलते हरैया मजरे बेलारे निवासी धर्म चन्द शुक्ला ने दिल्ली में कई बार पित्ताशय की थैली मे पथरी होने की जांच के बाद आपरेशन करवाने के लिए दिल्ली अस्पताल में अंदर जा चुके है लेकिन आखिरी समय हिम्मत न जुटापाने के चलते आपरेशन करवाने से इनकार करके चले आते थे।

मेडिकल कॉलेज अयोध्या मे डॉ शैलेन्द्र सिंह के मार्ग दर्शन द्वारा मरीज की सभी जांच एक सप्ताह में पूर्ण होने पर शुक्रवार को अस्पताल के आपरेशन में सफल डॉ एम0 सी0 पाण्डे ने डॉ सर्वजीत वर्मा को साथ मे लेकर उक्त आपरेशन में टीम के सहयोग से करने मे सफल रहे हैं। जिससे आपरेशन के समय आये परिजनों एवं रिश्तेदारों मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

उक्त मेडिकल कॉलेज में कोई मंदिर न होने से आपरेशन कक्ष के बाहर कुर्सी पर बैठे परिजनों द्वारा ईश्वर की आराधना करते देखे गए हैं। मरीज के साथ आये लोगों ने कहा कि डॉक्टर का दूसरा रुप भगवान का होता है ।

# यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**जन एक्सप्रेस। अंबेडकर नगर**

जनपद में ठंड के महीनों में सड़क दुघर्टनाओं कों रोकने के लिए उत्तर प्रदेश शासन निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के सम्बन्ध में 15 दिसंबर से 31दिसम्बर तक **सड़क सुरक्षा पखवाड़ा** मनाया जा रहा है। राजकीय इण्टर कालेज, अकबरपुर के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ एनसीसी के बच्चों द्वारा कलेक्ट्रेट से पैदल एवं बाइक/स्कूटी से सम्बन्धित जन जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें जनपद में संचालित मोटर विक्रेताओं/एजेन्सियों के कर्मचारीगण एवं जनपद के विभिन्न मोटर ट्रेनिंग स्कूल के वाहनों द्वारा सफलता पूर्वक जन जागरूकता यातायात रैली कलेक्ट्रेट परिसर से एआरटीओ कार्यालय तक निकाली गयी। जिसमें मुख्य अतिथि डा0 हरीओम पाण्डेय, विधान परिषद सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि अविनाश सिंह, जिलाधिकारी द्वारा जन-जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में स्कूली छात्र-छात्राओं सहित लगभग 225 लोगों ने प्रतिभाग किया।

ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा जनपद के प्रमुख स्थानों/चौराहों पर सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में प्रचार-प्रसार किया गया एवं पम्पलेट का वितरण किया गया व जनपद के विभिन्न स्थानों पर वैनर लगवाये गये तथा आम जनमानस से सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन हेतु अपील की गयी तथा यातायात नियमों के अनुपालन हेतु शपथ भी दिलायी गयी।

उक्त अवसर पर एआरटीओ वी0डी0 मिश्राके अतिरिक्त सहायक अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग सुमित्रा देवी, डा0 प्रियंका तिवारी, तारा वर्मा, गौरव गोस्वामी, प्रतिनिधि यातायात उप निरीक्षक एवं ट्रक/टैम्पो यूनियन, ऑटो यूनियन के लोगों व जनपद में संचालित मोटर विक्रेताओं/एजेन्सियों के कर्मचारीगण, जनपद में संचालित विभिन्न मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, प्रदूषण जाँच केन्द्र के संचालकों व आम जनमानस द्वारा उक्त जन-जागरूकता रैली में प्रतिभाग किया गया।

## मिलेट्स जागरूकता रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप मनाया जा रहा है। मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ावा एवं आमजनमानस को मिलेट्स के उपयोग के प्रति जागरूक किए जाने हेतु जनपद में मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत जागरूकता रैली व रोड शो को जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में बच्चो द्वारा उत्साहपूर्ण स्लोगन के माध्यम में रैली में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की पोषक तत्वों से युक्त मिलेट्स श्रीअन्न को लोग आहार में जरूर शामिल करे । इससे स्वास्थ्य अच्छा रहेगा एवं बीमारियां दूर रहेगी। उन्होंने किसानों को मिलेट्स की खेती के लिए जागरूक किया जाने का निर्देश संबंधित को दिया। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि,जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# होप फउन्डेशन ने अनाथ बच्चों के शिक्षा के लिए बढ़ाया हाथ

* समाज सेवी और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। अंबेडकर नगर**



जनपद के जलालपुर नगर के जाफराबाद में इमाम मेंहदी होप एजुकेशनल एंड वेल्फेयर सोसायटी के बैनर तले शुक्रवार को सम्मान एवं अनुदान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। जिसमें शिक्षा व समाजसेवा क्षेत्र से जुड़ी दर्जन भर शख्सियतों को संस्था की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जौनपुर के प्रसिद्ध शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद सफदर हुसैन जैदी ने तालीम की अहमियत पर रोशन डाली। उन्होंने कि शिक्षा ही जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। होप फाउंडेशन के संस्थापक अबूतुराब ने सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। नासिर अली के संयोजन में हुए कार्यक्रम को पूर्व चेयरमैन हाजी कमर हयात, समाजसेवी आशुतोष सिंह, राजकुमार सोनी ने भी संबोधित किया। और फाउंडेशन के कार्यो व विचारों को सराहा। पूर्व में संस्था के संस्थापक अबूतुराब ने प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद यादव कलम कबीला के संस्थापक मोहम्मद अजीम अंसारी, मोहम्मद सद्दाम समेत दर्जन भर शिक्षा समाज से जुड़े लोगों को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि मौलाना सफदर हुसैन समेत अन्य अतिथियों के हाथों 46 अनाथ बच्चों को दो-दो हजार रुपए का शिक्षा अनुदान दिया गया। आर्थिक सहायता पाई अनाथ आयत फातिमा, जीशान हैदर, बिपुल, विजराज समेत अन्य सभी बच्चों का जहां चेहरा खुशी से चमक उठा वहीं सभी ने होप संस्था का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मौलाना मो. अब्बास रिजवी, मौलाना जैगम अब्बास, हुसैन मेंहदी, मोहम्मद अब्बास, कासिम साबरी, मो.औन, मो. फैज, राजू, असगर अली समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नियाज तौहीद सिद्दीकी ने किया।

## आज से प्रारंभ होगा अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ, 17 को होगा समापन

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

* प्रदेशभर से हजारों की संख्या में माँ भक्तों व संगठन के कार्यकर्ताओं का होगा आगमन

भगवती मानव कल्याण संगठन एक अखिल भारतीय रजिस्टर्ड जन कल्याणकारी आध्यात्मिक संगठन है जिससे देश के करोड़ो लोग जुड़े हुये हैं। संगठन समाज में आपसी भाईचारा बनाने तथा नशे-मांस से मुक्त चरित्रवान, चेतनावान, परोपकारी एवं पुरूषार्थी समाज के निर्माण के साथ ही जातिभेद, छूआछूत, साम्प्रदायिकता आदि सामाजिक बुराईयों को दूर करके सभी जाति-धर्म-सम्प्रदाय को एकसूत्र में पिरोता हुआ समाज के बीच आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करके समाज को आत्मचेतनावान बनाते हुये मानवता के पथ पर बढ़ाने का कार्य कर रहा है। भगवती मानण संगठन के केन्द्रीय प्रवक्ता रमेशचन्द्र मिश्रा ने बताया कि परमपूज्य सदगुरूदेव परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के द्वारा बताये गये साधानाक्रमों को अपनाकर लाखों लोग नशामुक्त, मांसाहारमुक्त, एवं चरित्रवान जीवन जीते हुये अपने घरों में आत्मशान्ति एवं सुख समृद्धि प्राप्त कर रहे है। केंद्रीय प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि 16 दिसंबर 2023 दिन शनिवार को अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ अपराह्न 1:00 बजे प्रारंभ हुआ जिसका समापन 17 दिसंबर 2023 दिन रविवार को अपराह्न 1:00 बजे किया जाएगा।

## विधायक और जिलाध्यक्ष ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां, लोगों को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज तराई**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत सखुईनियां मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने मोबाइल वैन के माध्यम से सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रधानमंत्री के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।



तुलसीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सखुईनियां मे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि इस यात्रा का आयोजन 15 नवंबर से शुरू किया गया है जो 26 जनवरी तक चलेगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य की जनपद में संचालित प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खासतौर से वंचित आश्रित लोगों तक समृद्धि तरीके से पहुंचे तथा स्वच्छता सुविधाएं आवश्य वित्त पोषण सेवाएं एलपीजी कनेक्शन गरीबों के लिए आवास खाद सुरक्षा उचित पोषण विश्वासनीय स्वास्थ्य सुविधाएं स्वच्छ पेयजल गुणवत्तापूर्ति शिक्षा सुविधाओं का लाभ मिले। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाएं जनजन तक पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी दी जा रही है जिससे उनका लाभ मिल सके। इसी के तहत योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र शौचालय के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रधानमंत्री आवास के तहत आवास प्रमाण पत्र, किसान सम्मन निधि प्रमाण पत्र व प्रधानमंत्री आवास के तहत लाभार्थी को चाबी सौपा गया। मेरी जुबानी मेरी कहानी के तहत उपस्थित लोगों में से आवास योजना, समूह की महिलाएं, आयुष्मान कार्ड धारक, पीएम किसान सम्मन निधि, उजाला की लाभार्थी, मुक्त राशन लाभार्थी के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं से प्राप्त लव के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दी गई। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी कुलदीप पांडे प्रधान, बृज गोपाल पांडे व ग्राम पंचायत सुनील कुमार सचिव मौजूद रहे।

# बलरामपुर में 19 से होगा हॉकी महाकुंभ का आगाज

* एमएलके पीजी कॉलेज हॉकी ग्राउंड पर होगा लगातार 85 वां आयोजन

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलकेपीजी कॉलेज द्वारा आयोजित कराए जा रहे महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कॉलेज के हॉकी ग्राउंड पर 19 दिसंबर से हांकी महाकुंभ का आगाज होगा। एमएलके पीजी कॉलेज मे हॉकी समिति के सचिव व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने 15 दिसंबर को पुस्तकालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि महाराजा भगवती प्रसाद सिंह ऑल इंडिया प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1938 में बलरामपुर स्टेट के महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद सिंह ने अपने पिता महाराजा भगवती प्रसाद सिंह की स्मृति में हॉकी मैच का शुभारंभ कराया था।

जमींदारी उन्मूलन के पूर्व टूर्नामेंट बलरामपुर राज परिवार द्वारा संचालित किया जाता रहा। तत्पश्चाप संचालन का दायित्व नगर के गणमान्य नागरिकों में संभाली। सन् 1968 तक इसका सफलतापूर्वक संचालन किया गया। उन्होंने बताया कि महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद सिंह द्वारा स्थापित महारानी लाल कुंवरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने इसके आयोजन का दायित्व लिया जिसका निर्वहन अभी तक कर रहा है। टूर्नामेंट में मेजर ध्यानचंद, केडी सिंह बाबू व अशोक कुमार सहित दर्जनो ओलिंपिक खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि घास के मैदान पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट में से देश में यह टूर्नामेंट विशेष स्थान रखता है । प्रोफेसर पांडे ने बताया कि टूर्नामेंट के सफल व व्यवस्थित संचालन हेतु तीन आयोजन सचिव डॉ आलोक शुक्ला, डॉ राजीव रंजन व डॉक्टर ऋषि रंजन पांडे नियुक्त किए गए हैं। टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु प्रचार की जिम्मेदारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर देवेंद्र कुमार चौहान को दी गई है। फील्ड की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है जिसे अंतिम रूप देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर वासियों का हॉकी के प्रति एक जुनून सा रहता है। बहुत से खिलाड़ियों व अंपायरों ने स्वयं कहा है कि ऐसा जुनून अन्यत्र कहीं नहीं मिलता।

शायद यही कारण है कि भारी संख्या में दर्शक खेल के दौरान उपस्थित रहते हैं । उन्होंने कहा कि विजई टीम के लिए प्रथम पुरस्कार 75 हजार रुपए तथा ट्रॉफी वहीं उपविजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रुपए तथा ट्रॉफी प्रदान किया जाता है। आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन ने टूर्नामेंट में आने वाली टीमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष देश के विभिन्न प्रदेशों से 14 टीमों की स्वीकृति प्रदान हुई है। हॉकी इंडिया नई दिल्ली द्वारा टूर्नामेंट के सफल संचालन हेतु अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के टूर्नामेंट में अश्वनी स्पोर्ट एकेडमी कर्नाटक, स्पोर्ट्स अथॉरिटी टू गुजरात, हॉकी अमरावती महाराष्ट्र, जीएसटी एंड सेंट्रल एक्साइज चेन्नई, नागपुर हॉकी अकादमी, जीएसटी एंड सेंट्रल एक्साइज चेन्नई, नागपुर हॉकी एकादमी, एनई रेलवे गोरखपुर, स्टील एथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड राउलकेला, यूपी पुलिस बाराबंकी, बिजनौर, सीआरपीएफ जालंधर, आइटीबीपी जालंधर, स्टार एलेवन बलरामपुर, स्पोर्ट एंड यूथ वेलफेयर बिलासपुर तथा तमिलनाडु हॉकी की टीम शामिल है।

प्रेस वार्ता की अध्यक्षता कर रहे हॉकी समिति के अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल आरके मोहंता ने सभी पत्रकारों से टूर्नामेंट का प्रसारण अच्छे ढंग से करने के लिए अपील किया। उन्होंने सभी का धन्यवाद दिया और सहयोग की अपेक्षा की। प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर देवेंद्र कुमार चौहान, आयोजन सचिव डॉ आलोक शुक्ला, डॉ आशीष लाल, विपिन तिवारी, सौम्या शुक्ला व राशि सिंह मौजूद रही। कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा पत्रकारों को अंगवस्त्र तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियो के साथ पत्रकारों ने खेल मैदान के तैयारी का जायजा लिया।

## देश दीपक आदर्श महाविद्यालय में हैंडबॉल पुरुष प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्थित महाविद्यालयों की अंतर महाविद्यालय हैंडबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन देश दीपक आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय तेंदुआ माफी बीकापुर के क्रीडा स्थल पर किया गया प्रतियोगिता का उद्घाटन धीरेंद्र कुमार उपाध्याय एवं महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती लल्ली उपाध्याय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि धीरेंद्र कुमार उपाध्याय ने खेलों के महत्व व जीवन पर पढ़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को बताया, साथ ही साथ प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के खेलो इंडिया मिशन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को देश के गौरव का अग्रदूत बताया। प्रतियोगिता में विभिन्न लीग माचो के बाद डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय (कैंपस) तथा राजा देवी बक्श सिंह महाविद्यालय गोंडा की टीमों ने फाइनल में जगह बनाई ,फाइनल मुकाबले में डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय कैंपस की टीम ने एक तरफा मुकाबले में राजा देवी बक्श सिंह महाविद्यालय गोंडा को 1-13 से हराकर चैंपियनशिप प्राप्त की, समापन समारोह में मुख्य अतिथि रामखेलावन, नायब तहसीलदार बीकापुर के द्वारा विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। प्रतियोगिता के ऑब्जर्वर शिव करण सिंह तथा सुधीर कुमार द्विवेदी रहे। विशेष उपस्थिति डॉ अनुराग पांडेय उपसचिव क्रीड़ा परिषद अवध विश्वविद्यालय की रही।

# राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत खुरपका मुंहपका टीकाकरण तृतीय चरण पूरे जनपद में एक साथ प्रारंभ

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

जनपद में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत एफएमडी फूट एण्ड माउथ डिजीज टीकाकरण के तृतीय चरण का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी नितीश कुमार एवं विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा मोबाइल वेटरनरी यूनिट एवं बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत खुरपका मुंहपका टीकाकरण तृतीय चरण आज से पूरे जनपद में एक साथ प्रारंभ किया गया। अभियान की अवधि 40 दिन की होगी। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के टीकाकरण अभियान में 4 माह से




अधिक उम्र के सभी गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं तथा सात माह तक की गर्भित मादा पशु का बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाएगा। फूट एण्ड माउथ डिजीज क्लोवन फूटेड (दो खुर वाले) जानवरों की पिकोर्ना विषाणु के संक्रमण से होने वाली एक विषाणु जनित संक्रामक बीमारी है जो एक स्वस्थ पशु के दूसरे संक्रमित पशु के संपर्क में आने से होती है। इस बीमारी से प्रभावित पशु चारा खाना बंद कर देता है, पशु को 104-106 डिग्री फारेनहाइट तक बुखार हो जाता है दूध देना कम कर देता है। पशु के मुँह में छाले पड़ जाते है, खुरों के बीच में छाले पड़ने से घाव हो जाता है जिससे पशु पैरो से लगड़ा हो जाता है। स्वस्थ पशु द्वारा विषाणु से संक्रमित पानी पीने, चारा खाने एवं संक्रमित पशु के आस-पास रहने से यह बीमारी स्वस्थ पशु को हो जाती है। इस बीमारी से मुख्यतः गाय एवं भैंस प्रभावित होती हैं। शंकर कर नस्ल के पशु इस बीमारी से देशी पशुओं की अपेक्षा ज्यादा प्रभावित होते हैं। पशु को पूरी तरह स्वस्थ होने में 21 से 28 दिन तक का समय लग जाता है। यह एक विषाणु जनित बीमारी है। इसका कोई विशिष्ट इलाज नही है। लक्षण के आधार पर इलाज किया जाता है। टीकाकरण बचाव का एकमात्र उपाय है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को टीकाकरण अभियान के सकुशल संचालन हेतु निर्देशित किया।

## स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले

**जन एक्सप्रेस। पूरा बाजार- अयोध्या**



स्थानीय बाजार में हिमांशु विक्रम सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ़ टीचिंग एंड ट्रेनिंग पूरा बाजार में बीएड विभाग के 2022 बैच के 99 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन समारोह पूर्वक वितरित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर व हिमांशु विक्रम सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ़ ट्रेनिंग एंड टीचिंग महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ एम पी सिंह ने कहा कि स्मार्टफोन का उपयोग ज्ञान वृद्धि के लिए करें एंव कहा कि स्मार्टफोन जीवन के प्रत्येक गतिविधियों के लिए आवश्यक हो गया है छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्मार्टफोन दिए जाने के लिए सरकार का आभार जताते हुए कहा की इससे बच्चे ज्ञान वृद्धि करके अपने भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में कोमल तिवारी अभिषेक सिंह आकाश सिंह अर्जुन यादव वंदना पाठक सुषमा कनौजिया चंद्रा गुप्ता ने कहा कि हमारे लिए स्मार्टफोन धनाभाव के कारण खरीदना कठिन था अब हम इसका उपयोग पढ़ाई में करके आगे बढ़ेंगे महाविद्यालय के अध्यापक व अध्यापिकाओं में बृजेश वर्मा संतोष भारद्वाज श्रीप्रकाश तिवारी सचिन कुमार व महिमा सिंह ने स्मार्टफोन वितरण में मुख्य अतिथि का सहयोग किया।

# अपने परिवार का थोड़ा भी ध्यान है तो वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पूर्णतया पालन करना चाहिए ताकि हम सुरक्षित रहें: स्वामी प्रवक्तानंद

**✻ द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ विधायक बरखेड़ा एवं जिला अधिकारी प्रवीण कुमार लक्ष्यकर रहे मौजूद**

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में आज 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ गांधी सभागार कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक स्वामी प्रवक्तानंद एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा की गई। इस अवसर पर विधायक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने कहा की मानव जीवन अमूल्य है हमें वाहन चलाते समय समय पर नियंत्रित नियंत्रण रखना चाहिए नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना चाहिए । उन्होंने




कहा कि यदि किसी सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार में विभिन्न प्रकार के विपत्तियां उत्पन्न हो जाती हैं। पत्नी एवं बच्चे बेसहारा हो जाते हैं मां-बाप को असहनीय दुख का सामना करना पड़ता है। इसलिए हमें अपने परिवार का थोड़ा भी ध्यान है तो वाहन चलाते




समय यातायात नियमों का पूर्णतया पालन करना चाहिए ताकि हम सुरक्षित रहें। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं व्यक्तियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन की शपथ ग्रहण कराई गई एवं परिवहन विभाग द्वारा तैयार किए गए सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया यह प्रचार वाहन सड़क सुरक्षा पखवाड़े के प्रत्येक दिन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जनमानस में यातायात के प्रति जागरूकता उत्पन्न करेगा। कार्यक्रम में एआरटीओ द्वारा शीत ऋतु में पढ़ने वाले को कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के दृष्टिगत वाहन चालकों से विशेष सावधानी पूर्वक वाहन संचालित करने की अपील की गई ।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सड़क सुरक्षा के स्टेकहोल्डर विभाग परिवहन विभाग, परिवहन निगम, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, समस्त सड़क निर्माण एजेंसियां, लोक निर्माण विभाग एवं चिकित्सा विभाग को सड़क सुरक्षा पखवाड़े के प्रत्येक दिन सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रवर्तन कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है इस पखवाड़े का समापन दिनांक 31 दिसंबर 2023 को किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी राम सिंह गौतम, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरिजेश चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण, पुलिस एवं परिवहन विभाग के कर्मचारी, स्काउट गाइड के नोडल शिक्षक एवं छात्र इत्यादि उपस्थित रहे।

## पुलिस की ताबड़तोड़ दबिश से गौकश एजाज़ ने कोर्ट में किया सरेंडर

**✻ आरोपी पर हत्या के प्रयास, लूट गौकशी की दो दर्जन से अधिक प्राथमिकी दर्ज**

**✻ राज्य स्तरीय माफिया सूची में शामिल हैं आरोपी**

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

> “ आरोपी के खिलाफ 25 प्राथमिकी दर्ज है। राज्य स्तरीय माफिया सूची में भी आरोपी का नाम शामिल हैं। आरोपी की तलाश में पुलिस दबिस दे रही थी ।आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर किया है।
>
> 
>
> -आलोक सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर।

**पूरनपुर।** सूबे की राज्य स्तरीय माफिया सूची में शामिल गौकश एजाज़ की तलाश में पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिस दी। पुलिस के डर से माफिया ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। माफिया पर दो दर्जन से अधिक प्राथमिकी दर्ज हैं।आरोपी पांच प्राथमिकी में वांछित चल रहा था। माफिया के खिलाफ पुलिस चार बार गैंगस्टर की कार्रवाई कर चुकी है।

गौकशी की घटनाओं को लेकर शासन बेहद सख्त है। गत वर्ष माफियाओं के खिलाफ शासन ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी गौकश एजाज़ पर गोवंशीय पशु वध, लूट, हत्या के प्रयास,पशु तस्करी, गोमांस बिक्री की 25 प्राथमिक की दर्ज है। माफिया पांच मुकदमे में वांछित चल रहा था। आरोपी की तलाश में पुलिस ताबड़तोड़ दबिश दे रही थी। पुलिस संबंधित लोगों से भी आरोपी के बारे में जानकारी जुटा जा रही थी। पुलिस के डर से आरोपी ने 10 अक्टूबर को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। दो दर्जन से अधिक प्राथमिकी दर्ज होने के कारण पुलिस ने आरोपी का नाम शासन को भेजा था। राज्य स्तरीय माफिया की सूची में आरोपी टापटेन में शामिल रहा। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने चार बार गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की। अवैध धंधों से अर्जित की गई संपत्ति से माफिया ने गांव में प्लांट व मकान बनाया था। पुलिस ने अप्रैल 2022 में आरोपी की 1.89 करोड रुपए की संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की। उस समय आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका था।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने तहसील परिसर में किया प्रदर्शन





**✻ सात सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**✻ आवारा पशु व चीनी मिल में व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग**

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** दि किसान सहकारी चीनी पूरनपुर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर भाकियू (टिकैत)ग्रुप ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर सात सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। शीघ्र व्यवस्थाएं दुरुस्त न होने पर धरना प्रदर्शन व आंदोलन करने की चेतावनी दी। शुक्रवार दोपहर तहसील परिसर में भाकियू कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि चीनी मिल में गन्ना लेकर पहुंचने वाले किसानों को वाहन खाली कराने में 72 घंटे लग रहे हैं। परिसर में पर्याप्त जगह न होने के कारण किसान मजबूरन गन्ना भरे वाहन हाईवे के किनारे खड़ा कर रहे हैं,जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। बैलगाड़ी से गन्ना लेकर पहुंचने वाले किसानों को परिसर से अलग गड्ढा मुक्त रास्ता उपलब्ध कराया जाए। बिजली विभाग की विजिलेंस टीम चेकिंग के नाम पर आप उपभोक्ताओं से अवैध वसूली कर मनमानी तरह से छापेमारी कर रही है जिसे बंद किया जाए। किसानों पर गलत तरह से मुकदमे दर्ज न करें। बिजली की रीडिंग सही होने के बाद ही किसानों से बिल वसूला किया जाए। क्षेत्र में आवारा पशु किसने की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। शिकायत के बाद भी पशुओं को गौशाला नहीं भिजवाया जा रहा है। समितियां पर पर्याप्त खाद व नकली कीटनाशकों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। जेठापुर खुर्द में स्कूल की बाउंड्री बाल में घटिया सामग्री से हो रहे निर्माण कार्य को बंद कर कर मानक अनुसार निर्माण कराने की मांग की।प्रदर्शन करने वालों में लालू मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष,धर्मेंद्र गुप्ता,सतपाल वर्मा तहसील अध्यक्ष,रमेश नगर अध्यक्ष, संतोष कुमार, बसंत राम, जयप्रकाश आदि कार्यकर्ता शामिल रहे है।

> **समय से वाहन खाली न होने पर भाकियू ने चीनी मिल में किया प्रदर्शन**
>
> तहसील में धरना प्रदर्शन करने के बाद भाकियू के कार्यकर्ता चीनी मिल पहुंचे ।जीएम के न मिलने पर कार्यकर्ताओं ने मिल परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप था कि क्रय केंद्रों से गन्ना लेकर पहुंचने वाले ट्रक व ट्रालों को पहले खाली किया जा रहा है। हाईवे के किनारे ठंड में रात बिता रहे किसानों के वाहनों को समय से खाली नहीं किया जा रहा है। वार्ता के बाद तय हुआ कि किसानों के वाहन खाली होने के बाद ही क्रय केंद्रों के वाहन खाली किए जाएंगे। जिससे बाद किसान शांत हुए।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत पुलिस ने क्षेत्र में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**हजारा(पूरनपुर)।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हजारा पुलिस ने क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यालयों और नुक्कड़ चौराहों पर पहुंचकर छात्रों एवं ग्रामीणों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दिया है। उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश एवं हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कबीरगंज एवं गांव कबीरगंज,श्रीनगर आदि स्थानों पर हजारा थाना में तैनात उप निरीक्षक रविंद्र पाल सिंह महिला आरक्षी रेनू भारती व शिवानी के संग पहुंचकर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं एवं नुक्कड़ चौराहों पर एकत्र ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने एवं अपने वाहनों के सभी संबंधित कागजात जैसे ड्राइवरी लाइसेंस,वाहन पंजीकरण,बीमा, प्रदूषण के साथ-साथ हेलमेट का प्रयोग करने व चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग सहित अपने साइड से वाहन चलाने एवं नियंत्रित गति में रहते हुए व निर्धारित गति से अधिक बस गति से वहां न चलाने सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दिया है वही अभिभावकों से अपील किया कि अपने नाबालिक बच्चों को दो पहिया अथवा चार पहिया वाहन चलाने की अनुमति न दें सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील किया है। हजारा थानाध्यक्ष परमेंदर कुमार ने बताया है कि 15 दिसंबर से 31दिसंबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम चलेगा जिसमें सभी से अपील की जाती है कि यातायात नियमों का सभी वाहन चालक पालन करें और अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए अपने वाहनों से संबंधित सभी कागजात अपने साथ लेकर चलें।

## भारत को विकसित देश बनाने में भारत के एक-एक नागरिक की भूमिका है इसलिए हम अपनी भूमिका को समझें और आगे बढ़े: स्वामी प्रवक्तानंद

**✻ सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना स्मार्ट फोन का बरखेड़ा विधायक ने किया वितरण**

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

आज स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन बिथरा में योगी जी की सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकाँक्षी योजना स्मार्ट फोन वितरण स्नातक के अंतिम वर्ष के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट मोवाइल फोन का वितरण क्षेत्रीय विधायक स्वामी प्रवक्ता नन्द द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानन्द व माँ सरस्वती की प्रतिभा पर दीप प्रज्वलित कर विधायक स्वामी प्रवक्ता नन्द , महाविद्यालय के सचिव अलंकार शर्मा, बिथरा के पूर्व ग्राम प्रधान अखिलेश शर्मा,क्षेत्र पंचायत सदस्य गिरीश वर्मा जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दीप प्रज्वलित के बाद वन्देमातरम् हुआ। कार्यक्रम में विधायक स्वामी प्रवक्ता नन्द द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा दिये जा रहे स्मार्ट फोन की जानकारी दी और उसके सभी से आवाह्न किया कि सभी इस मोबाइल का सदउपयोग करें। अपनी प्रगति में इसका उपयोग करें । भारत को विकसित देश बनाने में भारत के एक-एक नागरिक की भूमिका है। इस लिए हम अपनी भूमिका को समझें और आगे बढ़े।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक दुष्यन्त ने सभी छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानन्द के द्वारा बताये मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

बिथरा के पूर्व प्रधान एड.अखिलेश शर्मा ने मोबाइल फोन मिलने पर सभी को बधाई दी ।महाविद्यालय के सचिव अलंकार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में विथरा के पूर्व ग्राम प्रधान अखिलेश शर्मा (एड), क्षेत्र पंचायत सदस्य गिरीश , नंद लाल , सचिव अलंकार शर्मा, प्राचार्य डॉ0 रामानन्द वैध, योगेंद्र कुमार, हेमन्त राजपूत रोहित राणा, सचिन वर्मा, राजेन्द्र जी, अनीता हलधर, ममता राजपूत, मिनी रस्तोगी, रविन्द्र गंगवार , बाबू राम , आलोक , लालता प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## नेपाली ग्रामीणों से जमीन के नाम पर हड़पे 50 लाख रुपए की पड़ताल कर रही पुलिस

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



**हजारा(पूरनपुर)।** पड़ोसी मुल्क नेपाल के दो ग्रामीणों के साथ जमीन के नाम पर हड़पे गए आधा करोड़ रुपए का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका है।पुलिस टीम आधा करोड़ रुपए की तलाश में जगह-जगह सुरागकसी करने में जुटी हुई है। पड़ोसी मुल्क नेपाल के जिला कंचनपुर थाना झलारी के शुक्ला फाटा नगर पालिका वार्ड नंबर 5 के रहने वाले दो नेपाली चाचा भतीजा के साथ नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा की कंबोज नगर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव बाजार घाट बैल्हा एवं सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज निवासी लगभग पौन दर्जन शातिर गिरोह के सदस्यों ने उक्त नेपालियों को जमीन खरीदने के नाम पर 56 लाख 72 हजार रुपये मारपीट कर एवं जान से मारने की धमकी देकर भयभीत करते हुए धोखाधड़ी कर छल पूर्वक हड़प लिया था उक्त मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए एक मुख्य आरोपी बलराज सिंह पुत्र गुलशन सिंह को गिरफ्तार कर नेपाली 6 लाख की करेंसी बरामद करते हुए जेल भेज दिया है मगर नेपाली करेंसी आधा करोड़ रुपए की अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका कि आखिर आधा करोड़ नेपाली करेंसी कहां चली गई है। पुलिस टीम आधा करोड़ रुपए की तलाश में अपने मुखबिरों को लगाकर सुरागकसी करने में जुटी हुई है मगर दूसरे दिन तक रकम की जानकारी नहीं लग सकी है।

## फास्ट फॉरवर्ड ⏭

### यशवन्त कुमार गुप्त को पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सत्याग्रह आन्दोलन के 859वें दिन पत्रकार उत्पीडन, भ्रष्टाचार, जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी निस्तारण, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाला एवं सिरकोनी बाजार (इजरी) की भीषण डकैती काण्ड के अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में 'सत्याग्रह आन्दोलन' जारी रहा। सत्याग्रह आन्दोलनकारी यशवन्त कुमार गुप्त ने बताया कि यह आन्दोलन जाँच के मुख्य बिन्दुओं पर कायम रहते हुए समस्या के निस्तारण तक जारी रहेगा। 9 अगस्त 2021 से यह आन्दोलन चलाया जा रहा है। आन्दोलन के समर्थन में चन्द्रमणि पाण्डेय, विजय प्रकाश मिश्र, विकास पाण्डेय, तबरेज नियाजी, बिहारी लाल यादव, भोलानाथ यादव, सन्तोष कुमार, रोहित चौबे, अंकित मिश्र, गणेश प्रसाद गुप्त व अन्य लोग उपस्थित रहे।




### कंप्यूटर साइंस में इरफान खान को डॉक्टरेट की उपाधि

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शहर के न्यू कालोनी मोहाल गाजी (लाल दरवाजा) निवासी डा. इरफान अहमद खान को कंप्यूटर साइंस में शोध के लिए डाक्टरेट की उपाधि मिली है। यह उपाधि रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय रांची (झारखंड) से मिली है। संप्रति किंग सऊद यूनिवर्सिटी रियाद (सउदी अरब) में सहायक परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत डा. इरफान अहमद खान ने यह शोध प्रबंध तीन वर्षों में पूर्ण किया। इसका विषय था-साफ्टवेयर विकास प्रक्रिया और छोटे पैमाने के व्यवसाय में साफ्टवेयर गुणवत्ता व परीक्षण पर प्रभाव का विश्लेषण। इस दौरान उन्होंने छोटे व्यवसाय के लिए गुणवत्तायुक्त सॉफ्टवेयर का एक नया मॉडल विकसित किया। यह भारतीय पेटेंट में शामिल हुआ है। उनके शोध के पांच पेपर व एक बुक चैप्टर इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित हुआ।



### छात्र के निधन पर विश्वविद्यालय में हुई शोक सभा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को फार्मेसी संस्थान के विद्यार्थी विवेक कुमार के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई. कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने विद्यार्थी के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है. उपकुलसचिव अमृतलाल ने विश्वविद्यालय शोक सन्देश पढ़ा. शोक सन्देश में विश्वविद्यालय ने विद्यार्थी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई. दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया. इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी उमाशंकर, परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, प्रो. बी. बी तिवारी, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ अमित कुमार वत्स, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह, महामंत्री रमेश कुमार यादव, राजेश सिंह समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## 'तहसीलों में पुराने लंबित वादों का निस्तारण यथाशीघ्र करें अधिकारी'

**✻ मछलीशहर तहशील में अधिक वाद लंबित होने पर जताई नाराजगी**

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

अध्यक्ष राजस्व परिषद हेमंत राव जी के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ राजस्व के संबंध में बैठक हुई बैठक में अध्यक्ष के द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार प्राथमिकता पर वादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें और समय से आदेश को पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुराने वादों के निस्तारण पर



अधिक जोर दिया जाए। उपजिलाधिकारी मछलीशहर एवं तहसीलदार मछलीशहर के स्तर पर पुराने वाद अधिक लंबित पाए गए जिस पर उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा तेजी से मुकदमों का निस्तारण किया जा रहा है जल्द से जल्द लंबित मामलों को निस्तारित करा दिया जाएगा। मा0 अध्यक्ष जी द्वारा 31 दिसंबर 2023 तक सभी वरासत के मामलों को निस्तारित करने के लिए निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि धारा 24 के लंबित मामलों को भी जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाएगा। मा0 अध्यक्ष जी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान को निर्देशित किया कि पुराने पट्टे के प्रकरणों में मौके पर जाकर निस्तारण कराए। अध्यक्ष के द्वारा डिजिटल पड़ताल, बडे बकायेदारों की आरसी, खनन की आरसी, व्यापार कर, ग्राम सभा में भूमि के आवंटन के निस्तारण, तहसीलों में कंप्यूटर की उपलब्धता जनपद में बिजली की स्थिति राहत फंड में अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह, सभी उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारगण उपस्थित रहे।

## मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर बीईओ ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**सुईथाकला।** नवम्बर माह में हुए जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खो खो खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद में दूसरे स्थान पर कब्जा जमाने वाली कम्पोजिट विद्यालय रामनगर की टीम के बच्चियों को बीईओ राजेश कुमार वैश्य द्वारा शुक्रवार को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । मेडल और प्रशस्ति पत्र पाकर बच्चियाँ काफी उत्साहित नजर आई। बता दें कि बेसिक स्कूलों के जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उक्त विद्यालय के बच्चियों ने खो-खो खेल के लिए शाहगंज तहसील का प्रतिनिधित्व करते हुए जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त किया । इसी कड़ी में



शुक्रवार को विद्यालय पर विजेता टीम के बच्चियों को सम्मानित करने का कार्य बीईओ द्वारा किया गया। इस दौरान श्री वैश्य ने बच्चियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी तथा कुशल मार्गदर्शन हेतु प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार सिंह व गुरूजनों की वाहवाही की । इस दौरान मुन्नी लाल नाविक, पूनम तिवारी, बेचन राम, सन्तोष यादव समेत ग्राम प्रधान और विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष तथा शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।अन्त में प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बीईओ और अन्य के प्रति आभार जताया।

## आत्म अनुशासन विकसित करने का माध्यम है योग: प्रो. आलोक सिंह

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

तिलकधारी महाविद्यालय के उमानाथ सिंह इंडोर स्टेडियम में बी.एड्. विभाग के तत्वाधान में आयोजित पंच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में प्राचार्य प्रो.आलोक कुमार सिंह ने कहा कि योग जीवन में अनुशासन विकसित करने का सशक्त माध्यम है, जिसके द्वारा विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता के



शिखर तक पहुंचने में सक्षम होता है। बी.एड. विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अजय कुमार दुबे ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए आवश्यक है कि योग के माध्यम से विद्यार्थियों को हमेशा स्वस्थ रखने का प्रयत्न करते रहना है। प्रशिक्षु शिक्षकों के अन्दर समय बद्धता एवं नियम का विकास होगा। योग प्रशिक्षण शिविर के प्रमुख प्रशिक्षक योगाचार्य डॉ जितेंद्र प्रताप सिंह ने 11 से 15 दिसम्बर तक पांच दिवसों में योग के सैद्धांतिक एवं क्रियात्मक पक्षों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। महाविद्यालय की मुख्य अनुशास्ता प्रोफेसर रीता सिंह ने उसने कहा कि योग सभी के जीवन के लिए अत्यधिक आवश्यक है और यह स्वयं के साथ-साथ समाज के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। डॉ सुलेखा सिंह ने योग के विभिन्न सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। डॉ वंदना शुक्ला ने कहा कि जीवन में योग और स्वास्थ्य अत्यधिक महत्वपूर्ण है इस पर विस्तार से अवगत कराया। डॉ अरविंद कुमार सिंह ने अनुशासन को योग से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को प्रतिदिन योगाभ्यास करते रहने पर बल दिया । डॉ प्रशांत कुमार पांडेय ने कहा कि योग हमारे दिनचर्या का अभिन्न अंग है। इस अवसर पह डॉ0 सीमांत राय ने भी सक्रिय सहभागिता किया। समापन समारोह का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 प्रशांत कुमार पाण्डेय बी.एड्. विभाग ने एवं अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ गीता सिंह ने किया। इस अवसर पर बी.एड. एवं एम. एड् के समस्त विद्यार्थी योग के विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया।

# चौबेपुर ब्लॉक में 77 विवाहित जोड़ों ने मंगल फेरे लेकर खाई साथ जीने-मरने की कसमें







जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे/कोमल सिंह

**चौबेपुर।** चौबेपुर विकासखंड के अंतर्गत बीते दिन शुक्रवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चौबेपुर, शिवराजपुर, कल्याणपुर, सहित शिवराजपुर नगर पंचायत से भी जोड़े आए थे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 77 जोड़ों ने परंपरागत तरीके से फेरें लेकर विवाह कर साथ जीने मरने की कसमें खाई।
कार्यक्रम के आयोजन चौबेपुर बीडीओ शिवनारायण कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा निर्धनता में जीवनयापन करने वाले जरूरतमन्द/निराश्रित परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं व विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं के विवाह के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करते हुए उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यताओं, रीति-रिवाजों व परम्पराओं के अनुसार भव्य कार्यक्रम में विवाह सम्पन्न कराया जाता है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य समाज में सामाजिक समरसता व सर्वधर्म-समभाव को बढ़ावा देना है। योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रति युगल धनराशि रू0 51,000/- व्यय की जाती है, जिसमें से धनराशि रू0 35,000/- कन्या (वधू) के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली व गृहस्थी की स्थापना हेतु उसके बैंक खाते में अन्तरित का जाती है एवं धनराशि रू0 10,000/- की उपहार सामग्री वर-वधू को प्रदान की जाती है तथा धनराशि रू0 6,000/- समारोह के आयोजन को भव्यता प्रदान करने में व्यय किये जाते हैं। उन्होंने अभी बताया कि इस बार 130 जोड़ो के सामूहिक विवाह कराए जाने का लक्ष्य था जिसमें से 77 जोड़ों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। एक डिनर सेट ,एक प्रेशर कुकर, एक पायल,व एक जोड़ी बिछिया भी दी गई। कार्यक्रम में शिवराजपुर ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई, कल्याणपुर ब्लाक प्रमुख श्रीमती अनुराधा अवस्थी, चौबेपुर ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला के अलावा सांसद प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, मण्डल अध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी,ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके मंगल उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्कूल जाने को निकले पांच वर्षीय छात्र को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

* पुरवा कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुई घटना



मृतक के परिजन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पुरवा कोतवाली अंतर्गत सोहरामऊ मार्ग पर स्कूल जाने के लिए खड़े पांच वर्षीय छात्र को बाइक ने टक्कर मार दी। घायल बच्चे को गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां पहुंचने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुरवा कोतवाली के फतेहगंज निवासी आयुष(5) पुत्र रामकुमार पुरवा कस्बे के सिटी मार्डन पब्लिक स्कूल में नर्सरी का छात्र था। शुक्रवार सुबह वह स्कूल जाने के लिए घर के बाहर खड़ा वैन का इंतजार कर रहा था। इसी बीच पुरवा से सोहरामऊ की ओर जा रहे बाइक सवार ने बच्चे को टक्कर मार दी। उसके चीखने की आवाज सुनकर दौड़े परिजन उसे लहू लुहान हालत में देख आनन फानन सीएचसी लेकर भागे। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर डाक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत पर मां संगीता, भाई अंश, बहन अनामिका समेत सभी परिजन रो रोकर बेहाल हैं। कोतवाली सुरेश सिंह ने बताया कि बाइक की टक्कर से बच्चे की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने लगाई फांसी



जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

आनंद नगर निवासी हरी जायसवाल(35) पुत्र स्व. मोहन लाल काफी दिनों से परेशान चल रहा था। शुक्रवार सुबह उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद बगल के कमरे में सो रहे छोटे भाई दीपक की नजर पड़ी। जहां भाई का शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। इस दौरान परिजनों ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया और बिना पुलिस को सूचना दिये। उसका अंतिम संस्कार करा दिया। हरी की मौत पर उसकी मां और पत्नी पिंकी का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

## तीन दिवसीय माया अकादमी प्रदर्शनी का शुभारंभ

* भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर नगर। काकादेव स्थित माया अकादमी ऑफ एडवांस्ड सिनेमॅटिक्स द्वारा 14वीं कला प्रदर्शनी कृति का आयोजन 15,16 और 17 दिसंबर 2023 किया जायगा जिसका उद्घाटन संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी व विधायक सुरेंद्र मैथानी के द्वारा सम्पन किया गया, कला प्रदर्शनी कृति में अकादमी के प्रशिक्षणार्थी मोशन कॅप्बर लाइव क्रोमा सेटअप लाइव प्रोजेक्शन डिजाइनर मॉडल उडी मॉडल क्ले मॉडल स्केचिंग आदि के जरिए अपने हुनर की बानगी पेश करेंगे आयोजन के लिए अकादमी का काकादेव स्थित परिसर स्टूडेंट्स ने अलग अलग पेंटिंग्स एवम क्राफ्ट मॉडल से सजाया है इस आयोजन में 200 से भी ज्यादा स्टूडेंट्स ने अपने वर्क को प्रदर्शित किया आयोजन के लिए अकादमी का काकादेव स्थित परिसर स्टूडेंट्स ने अलग अलग थीम से सजाया है माया अकादमी दिल्ली के डायरेक्टर श्री माधव ओझा जी ने कहा है की मैक के स्टूडेंट्स का वर्क बहुत ही सहरानीय है तथा उन्होंने अलग-अलग मॉडल के माध्यम से लोगो को बहुत ही अच्छा मैसेज दिया है माया अकादमी के ब्रांच मैनेजर श्री अभिषेक शुकला ये भी बतया की इस चेत्र में बच्चों का भविस्य बहुत ही अछा है जिसमे उनके करियर के लिय आपार सम्भावना है आयोजन के बाद सबसे अच्छे वर्क को प्राइज मिलेगा जिसको लोगो ने सबसे ज्यादा वोट दिया होगा।

## बिल्हौर कोतवाली से महज 300 मीटर की दूरी पर दो घरों में ताला तोड़कर लाखों की चोरी





* चार दिनों में चार चोरी की बड़ी घटनाएं पुलिस बनी मूकदर्शक

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र में चार दिनों से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है लालपुर, रसूलपुर, महिगांव और सुभानपुर इसके बाद भी पुलिस प्रशासन कोई भी एक्शन नहीं ले रही है महिगवां, मल्लापुर, लालपुर और रसूलपुर गांव में चोरी हुई भैंस मालिक ने पीछा कर अपने हाथ पर तुड़वा लिए लेकिन अभी तक उसमें कोई गिरफ्तार नहीं हुई अगले दिन लालपुर सविलियन विद्यालय में चोरों द्वारा ताला काट कर अंदर प्रवेश कर रजिस्टर और बच्चों के प्रयोग के समान तोड़े खेलकूद का सामान व बर्तन और खाद्य सामग्री उठा ले गए अगले दिन बिल्हौर कोतवाली से महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष उर्फ इंदु शुक्ला के मकान के आगे विद्यावती कठेरिया के मकान में गुरुवार को रात में चोरों ने धावा बोलकर मुख्य गेट का ताला काट कर अंदर प्रवेश किया दो कमरों में सास और बहू के कमरों से लगभग चार लाख का नगदी जेवर उठा ले गए वहीं पर दो मकान के बाद में फौजी विजय सिंह का मकान है जिसमें किराएदार गुलाब सिंह अपने परिवार के साथ महादेव निवासी रहते हैं उन्होंने बताया कि गुरुवार को सुबह 9:00 बजे एट बारात में चला गया था सुबह सूचना मिली तो 1:00 बजे लौटकर शुक्रवार को पहुंचा तो देखा घर में सब आज सुबह पड़ा है और लाखों रुपए की चोरी हो गई। कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बारात में एटा चले गए थे गुरुवार को सुबह 9:00 बजे घर से निकल गए थे। शुक्रवार 1:00 बजे वापस आए हैं रात में चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर लगभग 8 लाख का नगदी जेवर आदि उठाने के साथ ही मोबाइल सैमसंग कंपनी का भी उठा ले गए हैं उन्होंने बताया कि गांव छोड़कर शहर में इसलिए रह रहे थे कि यहां पुलिस नजदीक है सुरक्षा मिलेगी लेकिन यहां तो गांव से भी बदतर हालत है पड़ोसियों को कोई पता नहीं हमारे घरों में लाखों की चोरी हो गई है पुलिस प्रशासन सुबह आया था घूम कर टूटे ताला उठा कर लेकर चले गए लेकिन कहीं पर भी कोई भी उच्च अधिकारियों द्वारा अभी तक हमारे मकान तक नहीं पहुंचा है योगी जी की सरकार को बदनाम के लिए करने के



लिए यहां का पुलिस प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है सुभानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट रहने वाले लोगों का आक्रोश है कि पुलिस कभी भी यहां पर देखने तक नहीं आती है पुलिस आई और खाना पूरी करके चली गई कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि दोनों प्रार्थना पत्र मिले है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बिल्हौर, ककवन, कल्याणपुर, चौबेपुर शिवराजपुर ब्लॉक के सामूहिक विवाह में 135 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हांथ

* बिल्हौर और ककवन में 70 और चौबेपुर शिवराजपुर कल्याणपुर में 65 जोड़ों का हुआ विवाह

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर व चौबेपुर ब्लॉक के परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार को बिल्हौर ब्लाक परिसर और चौबेपुर ब्लाक परिसर में विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिल्हौर में 70 और चौबेपुर में 65 जोड़ों का विवाह कराया गया और उपहार भेंट किए गए। बिल्हौर ब्लाक परिसर बिल्हौर और ककवन विकासखंड के संयुक्त रूप से आयोजित हुए विवाह कार्यक्रम में पांच अल्पसंख्यक जोड़ों सहित बिल्हौर के 40 और ककवन के 30 जोड़ों का विवाह कराया गया। जबकि एक जोड़ा कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ। वहीं चौबेपुर ब्लाक परिसर में चौबेपुर और शिवराजपुर तथा कल्याणपुर विकासखंड के संयुक्त रूप से आयोजित हुए विवाह कार्यक्रम में तीनो विकासखंडों के 65 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। चौबेपुर पांच जोड़े कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। वर और वधू के मध्य जयमाल कार्यक्रम के उपरांत सभी हिंदू मुस्लिम जोड़ों का उनके धार्मिक रीति रिवाज से विवाह कराया गया और उपहार भेंट किए गए। इस मौके पर नाम बताओ जिला विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह व ब्लाक बिल्हौर प्रमुख मनोरमा कठेरिया, ककवन प्रतिनिधि इं विनय यादव, शिवराजपुर शुभम वाजपेई, चौबेपुर राजेश शुक्ला, कल्याणपुर अनुराधा अवस्थी व बीडीओ बिल्हौर दिनेश वर्मा, ककवन शिवनरेश, चौबेपुर एसएन कश्यप, समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र कुमार समाज कल्याण अधिकारी शिवेंद्र कटियार एडीओ राजवीर कटियार ग्राम विकास अधिकारी बाबू सिंह यादव, प्रशांत बाजपेई, महेंद्र आदि। सहित सभी ब्लॉक कर्मी और क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किशोरी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला आरोपी गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बिठूर थाना क्षेत्र के नारामऊ में बीती बुधवार शाम साजन सोनकर की तीन बेटियों में सबसे बड़ी बेटी गीतांजली सोनकर उम्र 15 वर्ष ने घर की दूसरी मंजिल पर बने टीन शेड में रस्सी के सहारे फांसी का फंदा लगा जान दे दी। इसी मामले में परिजनों द्वारा बिठूर पुलिस को दी गई तहरीर के माध्यम से आरोप लगाते हुए बताया गया कि गांव के ही सुमित सोनकर के द्वारा उनकी बेटी को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया गया था, आरोपी के खिलाफ बिठूर थाने में धारा 306 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद लगातार बिठूर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी बीते दिन बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह व चौकी इंचार्ज मंधना अमित मलिक द्वारा एक निजी अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## रबर फैक्ट्री में लगी भीषण आग लाखों का माल जलकर खाक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना गोविन्द नगर क्षेत्र अंतर्गत एक रबर फैक्ट्री में गुरूवार/शुक्रवार की बीती देर रात आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप धारण कर लिया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी फैल गयी। रबर फैक्ट्री में लगी भीषण आग की लपटे दूर से दिखाई देने लगी। मौके पर जो लोग फैक्ट्री में उपस्थित थे वह बाहर निकल आये और उन्होने पुलिस तथा दमकल विभाग को आग की सूचना दी। जहां गोविन्द नगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तो वहीं दमकल विभाग की गाडी टीम



सहित पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगी। बताया जाता है कि लगभग तीन घंटे की कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग के कारण हुए नुकसान का अभी तक कोई आंकलन नही लगाया जा सका, तो वहीं आग लगने के कारण भी अभी तक स्पष्ट नही हो पाये है।

## हैलट अस्पताल की छतों में लगेंगे सोलर पैनल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के हैलट अस्पताल में गणेश शंकर विधार्थी सुपर स्पेशियलिटी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट तथा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेंज की ही भांति सोलर पैनल लगाकर बिजली का उत्पादन किया जायेगा, यह सोलर पैनल एलएलआर अस्पताल के विभिन्न विभागों की खाली पड़ी छतों पर लगाये जायेगे, सोलर पैनल लग जाने से यहां चौबीस घंटे बिजली मिल सकेगी। एलएलआर हॉस्पिटल की खाली पड़ी छतों में सोलर पैनल लगाकर बिजली का उत्पादन किया जायेगा, इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो0संजय काला ने बताया कि इस पूरी योजना के क्रियानवयन के लिए मेडिकल कॉलेज द्वारा प्रशासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है। सोलर पैनल के लगने पर इससे डेढ़ हजार किलोवाट बिजली उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया है। एमओयू साइन होने के तत्काल बाद कार्य शुरू कर दिया जायेगा तथा अस्पताल की खाली पड़ी छतों पर सोलर पैनल को लगाया जायेगा। उन्होने बताया कि वर्तमान में यदि बिजली किसी कारणवश चली जाती है तो जनरेटर का उपयोग किया जाता है। सोलर पैनल व्यवस्था हो जाने के बाद अस्पताल को 24 घंटे बिजली की व्यवस्था होगी तो वहीं बिजली विभाग पर से भी निर्भरता समाप्त हो जायेगी।

## अपर श्रमायुक्त को मिला जल प्रहरी अवार्ड



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जल ही जीवन है और इस धरती की संपूर्ण प्रकृति व प्राणी जल के कारण ही गतिमान है, जल है तो सब कुछ है, जलाभिषेक का अभियान चलाने वाली अपर श्रमायुक्त सौम्या पाडें को दिल्ली में आयोजित एक समारोह के दौरान जल प्रहरी अवार्ड से विभूषित किया गया। अपर श्रमायुक्त ने कानपुर देहात में मुख्य विकास अधिकारी पद पर पदासीन रहते हुए जल संरक्षण के लिए सराहनीय कार्य किया था।
अपर श्रमायुक्त सौम्या पांडे द्वारा जलाभिषेक कार्यक्रम का संचालन करते हुए 12,700 लीटर पानी का संरक्षण किया गया था और उसे पानी से वृक्षारोपण, तालाबों को सुन्दरीकरण आदि कार्य किए गऐ थे। यह अभियान जल संरक्षण के लिए एक वरदान से कम साबित नही हुआ और इस अभियान का आम जनमानस पर भी खासा असर पड़ा था,दिल्ली में आयोजित एक समारोह में अपर श्रमायुक्त सौम्या पांडे को जल प्रहरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम जल शक्ति मंत्रालय नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में आयोजित किया गया था। अपर श्रमायुक्त ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हे अपने लक्ष्य के लिए और प्रोत्साहित करेगा।

## प्रत्येक कर्मचारी को स्वच्छता के लिए होना पड़ेगा सजग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। आयुध निर्माणी कानपुर एवं अरमापुर स्टेट में 1 दिसंबर से प्रारंभ हुआ स्वच्छता अभियान शुक्रवार को स्वच्छता के प्रति सजग रहने वाले निबंध लेखन के विजेता कर्मचारियों आयुष श्रीवास्तव, वर्षिता मिश्रा, पंकज कुमार को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान आयुध निर्माणी के कार्यकारी निर्देशक अजय सिंह के नेतृत्व तथा देखरेख में आयुध निर्माणी एवं अरमापुर स्टेट में विशेष मुहिम चलाकर स्वच्छता जागरूकता रैली, वृक्षारोपण, कीट नाशक दवाइयां का छिड़काव तथा साफ सफाई एवं स्क्रैप डिस्पोजल जैसे कार्य प्रमुखता के साथ संपन्न कराए गए। कार्यक्रम समापन के अवसर पर आयुध निर्माणी के मुख्य अतिथि अजय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी कर्मचारी अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें, जिससे होने वाले संक्रमण से बचा जा सके। यह एक व्यक्ति का काम नहीं बल्कि सारे कर्मचारी को सफाई के प्रति सजग रहना होगा। तभी हमारा राष्ट्र स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छ भारत मुहिम के संकल्प पर आगे बढ़ सकेगा।

## सड़कों के हाल बेहाल, चलने वाली जनता की जान राम भरोसे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सरकार कोई भी हो और जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सख्त हो, लेकिन कार्य तो नीचे के अधिकारियों और कर्मचारियों को ही करना होता है और सरकारी विभाग के कार्य किस प्रकार होते हैं यह किसी से छिपा नही है, वर्तमान में शहर और उसके किनारे के क्षेत्रों में सड़कों की दुर्दशा है, सड़कों पर जहां बड़े-बड़े गडढे है तो कहीं गिट्टियां बिछाकर कर्मचारी गायब हो गये है और आधा-अधूरा काम अब राहगीरों के लिए खतरा बन चुका है। बतातें चलें कि खराब सड़कों पर पैचवर्क के लिए नगर आयुक्त द्वारा बीते माह निर्देश जारी करते हुए कहा गया था कि सात दिनों के अंदर पैचवर्क का काम पूरा करा लिया जाये। नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन ने अभी तक हुए 40 प्रतिशत पैचवर्क के कार्यो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जोनल अभियंताओं को यह आदेश दिया था कि यदि सात दिनों में पैचवर्क नही हुआ तो कार्यवाई की जायेगी। इस आदेश के आज 15 दिन से ज्यादा हो गये है लेकिन सडकों पर अभी भी पैचवर्क का काम नही किया जा रहा है। सबसे बुरी दशा कानपुर के किनारे के क्षेत्रों की है, जहां आबादी अधिक है लेकिन सड़कों की बड़ी दुर्दशा है। आये दिन सडकों पर वाहन चालक और राहगीर चुटहिल होते है। न्यू आजाद नगर बाजार, सतबरी, यशोदानगर रोड, गंगापुर रोड सहित सभी क्षेत्रों में गडढायुक्त सड़कें खतरनाक हो चुकी है। जिन सड़कों के गडढों पर गिटटी भरी जा चुकी है वहां अभी तक पैचवर्क नही किया जा रहा है। न्यू आजाद नगर से भीम चौराहा जाने वाली सड़क पर गडढो में गिटटी डालकर कर्मचारी पैचवर्क का पूरा कार्य करना शायद भूल गये और मोड होने के कारण इस सडक पर रोजाना हादसे होते रहते है। अब देखना यह है कि कम आम जनता की समस्या को नगर आयुक्त पुनः संज्ञान में लेंगे और पैचवर्क का कार्य समयावधि में पूर्ण न कराने वाले अधिकारियों और न करने वाले कर्मचारियों पर क्या कार्यवाई करेंगें।

## राजकपूर का 99वां जन्म दिवस समारोह मनाया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



ऑल इण्डिया फिल्म्स एण्ड फ्रेटरनिटी एसोसिएशन के तत्वावधान मे शुक्रवार को भारतीय सिनेमा के शोमैन निर्माता, निर्देशक, कलाकार राज कपूर का 99वां जन्म दिवस वन मैन वन शो मनाया। इस कार्यक्रम के द्वारा सभी ने स्वर्गीय राजकपूर की फिल्मों के गीतों के द्वारा श्रद्धांजलि भेंट की, संस्था के अध्यक्ष निर्माता निर्देशक भानु प्रकाश शुक्ल ने ओ महबूबा, दोस्त दोस्त ना रहा, मेरे टूटे हुए दिल से, जाने कहां गए वो दिन व सोनी सक्सेना के साथ झूठ बोले कौआ काटे, रमैया वस्तावैया आदि गीतों से सभागार को राजकपूर मय बना दिया। गायक मोहन सक्सेना ने दुनिया बनाने वाले और बी के भारद्वाज ने यह मेरा प्रेम पत्र पढ़कर, नाराज न होना गीत गाकर अपने अपने चहेते कलाकार को गीतो के माध्यम से याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था के द्वारा सभी को कलाकारो व दिलीप कुमार मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। गया। इस मौके पर संस्था के संरक्षक सुरेश सचान ने राज कपूर जी को याद करतें हुए कहा की वो एक निर्देशक और कलाकार ही नहीं अपितु एक सोच थे जो आज भी सभी सिनेमा प्रेमियों के अंदर जगह बनाए हुए हैं। संस्था के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने उनके क्लेपर ब्वॉय से निर्देशक तक के सफर को बयां किया। एंटी करप्शन फाउंडेशन आफ इडिया के डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज दिलीप कुमार मिश्रा ने सभी कलाकारों के प्रोत्साहन के लिए आगे भी ऐसी ही कार्यक्रम किए जायेंगे, जल्द ही नये वर्ष मे एक शानदार कार्यक्रम की योजना बनाई।

## राज्यसेतु निगम के सहायक अभियंता ने निरीक्षण कर पैचवर्क कराने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। बैराज मार्ग पर क्षतिग्रस्त सड़क के कारण आये दिन दोपहिया वाहन सवार चुटहिल हो रहे थे, इसके साथ ही दिन में कई बार भीषण जाम लग रहा था। रविवार को राज्यसेतु निगम के सहायक अभियंता ने निरीक्षण कर पैचवर्क कराने के निर्देश दिये थे। गुरुवार को बैराज मार्ग के सर्विस लेन के गड्ढों को भरने का काम शुरू करा दिया गया है। गुरुवार को जेसीबी से बड़े-बड़े गड्ढों को भरने का काम कराया गया। जिसके बाद शुक्रवार को गड्ढों में डामरीकरण कराया गया। जिससे वाहन सवार फर्राटा भरते नजर आये। वहीं रेलवे विभाग के परिक्षेत्र में आने वाली क्षतिग्रस्त सड़क का पैचवर्क रेलवे की ओर से कराया जायेगा। जिससे वहां अभी वाहन सवारो को हिचकोले खाने पड़ेंगे।

# शीतकालीन सत्र के 10वें दिन काम नहीं, सोमवार तक स्थगित

## सोनिया 14 निलंबित सांसदों से मिलीं, जेडीयू बोली, आरोपी मुस्लिम होते तो भाजपा हंगामा करती

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर सत्र के 10वें दिन (15 दिसंबर) दोनों सदनों में कामकाज ठप रहा। विपक्षी दलों ने लगातार दूसरे दिन लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा किया। विपक्ष ने गृह मंत्री अमित शाह के सदन में बयान और इस्तीफे की मांग की। दोनों सदनों की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई। स्पीकर ओम बिड़ला जैसे ही कुर्सी पर बैठे, हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष के सांसद वेल तक पहुंच गए। हंगामे के चलते लोकसभा 11.02 बजे और राज्यसभा 11.09 मिनट पर 2 बजे तक के लिए स्थगित हो गई। जब 2 बजे दोनों सदनों में कार्यवाही शुरू हुई तो फिर हंगामा हुआ। इसके बाद कार्यवाही सोमवार 18 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले, शुक्रवार को सदन के बाहर गांधी प्रतिमा के सामने विपक्ष के 14 निलंबित सांसदों (13 लोकसभा और 1 राज्यसभा) ने प्रदर्शन किया। इनका कहना था कि दोनों सदनों में विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। सोनिया गांधी ने इन सांसदों से मुलाकात की।



### निलंबन के खिलाफ विपक्षी सांसदों का विरोध प्रदर्शन

सांसदों के निलंबन के खिलाफ विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। बता दें कि एक दिन पहले 14 संसद सदस्यों को निलंबित किया गया है।

### निलंबन के खिलाफ ओ'ब्रायन का मौन विरोध प्रदर्शन

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के डेरेक ओ ब्रायन को गुरुवार को राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। जबकि कांग्रेस के नौ और द्रमुक की कनिमोई सहित 13 विपक्षी सांसदों को लोकसभा से निलंबित कर दिया गया था। ओ'ब्रायन ने टी-शर्ट पहनकर विपक्षी सांसदों का साथ देते हुए कहा कि वह मौन विरोध पर हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी प्रदर्शनकारियों के प्रदर्शन में शामिल हुईं।

### किसने क्या कहा?

- **कनिमोझी (डीएमके):** भाजपा बार-बार कह रही है कि केवल वे ही हैं, जो देश की रक्षा कर सकते हैं, लेकिन वे संसद की भी रक्षा नहीं कर पा रहे। प्रधानमंत्री वहां अंदर हो सकते थे। संसद में वे अपने ही प्रधानमंत्री की रक्षा नहीं कर सके और फिर कह रहे हैं कि हम इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं...। जो कुछ भी हुआ, उसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।
- **मनिकम टैगोर (कांग्रेस):** भारत गठबंधन के सभी सांसद एकजुट हैं और कल हम सभी को अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबित कर दिया गया। हम गांधी प्रतिमा के सामने मौन प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध जारी रखेंगे।
- **राजीव शुक्ला (कांग्रेस):** संसद सदस्यों को निलंबित किया जा रहा है और सदन छोड़ने के लिए कहा जा रहा है। अब विपक्ष के पास क्या बचा है? लोग सदन में बोलने के लिए विपक्ष को चुनते हैं।
- **प्रह्लाद जोशी (संसदीय कार्य मंत्री):** स्पीकर ने जो भी निर्देश दिए हैं, सरकार उनका अक्षरशः पालन कर रही है। मामला कोर्ट में भी है, हाईलेवल जांच चल रही है। विपक्ष को जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करना चाहिए।

### हाथों में तख्तियां लेकर किया सांसदों ने प्रदर्शन

निलंबित सांसदों के हाथों में तख्तियां हैं। इन तख्तियों पर लिखा है कि उन्हें बोलने के लिए निलंबित कर दिया गया जबकि दोषी भाजपा सांसद खुलेआम घूम रहे हैं। कांग्रेस घुसपैठियों को आगंतुक पास मुहैया कराने वाले भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रही है। प्रदर्शन कर रहे सांसदों ने यह भी मांग की कि उनका निलंबन वापस लिया जाए।

### निलंबन-निष्कासन इस सरकार में नई बात नहीं: हिबी ईडन

लोकससभा से निलंबित सांसदों में से एक हिबी ईडन ने कहा, निलंबन और निष्कासन इस सरकार के लिए कोई नई बात नहीं है। पिछले हफ्ते (तृणमूल कांग्रेस नेता) महुआ मोइत्रा को निष्कासित कर दिया गया। इस हफ्ते घुसपैठियों के लिए पास जारी करने वाले मैसूर के भाजपा सांसद खुलेआम घूम रहे हैं। मुझे और मेरे सहयोगियों को भारत के लोगों की आवाज उठाने के लिए निलंबित किया गया है। यह (संसद में सुरक्षा पर चर्चा) एक बहुत ही वास्तविक मांग है कि गृह मंत्री और प्रधानमंत्री को संसद में बोलना चाहिए। विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

### द्रमुक सांसद पार्थिबन का वापस लिया गया निलंबन

निलंबित सांसदों में द्रमुक के एसआर पार्थिबन का भी नाम है। लोकसभा ने बाद में उनका निलंबन वापस ले लिया क्योंकि वह सदन में मौजूद नहीं थे और गलती से उनका नाम शामिल हो गया था। राज्यसभा में ओ ब्रायन को निलंबित कर दिया गया था और बाद में निलंबन के बाद सदन में रहने के लिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया गया था।

# चंद्रयान-3 बस एक शुरुआत, 2040 तक इंसान को चांद पर भेजेगा भारत: केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि चंद्रयान-3 सिर्फ एक शुरुआत है और भारत ने वादा किया है कि वह 2040 तक इंसान को चांद पर भेजेगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज हम इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि अंतरिक्ष क्षेत्र को समर्थन दिया जाएगा। साथ ही 2047 तक देश के विकसित बनने की परिकल्पना की गई है।

### क्या है भारत का गगनयान मिशन

बता दें कि इसरो के गगनयान मिशन में तीन सदस्यों वाले क्रू को अंतरिक्ष में भेजने की परिकल्पना की गई है। क्रू को पृथ्वी की कक्षा में 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर भेजा जाएगा। यह मिशन तीन दिन का होगा और उसके बाद क्रू के सदस्यों को सुरक्षित धरती पर वापस लाया जाएगा और उनकी समुद्र में सुरक्षित लैंडिंग कराई जाएगी। ऐसा करते ही भारत दुनिया का चौथा ऐसा देश बन जाएगा, जिसने अंतरिक्ष में इंसानों को भेजा हो। भारत से पहले अमेरिका, रूस और चीन यह कारनामा कर चुके हैं। भारत का लक्ष्य है कि 2040 तक गगनयान मिशन को अंतरिक्ष में लॉन्च कर दिया जाए।

### इसरो को मिली बड़ी सफलता

गगनयान मिशन के तहत कुल तीन अंतरिक्ष मिशन भेजे जाएंगे। इनमें से दो मिशन मानवरहित होंगे और एक मिशन मानव युक्त होगा। बता दें कि हाल ही में चंद्रयान-3 के प्रोपेल्शन मॉड्यूल को चंद्रमा की कक्षा से वापस पृथ्वी की कक्षा में वापस लाया गया। मानव मिशन के लिए यह परीक्षण बेहद अहम था। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसके लिए इसरो को बधाई दी। बता दें कि चंद्रयान-3 मिशन को 14 जुलाई 2023 को लॉन्च किया गया था और 23 अगस्त 2023 को इसके विक्रम लैंडर ने चांद की सतह पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। भारत का चंद्रयान-3 मिशन सफल रहा।

# शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर 10 जनवरी तक करें फैसला: सुप्रीम कोर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महाराष्ट्र की सियासत के लिए एक बार फिर बड़ी खबर सामने आ रही है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नारवेकर को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के शिवसेना विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिका पर फैसला लेने के लिए थोड़ा और समय दे दिया है। पहले 31 दिसंबर तक का समय दिया गया था, जिसे अब बढ़ाकर 10 जनवरी कर दिया है। बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने 17 अक्तूबर को नार्वेकर को पार्टी में विभाजन के बाद एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करने वाली शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों द्वारा दायर याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए समय सीमा देने का मौका दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द से जल्द फैसला आना चाहिए।

# पचास हजार करोड़ रुपये के ड्रग्स किए गए जब्त, देवेंद्र फडणवीस ने सदन में दी जानकारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नागपुर



महाराष्ट्र विधानसभा सत्र के दौरान सदन में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नशे से जुड़े आंकड़ों को पेश किया है। विधानसभा में चर्चा के दौरान देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र पुलिस ने बीते दिनों राज्य में लगभग पचास हजार करोड़ की दवाएं जब्त की है। शिवसेना(यूबीटी) विधायक रवींद्र वायकर के सवाल का जवाब देते हुए यह जानकारी दी। बता दें मुंबई पुलिस ने हाल ही में 300 करोड़ रूपये मूल्य का 151 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया था। कई छापेमारी के दौरान कई शहरों से 12 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन छापेमारी में नासिक जिले के एमआईडीसी शिंदे गावं में एक कारखाने में छापेमारी भी शामिल थी। विधानसभा सत्र के दौरान पुलिस ने मुंबई में दो 2,200 छोटी दुकानों पर नज़र रखी है। साथ ही कई दुकानों पर कार्रवाई करते हुए नशे से जुड़ी दवाएं हटाई गई। विधानसभा में सवालों का जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार आयात किए जा रहे हर उन रसायनों पर नजर रख रही है, जिनका इस्तेमाल नशे पदार्थ के लिए इस्तेमाल की जाती है। हमने यह भी पाया है कि बंद फैक्ट्री साइटों का इस्तेमाल दवा उत्पादन के लिए किया जा रहा है।मुंबई पुलिस द्वारा 300 करोड़ रुपये की नशीली दवाओं के भंडाफोड़ के बाद, विपक्ष और सत्ता पक्ष ने मुख्य आरोपी ललित पाटिल को लेकर एक-दूसरे पर निशाना साधा है।

# महुआ की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 3 जनवरी को

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कैश-फॉर-क्वेरी मामले में लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस पार्टी की नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई 3 जनवरी 2024 तक के लिए स्थगित कर दी है। जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच के सामने मामले को रखा गया। इसके बाद इसे जनवरी तक के लिए टाल दिया गया। मोइत्रा ने बुधवार को अपनी याचिका पर जल्द से जल्द सुनवाई का अनुरोध किया था। इसके बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आश्वासन दिया था कि शीर्ष अदालत तत्काल सूचीबद्ध करने के अनुरोध पर विचार करेगी। पिछले हफ्ते मोइत्रा को पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। मोइत्रा ने उनके निष्कासन की सिफारिश करने वाली लोकसभा की आचार समिति पर पर्याप्त सबूत के बिना फैसले लेने और मनमानी का आरोप लगाया है। महुआ मोइत्रा ने अपनी याचिका में अयोग्यता को चुनौती देने के साथ आचार समिति के निष्कर्षों पर चर्चा के दौरान लोकसभा में खुद का बचाव करने की अनुमति नहीं दिए जाने की बात कही है।

# दस साल के दमन से आजादी के लिए लोगों ने दिया फैसला: राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद



शुक्रवार को तेलंगाना विधानसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल तमिलसाई सुंदरराजन ने कहा कि 10 साल के दमनकारी शासन से आजादी के लिए तेलंगाना के लोगों ने हालिया विधानसभा चुनाव में अपना फैसला दिया। राज्यपाल ने कहा कि सरकार अपने हर वादे को पूरा करेगी। बता दें कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद पहला विधानसभा सत्र आयोजित हो रहा है।

### 'निरंकुश शासन से आजाद हुआ तेलंगाना'

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि साल 2023 इतिहास में तेलंगाना में नई शुरुआत के लिए याद किया जाएगा। लोग बदलाव महसूस भी कर रहे हैं। तेलंगाना आजादी की ताजी हवा में सांस ले रहा है और अब राज्य निरंकुश शासन और तानाशाही प्रवृति से आजाद हो गया है। तेलंगाना के चार करोड़ लोगों की तरफ से तेलंगाना सरकार श्रीमति सोनिया गांधी को धन्यवाद देती है क्योंकि यूपीए की अध्यक्ष रहते हुए सोनिया गांधी ने तेलंगाना के गठन में अहम भूमिका निभाई थी। राज्यपाल ने कहा कि मौजूदा सरकार उन सभी पार्टियों, नेताओं, तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह को धन्यवाद देती है, जिन्होंने 2014 में नया राज्य तेलंगाना बनाया और लोगों की लंबे समय से अधूरी इच्छा को पूरा किया।

### श्वेत पत्र लाएगी सरकार

विधानसभा सत्र के दौरान तेलंगाना के गठन के दौरान बलिदान देने वाले शहीदों को भी श्रद्धांजलि दी गई। राज्यपाल ने अपने संबोधन में पूर्व की सरकार पर वित्तीय अनियमिताएं बरतने और खराब प्रशासन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम हर विभाग की वित्तीय स्थिति को लोगों के सामने रखेंगे और इसे लेकर श्वेत पत्र जारी करेंगे ताकि सरकार के कामकाज में पूरी पारदर्शिता रहे। राज्यपाल ने कहा कि सत्ताधारी कांग्रेस की छह गारंटियों को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। सरकार बनने के 48 घंटे के भीतर छह गारंटियों में से दो वादे लागू कर दिए गए हैं, जिसके तहत राज्य में महिलाएं सरकारी बस सेवा में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। साथ ही गरीब परिवारों को राजीव आरोग्य श्री योजना 10 लाख रुपये तक का इलाज कराने की सुविधा मिलेगी।

### ये किए थे कांग्रेस ने वादे

बता दें कि कांग्रेस ने अपनी छह गारंटियों में महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त बस सेवा और 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर देने, रायथु भरोसा योजना के तहत किसानों और किराए पर जमीन लेकर खेती करने वाले किसानों को सालाना 15 हजार रुपये प्रति एकड़ देने, गृह ज्योति योजना के तहत 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने, इंद्रम्मा योजना के तहत जिन लोगों के पास मकान नहीं है उन्हें मुफ्त प्लॉट और मकान बनाने के लिए 5 लाख रुपये देने का एलान किया था। साथ ही कांग्रेस ने युवा विकासम योजना के तहत छात्रों को 5 लाख रुपये का विद्या भरोसा कार्ड और चेयुथा योजना के तहत परिवार को 4000 रुपये प्रति माह की पेंशन देने का एलान किया था।

# ईरान ने 33 देशों के नागरिकों के लिए खत्म की वीजा बाध्यताएं, सूची में भारत का नाम भी शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेहरान



ईरान ने 33 देशों के नागरिकों के लिए कई वीजा बाध्यताएं खत्म करने का एलान किया है। जिन देशों के नागरिकों के लिए वीजा बाध्यताएं खत्म की गई हैं, उनमें भारत भी शामिल है। ईरान सरकार के इस कदम का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना है ताकि ज्यादा से ज्यादा विदेशी नागरिक ईरान घूमने आ सकें। ईरान के संस्कृति मंत्री, पर्यटन और हस्तशिल्प मंत्री एजातुल्ला जारगामी ने यह जानकारी दी।

### इन देशों के नागरिकों को मिलेगी सुविधा

एजातुल्ला जारगामी ने कहा कि पर्यटन बढ़ाने का साथ ही ईरान को लेकर जो माहौल बनाया जाता है, उसे भी खत्म करना इस फैसले का उद्देश्य है। बता दें कि जिन 33 देशों के नागरिकों के लिए वीजा बाध्यताएं खत्म की गई हैं, उनमें भारत, रूस, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, लेबनान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, ट्यूनिशिया, तंजानिया, जिम्बाब्वे, मॉरीशस, सेशेल्स, इंडोनेशिया, ब्रूनेई दारुसलाम, जापान, सिंगापुर, कंबोडिया, मलेशिया, वियतनाम, ब्राजील, पेरु, क्यूबा, मैक्सिको, वेनेजुएला, बोस्निया और हर्जेगोविना, सर्बिया, क्रोएशिया और बेलारूस का नाम शामिल है।

### ईरान में पर्यटकों की संख्या में आया उछाल

बता दें कि ईरान ने जिन देशों को नागरिकों को सुविधा दी है, उनमें पाकिस्तान का नाम शामिल नहीं है। ईरान तुर्किए, अजरबैजान, ओमान, चीन, अर्मेनिया, लेबनान और सीरिया के लोगों को पहले ही वीजा बाध्यताएं खत्म करने की सुविधा दे चुका है। ईरानी मीडिया के अनुसार, ईरान में इस साल पर्यटकों की संख्या में पिछले साल के मुकाबले 48 फीसदी का उछाल आया है और यह 44 लाख के आंकड़े तक पहुंच गई है।

# सुनवाई के लिए आए कैदी 'छोटे सरकार' की कोर्ट परिसर में हत्या, दो अपराधी को पकड़ा



**अपराधियों ने कैदी को बैक टू बैक 6 गोलियां मारी**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

पटना के दानापुर सिविल कोर्ट में शुक्रवार दिनदहाड़े अपराधियों ने एक कैदी की गोली मारकर हत्या कर दी। कैदी बेऊर जेल से पेशी के लिए दानापुर कोर्ट आया था। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने कैदी को बैक टू बैक 6 गोलियां मारी। गोली लगते ही कैदी जमीन पर गिर गया। जबतक लोग उसे अस्पताल लेकर जाते तब तक उसकी मौत हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच दिनदहाड़े गोलीबारी से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई।

### दो अपराधियों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने पकड़ा

इधर, घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहे दो अपराधियों को स्थानीय लोग और पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों युवकों के पास से हत्या में प्रयुक्त किए गए पिस्टल को भी जब्त कर लिया है। सूचना पाकर दानापुर पुलिस मौके पर पहुंची घटनास्थल से गोली के चार खोखे बरामद किए हैं। घटना की पुष्टि दानापुर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी ने की है।

### छोटे सरकार पर 16 मामले दर्ज थे, आज पेशी के लिए आया था

बताया जा रहा है कि छोटे सरकार पर राजधानी पटना के आसपास के कई थानों में 16 मामले दर्ज हैं। छोटे सरकार को पुलिस ने 3 जुलाई 2022 को गिरफ्तार कर पटना के बेऊर जेल भेज दिया था। तब से छोटे सरकार पटना के बेउर जेल में बंद है। शुक्रवार को दानापुर के एडीजी एक और तीन में पेशी के लिए कैदी वाहन से पटना के बेउर जेल से दानापुर के व्यवहार न्यायालय भेजा गया था। शुक्रवार दोपहर जैसे ही छोटे सरकार दानापुर व्यवहार न्यायालय पहुंचा। वैसे ही पूर्व से घात लगाए दो अपराधियों ने छोटे सरकार पर ताबड़तोड़ कई गोलियां दाग दी। गोली लगते ही छोटे सरकार वहीं गिरकर छटपटाने लगा। घटना को अंजाम देकर भाग रहे दोनों अपराधियों को स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से खदेडकर कर पकड़ लिया गया। लोगों ने इसकी सूचना दानापुर थाने को दी। सूचना मिलते ही दानापुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# दिल्ली में पारा 5 डिग्री, यहां शिमला से ज्यादा ठंड

**एमपी-राजस्थान में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री, छत्तीसगढ़ में ओस जमी**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बीते कुछ दिनों से जारी बर्फबारी के चलते पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित अन्य राज्यों में ठंड बढ़ गई है। दिल्ली में शुक्रवार को सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में शिमला से भी ज्यादा ठंड है। शिमला में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, हरियाणा का हिसार भारत के मैदानी इलाकों में सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। भारत के अधिकांश हिस्सों में ठंड के कारण विजिबिलिटी 500 मीटर से भी कम रही। एमपी-राजस्थान के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से कम रहा। छत्तीसगढ़ के सरगुजा में ओस

### दिल्ली-पंजाब में घना कोहरा, यूपी, एमपी में भी कोहरे की चादर

मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली के लोधी रोड, आयानगर, कर्तव्य पथ सहित कई इलाकों में घना कोहरा भी छाया रहा। पंजाब के अमृतसर में भी घने कोहरे की चादर छाई रही। यहां पर मिनिमम टेम्प्रेचर 6 डिग्री सेल्सियस रहा। कोल्ड वेव के चलते अमृतसर में जगह-जगह अलाव जल रहे हैं। मौसम विभाग ने कहा कि हरियाणा, चंडीगढ़, यूपी, एमपी, बिहार,असम, मेघालय, उत्तरी राजस्थान और त्रिपुरा में भी मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा। दिल्ली में अगले चार दिन तक हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान है। इस सप्ताह के दौरान इन सभी इलाकों के तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव की उम्मीद नहीं है। हालांकि, अगले सप्ताह से देश के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में गिरावट की उम्मीद है।

### दिल्ली की हवा में मामूली सुधार

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली में 14 दिसंबर को एक्यूआई बहुत खराब (326) रहा। शुक्रवार को इसमें सुधार हुआ है। जिससे यह बहुत खराब से खराब की लिस्ट में आ गया है। बता दें कि 0 और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच हल्का, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# पंजाब में बिजली उपभोक्ताओं को लग सकता बड़ा झटका, 11 प्रतिशत तक महंगी हो सकती हैं बिजली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटियाला

पंजाब में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा झटका लग सकता है। पंजाब में बिजली की दरें 11 प्रतिशत तक बढ़ाने की तैयारी है। पावरकॉम ने पंजाब राज्य विद्युत नियामक आयोग को भेजी अपनी एनुअल रेवन्यू रिक्वायरमेंट रिपोर्ट (एआरआर) में इस संबंध में प्रस्ताव दिया है। आयोग की ओर से इसे जल्द हरी झंडी दी जा सकती है। हालांकि, पावरकॉम के अधिकारी तर्क दे रहे हैं कि 2010 में पावरकॉम के गठन के बाद से बीते 15 सालों में बिजली की दरों में की जाने वाली यह सबसे कम बढ़ोतरी होगी। साथ ही अधिकारियों का कहना है कि घरेलू उपभोक्ताओं को पहले ही 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है और खेतीबाड़ी सेक्टर को भी मुफ्त मिल रही है। ऐसे में बिजली दरों का ज्यादा असर कारोबारियों व उद्योगपतियों पर ही पड़ेगा। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक पावरकॉम का कुल संचित राजस्व घाटा 5400 करोड़ होगा। इस घाटे का प्रमुख कारण साल 2021 में चुनाव के मद्देनजर तत्कालीन चन्नी सरकार की ओर से बिजली दरों में एक फीसदी की कटौती करना और इसके बाद मान सरकार की ओर से साल 2022 में बिजली की दरों में कोई वृद्धि न किया जाना है, जिससे वित्तीय साल 2022-23 में पावरकॉम को करीब 6300 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा पड़ा।

### तनखाह का खर्च 1700 करोड़ बढ़ा

साल 2022-23 में देशभर में कोयले का संकट रहा, जिसके चलते बाहर से कोयला मंगवाने के कारण बिजली खरीद कीमत 4000 करोड़ रुपये तक बढ़ी। ट्रांसमिशन चार्जेज में भी 600 करोड़ रुपये की वृद्धि रही। इसके साथ ही छठे वेतन आयोग को लागू करने के चलते मुलाजिमों की तनख्वाहों का खर्चा 1700 करोड़ रुपये तक बढ़ गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)